

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



04 अमित शाह के इशारे पर पुलिस ने मेरी गाड़ी पर हमला ....

मै बाइडन की तरह अपने लोगों को माफी .... 12



वर्ष : 15 | अंक : 278 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 24 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 21°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

सोना 79,005

चांदी 92,500

सेंसेक्स 81,786

निफ्टी 24,668

## गणतंत्र दिवस : झांकी में मिसाइल, आर्टिलरी गन, रडार, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली दर्शाएगा डीआरडीओ

प्रात : किरण/ एजेंसी

नईदिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के साथ भारत को सशक्त बनाने और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के अभियान के तहत कर्तव्य पथ पर 76 वें गणतंत्र दिवस परेड में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अपने कुछ अग्रणी नवाचारों का प्रदर्शन करेगा। रक्षा मंत्रालय ने गुरूवार को यहां बताया कि डीआरडीओ की झांकी का विषय ह्यरक्षा कवच - बहु-क्षेत्रीय खतरों के खिलाफ बहु-स्तरीय संरक्षण है। इसमें त्वरित प्रतिक्रिया सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल, एयरबोर्न अर्ली वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम, 155 मिमी/52 कैल एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम, ड्रोन का पता लगाना, रोकना और नष्ट करना, सैटेलाइट-आधारित निगरानी प्रणाली, मध्यम शक्ति रडार - अरुध्रा, उन्नत हल्के वजन के टारपीडो, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली - धर्मशक्ति, लेजर-आधारित निर्देशित ऊर्जा हथियार, बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली, स्वदेशी मानव रहित हवाई प्रणाली, सुरक्षा बलों के लिए वी/यूएचएफ मैनपैक सॉफ्टवेयर परिभाषित रेडियो, स्वदेशी सुरक्षित सैटेलाइट फोन और उग्रम असॉल्ट राइफल को दिखाया जायेगा। इसके अलावा, डीआरडीओ की




2024 की प्रमुख उपलब्धियों को भी झांकी के पोस्टरों में प्रदर्शित किया जाएगा। इनमें लंबी दूरी की हाइपरसोनिक एंटी-शिप मिसाइल, हल्के वजन की बुलेट प्रूफ जैकेट ह्यअभेदह्न दिव्यास्त्र - कई स्वतंत्र रूप से लक्षित पुनः प्रवेश वाहन, जोरावर हल्का टैंक इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणाली, सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो और इलेक्ट्रो-ऑप्टिक (श्येन) के साथ डोर्नियर का रडार के साथ मिड-लाइफ अपग्रेड सम्मिलित है। डीआरडीओ सटीकता, आत्मनिर्भरता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए सतह से सतह पर मार करने वाली सामरिक मिसाइल प्रलय हथियार प्रणाली भी प्रदर्शित करेगा। इसे अत्याधुनिक तकनीकों के साथ डिजाइन और विकसित किया गया है जो इसकी ताकत को और बढ़ा देता है। परेड के दौरान विभिन्न सशस्त्र बलों की टुकड़ियों में डीआरडीओ द्वारा विकसित कई अन्य प्रणालियाँ - नाग मिसाइल सिस्टम, पिनाका, ब्रह्मोस, शॉर्ट स्पैन ब्रिजिंग सिस्टम 10 मीटर और आकाश हथियार प्रणाली प्रदर्शित की जाएंगी।

डीआरडीओ मुख्य रूप से मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड के लक्ष्य को साकार करने के लिए कई अत्याधुनिक सैन्य प्रणालियों और प्रौद्योगिकियों की प्रणाली परिभाषा, डिजाइन और विकास में लगा हुआ है। डीआरडीओ महत्वपूर्ण प्रणालियों को विकसित करने और आत्मनिर्भर भारत की भावना को मजबूत करने के लिए शिक्षाविदों, उद्योग, स्टार्ट-अप और सेवाओं सहित रक्षा इकोसिस्टम के सभी हितधारकों के साथ भागीदारी कर रहा है।

# कंफर्ट जोन से बचें, श्रेष्ठता, दक्षता पर फोकस करें युवा: पीएम मोदी

**मोदी ने नेताजी की जयंती पर ओडिशा के कटक में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम को वीडियो लिंक से संबोधित करते हुए कहा कि आज जब हमारा देश विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में जुटा है, तब नेताजी सुभाष के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। नेताजी के जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य था- आजाद हिंद। उन्होंने अपने संकल्प की सिद्धि के लिए अपने फैसले को एक ही कसौटी पर परखा- आजाद हिंद।**

प्रात : किरण/ एजेंसी



नईदिल्ली, 23 जनवरी (वेब वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए देश के युवाओं का आह्वान किया कि वे विकसित भारत के निर्माण के लिए आरामतलबी से दूर रह कर श्रेष्ठता, परिश्रम एवं दक्षता पर फोकस करके वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ हासिल करें। श्री मोदी ने नेताजी की जयंती पर ओडिशा के कटक में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम को वीडियो लिंक से संबोधित करते हुए कहा कि आज जब हमारा देश विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में जुटा है, तब नेताजी सुभाष के जीवन से हमें निरंतर प्रेरणा मिलती है। नेताजी के जीवन का सबसे बड़ा लक्ष्य था- आजाद हिंद। उन्होंने अपने संकल्प की सिद्धि के लिए अपने फैसले को एक ही कसौटी पर परखा- आजाद हिंद।

प्रधानमंत्री ने कहा, नेताजी एक समृद्ध परिवार में जन्मे, उन्होंने सिविल सर्विसेस की परीक्षा पास की। वो चाहते तो अंग्रेजी शासन में एक वरिष्ठ अधिकारी बनकर आराम की जिंदगी जीते, लेकिन उन्होंने आजादी के लिए कष्टों को चुना, चुनौतियों को चुना, देश विदेश में भटकना पसंद किया, नेता जी सुभाष कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे। इसी तरह आज हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना है। हमें खुद को ग्लोबली बेस्ट बनाना है, एक्सीलेंस को चुनना ही है, एफिशिएंसी पर फोकस करना है।

उन्होंने कहा कि नेताजी ने देश की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज बनाई, इसमें देश के हर क्षेत्र हर वर्ग के वीर और वीरांगनाएं शामिल थीं। सबकी भाषाएं अलग-अलग थीं, लेकिन भावना एक थी देश की आजादी। यही एकजुटता आज विकसित भारत के लिए भी बहुत बड़ी सीख है। तब स्वराज के लिए हमें एक होना था, आज विकसित भारत के लिए हमें एक रहना है। श्री मोदी कहा, आज देश में विश्व में हर तरफ भारत की प्रगति के लिए अनुकूल माहौल है। दुनिया भारत की ओर देख रही है कि कैसे हम इस 21वीं सदी को भारत की शताब्दी बनाते हैं और ऐसे महत्वपूर्ण कालखंड में हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से भारत की एकजुटता पर बल देना है। हमें उन लोगों से भी सतर्क रहना है, जो देश को कमजोर करना चाहते हैं, जो देश की एकता को तोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा, नेताजी सुभाष भारत की विरासत पर बहुत गर्व करते थे। वे अक्सर भारत के समृद्ध लोकतांत्रिक इतिहास की चर्चा करते थे और उससे प्रेरणा लेने के लिए समर्थक थे। आज भारत गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल रहा है। अपनी विरासत पर गर्व करते हुए विकास कर रहा है। मेरा सौभाग्य है कि आजाद हिंद सरकार के 75 वर्ष पूरे होने पर लाल किले पर मुझे तिरंगा फहराने का मौका मिला था। उस ऐतिहासिक अवसर को मैं कभी भूल नहीं सकता।

नेताजी की विरासत से प्रेरणा लेते हुए हमारी सरकार ने 2019 में दिल्ली के लाल किले में नेताजी सुभाष को समर्पित म्यूजियम का निर्माण किया। उसी साल सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार शुरू किए गए। 2021 में सरकार ने निर्णय लिया कि नेताजी की जयंती को अब पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इंडिया गेट के समीप नेताजी की विशाल प्रतिमा लगाना, अंडमान में द्वीप का नाम नेताजी के नाम पर रखना, गणतंत्र दिवस की परेड में आईएनए के जवानों को नमन करना, सरकार की इसी भावना का प्रतीक है। श्री मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों में देश ने यह भी दिखाया है कि तेज विकास से सामान्य जन का जीवन भी आसान होता है और सैन्य सामर्थ्य भी बढ़ता है। बीते दशक में 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला गया है, यह बहुत बड़ी सफलता है। आज गांव हो या शहर हर तरफ आधुनिक अवसंरचना का निर्माण हो रहा है, साथ ही भारत की सेना की ताकत में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। आज विश्व मंच पर भारत की भूमिका बढ़ रही है, भारत की आवाज बुलंद हो रही है, वो दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से एक लक्ष्य एक ध्येय विकसित भारत के लिए निरंतर काम करते रहना है और यही नेताजी को हमारी सच्ची कार्यांजलि होगी। प्रधानमंत्री ने कहा, आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के जन्म जयंती के इस पावन अवसर पर पूरा देश श्रद्धापूर्वक उन्हें याद कर रहा है। मैं नेता जी सुभाष बाबू को श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। इस वर्ष के पराक्रम दिवस का भव्य उत्सव नेता जी की जन्म भूमि पर हो रहा है। मैं ओडिशा की जनता को, ओडिशा की सरकार को इसके लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। कटक में नेता जी के जीवन से जुड़ी एक विशाल प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी में नेता जी के जीवन से जुड़ी अनेक विरासतों को एक साथ सहेजा गया है। कई चित्रकारों ने कैनवास पर नेता जी के जीवन प्रसंग की तस्वीरें उकेरी हैं। इन सबके साथ नेता जी पर आधारित कई पुस्तकों को भी इकट्ठा किया गया है। नेता जी की जीवन यात्रा की ये सारी विरासत मेरे युवा भारत माई भारत को एक नई ऊर्जा देगी।

## महाकुम्भ के दौरान संगम में डुबकी लगाने वालों का आंकड़ा 10 करोड़ के पार

प्रात : किरण/ एजेंसी



महाकुम्भ नगर। महाकुंभ के अवसर पर मोक्ष की अभिलाषा के साथ देश दुनिया के विभिन्न अंचलों से आकर तीर्थराज प्रयागराज में त्रिवेणी में पवित्र डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या गुरुवार दोपहर तक दस करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी थी। मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों के स्नान का यह नया रिकॉर्ड है। महाकुम्भ में प्रतिदिन लाखों की संख्या श्रद्धालु पुण्य स्नान का फल प्राप्त कर रहे हैं। सरकार पहले ही 45 दिन तक चलने वाले महापर्व के दौरान 45 करोड़ श्रद्धालुओं के यहां आने का अनुमान व्यक्त कर चुकी है जिसमें अकेले मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर ही दस करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज आगमन के आसार हैं। गंगा की रेती पर हजारों कदम चलने के बाद त्रिवेणी के पावन जल में डुबकी लगाने वालों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। गुरुवार दोपहर 12 बजे तक 30 लाख लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर लिया। इसमें 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। इसके साथ ही महाकुम्भ में 10 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या भी पार कर गई। पूरे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भक्तों का तांता लगा रहा। देश के विभिन्न प्रान्तो और विश्व के अनेक देशों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया। संगम के तटों पर इस समय पूरे देश की विविध संस्कृतियों की झलक देखने को मिल रही है। ऊंच नीच, जात पात, पंथ से ऊपर उठकर लोग संगम स्नान कर एकता के महाकुम्भ के संकल्प को साकार कर रहे हैं। अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो 23 जनवरी तक 10 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। सर्वाधिक 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था, जबकि पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व पर 1.7 करोड़ से ज्यादा लोगों ने पावन डुबकी लगाई थी। इसके अलावा प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पुण्य स्नान कर रहे हैं।

## राजीव कुमार ने चुनाव में फर्जी बातों के प्रति किया सावधान

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने लोकतांत्रिक देशों में चुनाव का प्रबंधन करने वाले निकायों को चुनावी प्रक्रियाओं में विश्वास को खत्म करने वाले फर्जी बातों के प्रति सावधानी बरतने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें चुनाव-की महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं को ही आहत करने के लिए फैलायी जाती हैं। श्री कुमार ने कहा कि ऐसी फर्जी बातों का मुख्य उद्देश्य चुनाव के मर्मस्थल को बेधना होता है। श्री कुमार गुरुवार को राजधानी में चुनाव प्रबंधन करने वाले राष्ट्रीय निकायों और लांकतांत्रिक चुनाव पद्धतियों के क्षेत्र में काम करने वाले वैश्विक संगठनों के एक अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, इस तरह के मनगढ़ंत आख्यान सामान्यतः ऐसे समय फैलाए जाते हैं जब चुनाव प्रक्रिया किसी महत्वपूर्ण मोड़ पर होती है।

दो दिन का यह सम्मेलन चुनाव प्रबंधन के प्रमुख समकालीन मुद्दों पर चर्चा के लिए आयोजित किया गया है जिसमें भूटान, जॉर्जिया, नामीबिया, उज्बेकिस्तान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, आयरलैंड, मॉरीशस, फिलीपींस, रूसी संघ, ट्यूनीशिया और नेपाल सहित 13 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों (ईएमबी) के लगभग 30 प्रतिनिधि इसमें भाग ले रहे हैं। वैश्विक चुनाव वर्ष 2024: लोकतांत्रिक स्थानों की पुनरावृत्ति, ईएमबी के लिए सीख विषय पर सम्मेलन का आयोजन ईसीआई द्वारा भारत और अन्य देशों में 2024 में चुनाव आयोजित करने में ईएमबी के विविध अनुभवों के आधार पर किया गया है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में अपने मुख्य भाषण में श्री कुमार ने दक्षता, पारदर्शिता और मतदाता विश्वास बढ़ाने में प्रौद्योगिकी और डिजिटल नवाचारों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है, लेकिन यह साइबर सुरक्षा खतरों और गलत सूचना जैसी चुनौतियां भी लाती है। उन्होंने चुनाव प्रबंध करने वाले निकायों से इन तकनीकी चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीतियों को कारगर बनाने का आग्रह किया।

## ग्रामीण क्षेत्रों के 12 हजार से अधिक पीएचसी को 24X7 सेवाओं में परिवर्तित किया गया : केंद्र

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने देश भर में 24७7 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) और प्रथम रेफरल इकाइयां (एफआरयू) स्थापित की हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत पिछले साल मार्च तक 12,348 पीएचसी को 24७7 सेवाओं में परिवर्तित किया गया है और 3,133 एफआरयू को चालू किया गया है। इसके अलावा, मोबाइल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) के बेड़े का विस्तार किया गया, जिसमें 1,424 एमएमयू अब दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं। 2023 में एमएमयू पोर्टल की शुरूआत ने कमजोर आदिवासी समूहों के लिए स्वास्थ्य संकेतकों पर निगरानी और डेटा संग्रह को और मजबूत किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल को वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के दौरान एनएचएम के तहत हुई प्रगति से अवगत कराया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, देश में 31,000 से अधिक पीएचसी चालू हैं, जिनमें ग्रामीण और पहाड़ी, आदिवासी और रेगिस्तानी क्षेत्रों में लोगों को प्राथमिक देखभाल प्रदान करने के लिए 40,000 से अधिक डॉक्टर/चिकित्सा अधिकारी कार्यरत हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल ने बैठक के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा, पीएचसी को 24७7 चालू रखना एक बेहतरीन कदम है, क्योंकि इससे लोगों, खासकर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों को इमरजेंसी सर्विस तक तुरंत पहुंचने में मदद मिलेगी। अग्रवाल ने कहा, उदाहरण के लिए, सांप के काटने के मामले में, ज्यादातर मौत इसलिए होती हैं क्योंकि मरीज समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाता।

**संक्षिप्त खबरें**

### ट्रेन में आग लगने की अफवाह फैलाने वालों को मिले कड़ी सजा : राहुल

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि महाराष्ट्र में ट्रेन में आग लगने की अफवाह के कारण कई लोगों की जान गई और कई अन्य के जख्मी होने की खबर अत्यंत दुखद है तथा इस तरह के हालात पैदा होने के पीछे के कारणों की पड़ताल कर दोषियों को सख्त सजा दी जानी चाहिए। श्री गांधी ने गुरुवार को कहा, महाराष्ट्र के जलगांव में हुए भीषण ट्रेन हादसे में कई लोगों के मौत और कईयों के घायल होने की खबर बेहद दुखद और व्यथित करने वाली है। शोकाकुल परिवारों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की आशा करता हूं। सरकार और प्रशासन सुनिश्चित करें कि घायलों का बेहतर से बेहतर इलाज हो। जन्होंने कांग्रेस कार्यकताओं से अनुरोध किया कि वे राहत और बचाव कार्यों में प्रशासन की मदद करें।

**महत्वपूर्ण खबर**



केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने एक पेड़, मां के नाम अभियान के तहत लगाया पौधा

कोयंबटूर। केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने गुरुवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत अपनी मां के नाम पर एक पौधा लगाया। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री कोयम्बटूर के तडागाम रोड स्थित केंद्रीय वन आनुवंशिकी और आर्बोरिकल्चर संस्थान में संसदीय सलाहकार समिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। इस बैठक में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह और समिति के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने वन भूमि संरक्षण से संबंधित विभिन्न विचारों और परियोजनाओं पर चर्चा की। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'पर्यावरण दिवस' के मौके पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत की थी। इस अभियान की शुरूआत करने के साथ ही उन्होंने पर्यावरण का संरक्षण करने के लिए सभी लोगों से सामूहिक प्रयास की अपील की थी।

### विदेश सचिव मिस्री चीन की यात्रा पर जाएंगे

नई दिल्ली। विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार से दो दिवसीय यात्रा पर बीजिंग जाएंगे। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने गुरुवार को बताया कि विक्रम मिस्री विदेश सचिव स्तरीय बैठक के लिए चीन का दौरा कर रहे हैं। इस इस बैठक का महत्व राजनीतिक, आर्थिक और भारत-चीन संबंधों के लिए अगले कदमों पर चर्चा करना है। पिछले हफ्ते राष्ट्री सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने बीजिंग का दौरा किया था। उन्होंने सीमा विवाद को लेकर विशेष प्रतिनिधि (एसआर) संवाद में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की थी। विदेश मंत्रालय ने जारी किया बयान विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी करते हुए कहा, विदेश सचिव विक्रम मिस्री 26 और 27 जनवरी को बीजिंग के दौरे पर होंगे। वे वहां विदेश सचिव स्तरीय बैठक में हिस्सा लेंगे। एसआर संवाद को पुनर्जीवित करने का निर्णय 23 अक्टूबर को रूस के कजान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच एक बैठक में लिया गया था।

**जनसभा** — मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा।

## हिम्मत है तो केजरीवाल भी अपने मंत्रियों के साथ यमुना जी में डूबकी लगाकर दिखाएं : सीएम योगी

प्रात : किरण/ एजेंसी




नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभा में आम आदमी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। यमुना का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में गंगा अविरल व निर्मल है। लेकिन यमुना का दिल्ली में बुरा हाल है। मैंने अपने मंत्रियों के साथ महाकुंभ के दौरान गंगा में डूबकी लगाई, यदि हिम्मत है तो केजरीवाल भी अपने मंत्रियों के साथ इस चुनाव में यमुना जी में डूबकी लगाकर दिखाएं। उन्होंने कहा कि एक ओर हजारों वर्षों के शानदार अतीत वाली वैभवशाली दिल्ली है जो आज बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। जिस दिल्ली को विकास के नए प्रतिमान स्थापित करने चाहिए, वह आज बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रही है। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश है, जहां आज एक भारत श्रेष्ठ भारत के दर्शन हो रहे हैं। यह सुविधा संपन्न राज्य है। नए भारत की यात्रा में मोदी के विजन को साकार कर रहा है। आलम यह है कि आज दिल्ली के लोग निवास व निवेश दोनों के लिए नोएडा का रूख कर रहे हैं। अपने पूरे संबोधन में योगी ने अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधने का कोई मौका नहीं छोड़ा। उन्होंने कहा कि जामिया मिल्लिया के पास उत्तर प्रदेश सरकार की जमीन पर वहां के नेताओं ने अवैध रूप से बांग्लादेशी घुसपैठियों व रोहिंग्याओं को बसाया। जमीन को कब्जा मुक्त कराने के हमारे अनुरोध की अनसुनी की। अंत में हमलोगों ने बुल्डोजर चलाकर जमीन को कब्जे से मुक्त कराया। आज दिल्ली सरकार यह समझ ले कि दिल्ली के लोगों की सुविधाओं के लिए जमीन हम देने को तैयार हैं, लेकिन विदेशियों के लिए हमारी एक इंच भूमि भी हम किसी को नहीं लेने देंगे। पुजारियों को मानदेय देने से जुड़े आम आदमी पार्टी की घोषणा को आड़े हाथों लेते हुए केजरीवाल पर सीधा प्रहार करते हुए योगी ने कहा कि आप मौलवियों को पहले से मानदेय देने की बात करते थे, वह देने में आप आज विफल हैं तो ध्यान भटकाने के लिए पुजारियों का नाम लिया। लेकिन आप बौद्ध भंते जो उसी श्रेणी में आते थे, उनका नाम नहीं लिया। वाल्मिकी मंदिर के पुजारी भी उसी श्रेणी में आते थे, आपने उनका नाम नहीं लिया। रविदास की परंपरा से जुड़े मंदिरों के पुजारी का नाम नहीं लिया। यह दोहरी नीति नहीं चलेगी।

**सड़कों की दुर्दशा पर कसा तंज**

दिल्ली में सड़कों की दुर्दशा पर तंज कसते हुए योगी ने कहा कि आज यहां पिछले एक दशक में यहां पर आम आदमी पार्टी की केजरीवाल के नेतृत्व की सरकार ने नारकीय बना दिया है। नर्क बना दिया है। गाजियाबाद से रोड से दिल्ली में प्रवेश करने पर देखा तो हाइवे को छोड़कर सड़क पर मेरा वास्ता गड्ढों पर पड़ा। सड़क पर बहते हुए सीवर से पड़ा। गंदगी के ढेर से हुआ। बदबूदार सड़कों से हुआ। तंगहाल गलियों का सामना करते यहां पहुंचा। अन्यथा एक घंटे पहले यहां पहुंच चुका होता। यहां सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क है, इसका अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। जहां तक देखा गंदगी है।

### आप ने बुनियादी सुविधाओं से रखा वंचित: योगी

सीएम योगी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली की तुलना उत्तर प्रदेश से कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल जी उत्तर प्रदेश सुरक्षित राज्य है। दंगा मुक्त राज्य है। सुविधा संपन्न राज्य है। यहां की छवि बदल चुकी है। आज वह नए भारत की यात्रा में मोदी के विजन को साकार कर रहा है। आज उत्तर प्रदेश देश की बड़ी आर्थिक शिक्त के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि मैं यही अपील करने आया हूं कि बुनियादी सुविधा देखना हो, तो एनसीआर से जुड़े गाजियाबाद, नोएडा को दखे लें। ओखला दिल्ली में है लेकिन यहां निवेश नहीं हुआ। लेकिन न्यू ओखला में देखें तो देश में निवेश के लिए सबसे अच्छी जगहों में यह शुमार है। लोग अब दिल्ली में नहीं रहना चाहते है। क्यों कि आप ने बुनियादी सुविधाओं से वंचित किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### 350 वाहनों में रवाना हुई पोलिंग पार्टियां

**रुद्रपुर, एजेंसी।** जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया के आदेश पर परिवहन विभाग ने रुद्रपुर संभाग से पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के लिए 350 छोटे-बड़े वाहनों की व्यवस्था की है। एआरटीओ प्रवर्तन निखिल शर्मा ने बताया कि पोलिंग पार्टियों को रवाना करने के लिए 202 बस और 148 चारपहिया वाहनों की व्यवस्था की गई। उक्त वाहन मतदान खत्म होने के बाद मतदान पार्टियों को स्ट्रांग रूम तक लेकर आएंगी।

### धार्मिक आयोजन की आड़ में चुनाव प्रचार करने का आरोप

**काशीपुर, एजेंसी।** सपा के मेयर प्रत्याशी नदीम अख्तर ने भाजपा एवं कांग्रेस प्रत्याशी पर धार्मिक आयोजन की आड़ में चुनाव प्रचार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कराने की मांग की है। सपा प्रत्याशी ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि 21 जनवरी की शाम रामलीला परिसर में एक धार्मिक आयोजन किया गया। इस मंच के माध्यम से कांग्रेस और भाजपा के मेयर प्रत्याशी ने अपने चुनाव प्रचार के लिए किया। आयोजन न केवल धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ था, बल्कि आचार संहिता का भी खुला उल्लंघन था।

### चंडिका मंदिर में भागवत कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालु

**झनकट, एजेंसी।** वनकटिया स्थित चंडिका मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा सुनने के लिए बुधवार को सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे। कथावाचक श्रीश्री भगवती सौंदर्य काक भूषण ने कथा सुनाई। वहां पर रमेश मुडेला, किशन सिंह कोटिया, खड़क सिंह, हनुमान सिंह, बीएस कोटिया आदि थे। संवाद मझोला मार्ग पर खुदागंज के पास कई दिनों से पाइप लाइन चोक होने से पानी सड़क किनारे जमा हो रहा है। इससे वहां पर कीचड़ की समस्या हो रही है। ऐसे में आवाजाही में दिक्कत हो रही है। इस समस्या से आसपास के दुकानदार भी परेशान हैं।

### तीन दिन से बिना पानी के रहने को मजबूर कर्मी

**काशीपुर, एजेंसी।** तीन दिनों से आवासों में पेयजल आपूर्ति ठप होने के कारण कर्मियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कर्मियों ने अस्पताल प्रशासन से समस्या का समाधान कराने की मांग की है। भुगतान करने के लिए अस्पताल प्रशासन ने हाथ खड़े कर दिए हैं।

एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मियों और नर्सिंग अधिकारियों ने सीएमएस को शिकायती पत्र सौंपा। इसमें उन्होंने कहा कि 20 जनवरी से आवासों में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। रोजमर्रा के कार्य करने में काफी परेशानी हो रही है। काफी दूर से पानी ढोना पड़ रहा है। कर्मियों ने बताया कि आवासों की पाइप लाइन वर्षों पुरानी है। बरसात में भी छतों से पानी टपकता है। अब तीन दिन से पानी नहीं आ रहा है। पत्र देने के बाद प्लंबर बुलाया गया था। उसने लाइन बंद होने की बात बताई है। उन्होंने शीघ्र ही समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

### 191 पव्वे के साथ दो लोग गिरफ्तार, केस दर्ज

**काशीपुर, एजेंसी।** नगर निगम चुनाव के मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए चार पेटियों में लाए गए अंग्रेजी शराब के 191 पव्वे के साथ दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शराब ढोने में प्रयुक्त एक कार को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

टांडा उज्जैन पुलिस चौकी प्रभारी सुनील सुतेड़ी, एसआई कंचन पड़लिया पुलिस टीम के साथ मंगलवार शाम गश्त पर थे। इसी दौरान सूचना मिली कि दो व्यक्ति सफेद रंग की कार में अंग्रेजी शराब रखकर चुनाव में प्रलोभन देने के लिए लोगों को बुला कर दे रहे हैं।

सूचना पर पुलिस टीम रायपुर रोड पर फ्लाईओवर के पास पहुंची, जहां एक कार खड़ी मिली। कार से चार पेटियों में अंग्रेजी शराब के 191 पव्वे बरामद हुए। पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम अंकित भारद्वाज व कार सवार दूसरे युवक ने अपना नाम अंकुर सैनी निवासी ढकिया गुलाबो बताया।

# इतनी स्पीड कि कार ने कई दशक पुराना मजबूत पेड़ उखाड़ डाला, एक पहिया पेड़ पर लटका, दूसरा खेत में गिरा

**नैनीताल, एजेंसी।** रामपुर रोड के पास बुधवार रात एक अनियंत्रित कार ने स्कूटी सवार सागर नेगी को रौंदते हुए कई दशक पुराने मजबूत पेड़ को भी उखाड़ दिया। टक्कर से कार की स्टेपनी और एक पहिया अलग हो गया। इन दोनों में से एक पहिया पेड़ पर लटक गया और दूसरा खेत में जाकर गिरा।

हल्द्वानी के रामपुर रोड स्थित किशनपुर घुड़दौड़ा के निकट बुधवार रात हुए हादसे ने हर किसी को हैरत में डाल दिया। अनियंत्रित एसयूवी (कार) ने स्कूटी सवार सागर नेगी को रौंदते हुए कई दशक पुराने मजबूत पेड़ को भी उखाड़ दिया। टक्कर से कार की स्टेपनी और एक पहिया अलग हो गया। इन दोनों में से एक पहिया पेड़ पर लटक गया और दूसरा खेत में जाकर गिरा। हादसे की एक वजह यह भी रही कि इस रोड पर स्ट्रीट लाइट नहीं है। ऐसे में पता ही नहीं चल रहा कि इन हादसों पर कब ब्रेक लगेगा।

आर्किटेक्ट का काम करने वाले सागर नेगी अपनी स्कूटी की डिकी में एक कॉपी लेकर निकले थे। नक्शे व अन्य डिजाइन की डिटेल उसमें दर्ज थी। उन्हें नहीं पता था कि रामपुर रोड पर मौत ही उनका इंतजार कर रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मुख्य मार्ग पर सड़क पार करने के लिए जैसे ही वाहन आगे बढ़ा तभी 100 से 120 की स्पीड से आ रहे कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जब वह वाहन में फंसे तो चालक का कार पर नियंत्रण ही नहीं रहा। कार लहराई तो आसपास खड़े आधा दर्जन लोग खेतों की ओर कूद पड़े। महज तीन सेकेंड के अंदर ही 150 मीटर की दूरी तय कर एक्सयूवी उड़ गई। उड़ती एक्सयूवी के अगले हिस्से में फंसी स्कूटी व सागर दोनों



दूर गिरे। उनके गिरते ही वाहन ने पेड़ को टक्कर मारी और पलट गई। वाहन का बंपर 20 मीटर दूर, स्टेपनी पेड़ पर, अगला एक पहिया खेतों में जा पहुंचा। स्कूटी भी इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई कि उसकी नंबर प्लेट ही बची। हादसे से महज एक साल की मासूम बच्ची के सिर से पिता सागर नेगी का साया उठ गया।

एक्सयूवी की जलती लाइट और खुले दोनों एयरबैग हादसा को बयां कर रहे थे। क्रिकेट का बल्ला, चादर, कंबल, किसी मंदिर का प्रसाद और एक फोन प्रो नाम का मोबाइल का डिब्बा वाहन के अंदर बिखरा पड़ा था। जनरल स्टोर स्वामी सोबन सिंह नेगी ने बताया कि उनकी दुकान का टिनशेड उड़ा दिया। बिजली का मीटर तो ऐसा टूटा है कि पूरी की पूरी लाइन ही खत्म हो गई। कइ घरों के डिश लाइन के तार तक उखड़ गए। यह गनीमत थी कि हाईटेंशन लाइन का पोल बच गया नहीं तो वह टकराता तो तार में दौड़ रही बिजली से कई जान चली जाती।

नाबालिग चालक शहर के आरटीओ रोड मंगल विहार में अस्थायी रूप से रह रहा है। उसकी उम्र 1 साल है और वह महाराष्ट्र के नागपुर के यशोधरा थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला है। एक्सयूवी पूर्वी दिल्ली के शकूरपुर सुंदर के बी ब्लाक के पते पर किसी महिला के नाम रजिस्टर्ड है। दिसंबर 201 को रजिस्टर्ड कराई गई इस गाड़ी का चालान भी कट चुका है। एक ही चालान 3400 रुपये का है, हालांकि यह राशि जमा की जा चुकी है। नाबालिग चालक के पास कोई कागजात नहीं था। डीएल का तो सवाल ही नहीं बनता। किशनपुर गुरुद्वारा रामपुर रोड निवासी सागर नेगी (36) अपने घर से स्कूटी से मुख्य मार्ग पर आया और सड़क पार करने लगा। इसी दौरान राधा स्वामी सत्संग परिसर पंचायत घर के मोड़ पर हल्द्वानी की तरफ से 100 से ज्यादा की स्पीड में आ रही एक्सयूवी 500 की चपेट में स्कूटी सवार आ गया। स्कूटी वाहन के अगले हिस्से में फंस गई। चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और लहराती एक्सयूवी में फंसे स्कूटी व उसके सवार को 150 मीटर तक घसीटते ले गया।

आगे अचानक से एक्सयूवी उड़ते हुए सोबन सिंह नेगी के जनरल स्टोर की दुकान के सामने लगे पेड़ को तोड़कर पलट गई। टक्कर इतनी तेज थी कि पेड़ ही जड़ से कटकर झुक गया। वाहन की स्टेपनी पेड़ पर लटक गई। एक पहिया निकलकर खेतों में जा पहुंचा। पलटते ही स्कूटी व इसमें सवार युवक वाहन से 50 मीटर दूर जाकर गिरे। स्कूटी पूरी तरह से पिचक गई थी। ज्यादा खून बहने की वजह से स्कूटी सवार मौके पर तड़पने लगा। कार में एयरबैग खुलने की वजह से नाबालिग चालक बेहोश हो गया। आसपास के लोगों की सूचना के बाद पुलिस पहुंची और दोनों को अस्पताल भेजा। नजदीक ही गांव होने पर सागर के परिवार वाले आए और निजी अस्पताल नीलकंठ ले गए। यहां से रेफर होने पर परिजन उसे दूसरे अस्पताल ले गए जहां उसकी मौत हो गई।

उधर टीपीनगर चौकी प्रभारी जगदीप सिंह ने डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में नाबालिग चालक का प्राथमिक उपचार कराने के बाद उसे हिरासत में ले लिया है। थाना प्रभारी हल्द्वानी राजेश यादव ने कहा कि एक युवक की मौत हुई है। वाहन कब्जे में ले लिया और चालक हिरासत में है।

## प्रयागराज के लिए चल रही रोडवेज बस को मिलने लगीं सवारियां



**रुद्रपुर, एजेंसी।** महाकुंभ के चलते रोडवेज डिपो से प्रयागराज के लिए चलाई गई बस को सवारियां मिलने लगी हैं। इससे निगम को राजस्व भी मिल रहा है।

महाकुंभ को देखते हुए डिपो प्रबंधन ने बीते 15 जनवरी से प्रयागराज के लिए बस का संचालन शुरू किया। बस अड्डे से हर रोज शाम साढ़े पांच बजे प्रयागराज के लिए बस रवाना होती है। बस बरेली, कटरा, फर्रूखाबाद, कानपुर, फतेहपुर, खागा, सैनी होते हुए प्रयागराज जाती है। प्रयागराज से अपराह्न तीन बजे बस रुद्रपुर के लिए वापसी करती है।

डिपो प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार बस को सवारियां मिलने लगी हैं। बस एक फेरे में 32,000 से 36,000 रुपये की आमदनी कर रही है। महाकुंभ के स्नान के दौरान बस को अच्छा रिस्पांस मिलने की उम्मीद है।

डिपो के सहायक महाप्रबंधक केएस राणा ने बताया कि बस का शुरुआती व्यवसाय अच्छा रहा है। कुंभ स्नान करने वाले लोगों के लिए बस सेवा काफी मुफीद है। यात्री पहले दिन प्रयागराज जाकर दूसरे दिन उसी बस में वापसी कर सकते हैं। आने वाले दिनों में प्रयागराज बस व्यवसाय बढ़ने की उम्मीद है। लोग बस सेवा को लेकर लगातार काउंटर पर पूछताछ कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रयागराज के लिए स्थायी रूप से बस सेवा का संचालन किया जा रहा है। महाकुंभ के बाद भी यह बस सेवा जारी रहेगी।

## हाथी ने युवक को पटककर मार डाला, जंगल में मिला शव; नहीं हो सकी शिनाख्त



**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** खटीमा में हाथी ने एक युवक को पटककर मार डाला। युवक का शव जंगल में मिला। घटनास्थल के पास हाथी के पंजे की निशान पाए गए हैं। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

खटीमा के किलपुरा वन क्षेत्र में बृहस्पतिवार सुबह हाथी ने एक युवक को पटककर मार डाला। युवक का शव बिरिया मझोला गांव के पास जंगल में मिला। घटनास्थल के पास हाथी के पंजे की निशान पाए गए हैं। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

मिली जानकारी के अनुसार युवत की उम्र करीब 30 साल है। ग्रामीणों का कहना है कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त था। वह कुछ दिनों से गांव में दिखाई दे रहा था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को मोर्चरी में रखवा दिया है।

## सनातनी जनता को धर्म नगरी में पौराणिक मंदिर चाहिए या फिर मजार : दीपक बाली

काशीपुर, एजेंसी। भाजपा मेयर प्रत्याशी दीपक बाली ने कहा कि मैं अपने चुनाव की बागडोर जनता के हाथ में सौंपता हूं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव का फैसला अब सिर्फ जनता को करना है। जनता के हाथ में है कि वह निर्णय करे कि शहर में सनातन का झंडा बुलंद रखना है या फिर तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को शहर सौंपना है।

बाली ने कहा कि काशीपुर धार्मिक नगरी है। मेयर का चुनाव जीतने के बाद यहां अवैध मदरसों को खत्म कर गोहत्या पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सनातनी जनता को सोचना चाहिए कि उसे धर्म नगरी में पौराणिक मंदिर चाहिए या फिर मजार। दीपक बाली ने कहा कि संकल्प पत्र के अलावा भी काशीपुर के लिए उनके दिमाग में विकास का एक अलग ताना बाना है।

कहा कि काशीपुर के धार्मिक व पौराणिक स्थलों को मानस खंड कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा, इससे तीर्थाटन को भी बढ़ावा मिलेगा। नगर निगम के मौजूदा पार्कों और नए बनने वाले पार्कों के नाम महापुरुषों के नाम पर रखे जाएंगे। कहा कि लव जिहाद, लैंड जिहाद और थूक जिहाद को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिन सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे हैं, उन्हें खाली कराकर वहां ठेले वालों के लिए वेंडर जोन बनाए जाएंगे। कहा कि प्रधानमंत्री आवास का दायरा बढ़ाया जाएगा और गरीबों को घर दिए जाएंगे। कुल मिलाकर काशीपुर को मेट्रो सिटी का रूप दिया जाएगा।

## नए कोर्सों को संचालित करने सहित 31 सूत्री मांगों को लेकर कुलसचिव से मिले

**श्रीनगर, एजेंसी।** जय हो छात्र संगठन ने बुधवार को गढ़वाल विवि के कुलसचिव से मिलकर 31 सूत्री मांगों के समाधान की मांग की। इस दौरान छात्रों ने कहा कि लंबे समय से उनकी मांगें लंबित हैं। कहा यदि मांगों पर जल्द सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो उन्हें प्रदर्शन के लिए विवश होना पड़ेगा। जय हो छात्र संगठन से जुड़े छात्र नेता वीरेंद्र सिंह बिष्ट ने कहा कि लंबे समय से विवि में बीसीए व एमएससी फूड साइंस पाठ्यक्रम शुरू कराए जाने की मांग की जा रही है।

इसके अलावा छात्रावासों के सुधारीकरण, छात्रों की सुरक्षा, बस स्टॉप पर रेन शेड का निर्माण, जिम्नेजियम भवन में नई मशीनें और विवि में डॉक्टर एवं एंबुलेंस की व्यवस्था करने के अलावा छात्रों के लिए दो और नई बसों की व्यवस्था कराए जाने की मांग है। उन्होंने कुलसचिव से संगठन की 31 सूत्री मांगों पर तत्काल कार्रवाई शुरू करने का अनुरोध किया।

## 26 से एक फरवरी तक आनंद विहार व कश्मीरी गेट से चलेंगी अतिरिक्त बसें




**काशीपुर, एजेंसी।** उत्तराखंड परिवहन निगम के महाप्रबंधक (संचालन) ने निगम के सभी सहायक महाप्रबंधकों को पत्र जारी किया है। इसमें कहा कि महाकुंभ को देखते हुए सभी डिपो से दिल्ली के आनंद विहार और कश्मीरी गेट तक यात्रियों की सुविधा के लिए अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाए।

उत्तराखंड परिवहन निगम मुख्यालय के महाप्रबंधक (संचालन) पवन मेहरा ने 21 जनवरी को निगम के सभी डिपो सहायक महाप्रबंधक को पत्र भेजा है। पत्र में कहा कि 29 जनवरी को महाकुंभ का मुख्य पर्व मौनी अमावस्या है। इसलिए उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की अधिकांश बसें प्रयागराज के लिए संचालित की जाएंगी। इसके चलते 26 जनवरी से एक फरवरी तक आनंद विहार व कश्मीरी गेट में यात्रियों की अधिक उपलब्धता रहेगी।

इस दौरान देहरादून, हरिद्वार, टनकपुर व हल्द्वानी मार्ग पर उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों का अधिक उपयोग किया जाएगा। उन्होंने पत्र में कहा कि यात्रियों की उपलब्धता के मुताबिक डिपो से अधिक से अधिक बसें दिल्ली तक संचालित कराई जाए। उन्होंने सभी सहायक प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वह आईएसबीटी कश्मीरी गेट व आनंद विहार से संपर्क में रहें और अतिरिक्त बसें संचालित कराए। इसके साथ ही आदेश दिया कि यूपी के सहारनपुर, बरेली, मुरादाबाद, मेरठ, आगरा आदि स्थानों पर भी यात्रियों की उपलब्धता के मुताबिक अतिरिक्त बसें या फेरे लगवाने का प्रयास करें।

## देवप्रयाग में नेशनल हाईवे पर शांता गदेरे में बन रहे पुल की सुस्त गति से लोगों में रोष

**देवप्रयाग, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवप्रयाग शांता गदेरे में बन रहे पुल के निर्माण गति नहीं पकड़ पा रही है। पुल के निर्माण में बरती जा रही सुस्त गति से निर्माण कार्य पर कई सवाल उठ रहे हैं। इससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश पनप रहा है। लोगों का कहना है कि यहां पर मार्ग संकरा होने से आए दिन ट्रैफिक जाम भी हो रहा है। इससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।देवप्रयाग बस स्टेशन पर शांता गदेरे में बनी पुलिया 100 वर्ष से अधिक का समय पूरा कर चुकी है। इसके बाद इसी पुलिया के ठीक पास में नए मोटर पुल का निर्माण होना है। फरवरी 2024 में एनएच की ओर से यहां पर पुल निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया। जिससे सड़क के दोनों और कटान का कार्य किया गया, लेकिन फरवरी से लेकर अभी तक एनएच द्वारा कई बार यहां पर कार्य शुरू किया गया और कई बार कार्य बंद कर दिया गया है। इससे समय पर पुल निर्माण होने को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। धीमी गति से निर्माण होने से स्थानीय लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थान पर भारी यू-टर्न होने से वाहनों की आवाजाही के दौरान भारी जाम की स्थिति बन जाती है। सामाजिक कार्यकर्ता विनोद टोडरिया का कहना है कि एक साल से एनएच के अधिकारी पुल निर्माण कार्य को लेकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। विभाग को जब याद आती है तब दो चार दिन के लिए काम शुरू कर देते है। पुल निर्माण कार्य की यही गति रही तो अगले चारधाम यात्रा के दौरान भी लोगों को इस समस्या से जूझना पड़ेगा। स्थानीय त्रिवेंद्र रावत का कहना है स्थानीय व्यापारियों के साथ ही अन्य लोगों को भी इससे दिक्कतें हो रही हैं। लोगों ने कहा यदि जल्द ही पुल निर्माण कार्य में तेजी नहीं आई तो लोगों को सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## गढ़वाल विवि के छात्र-छात्राओं को पीएचडी प्रवेश परीक्षा का इंतजार

**श्रीनगर, एजेंसी।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के छात्र-छात्राओं को पीएचडी प्रवेश परीक्षा का बेसब्री से इंतजार है। यूजीसी के दिशा-निर्देशों के तहत पीएचडी में सत्र 2025-26 से नेट उत्तीर्ण छात्रों को ही प्रवेश दिए जाने का प्रावधान किया गया है, लेकिन विवि का पीएचडी सत्र लेट होने के कारण विवि की 2024-25 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा नहीं हो पाई है। ऐसे में छात्रों की ओर से नए प्रावधान लागू किए जाने से पहले सत्र 2024-25 की पीएचडी प्रवेश परीक्षा कराए जाने की मांग की जा रही है।

गढ़वाल केंद्रीय विवि में अभी तक पीएचडी में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित होती आ रही है। लेकिन यूजीसी के नए प्रावधानों के आने से विवि प्रशासन व छात्रों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। गत वर्षों तक अभी तक प्रवेश परीक्षा की पूरी तैयारियां हो जाती थी, लेकिन इस समय अभी तैयारियां तेज नहीं हो पाई हैं, जिससे लंबे समय से पीएचडी प्रवेश परीक्षा का इंतजार कर रहे छात्रों में निराशा बनी हुई है। कहा कि विवि पीएचडी सत्र लेट होने के चलते इस बार जल्दी से जल्दी अपनी प्रवेश परीक्षा कराए, जिससे छात्रों को राहत मिल सके। यूजीसी के दिशा-निर्देश सत्र 2025-26 से नेट उत्तीर्ण छात्रों को पीएचडी में प्रवेश देने को लेकर हैं, लेकिन गढ़वाल विवि का पीएचडी सत्र 2024-25 अभी ड्यू है, ऐसे में विवि को शीघ्र पीएचडी प्रवेश परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी करना चाहिए। इस संदर्भ में विवि प्रशासन से पूर्व में भी वार्ता हुई है। यदि जल्द ही मांग पर अमल नहीं हुआ तो छात्रों को आंदोलन का सहारा लेना पड़ेगा।

## एसएसबी के अधिकारियों व कर्मियों के स्वास्थ्य प्रकृति का किया परीक्षण

**श्रीनगर, एजेंसी।** जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग के तत्वाधान में 20 से 25 जनवरी तक देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत केंद्रीयकृत प्रशिक्षण केंद्र सशस्त्र सीमा बल श्रीनगर में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों का प्रकृति परीक्षण किया गया। इसके तहत व्यक्ति का स्वास्थ्य प्रकृति परीक्षण किया जाता है, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र पांडेय ने बताया कि भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली व भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखंड के निर्देशों पर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी द्वारा गठित चिकित्साधिकारियों की टीम द्वारा देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के तहत एसएसबी केंद्र श्रीनगर में कार्यरत समस्त अधिकारियों व कार्मिकों का प्रकृति परीक्षण 20 जनवरी से शुरू हो गया है।

## रुद्रपुर की जनता बना चुकी है बदलाव का मन: मोहन खेड़ा

**रुद्रपुर, एजेंसी।** कांग्रेस प्रत्याशी मोहन खेड़ा अपने गृह क्षेत्र भूरारानी वार्ड नंबर 32 एवं 33 में घर- घर जाकर लोगों से वोट की अपील की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर चुनाव की परिस्थितियों पर चर्चा की। उन्होंने परिवर्तन रैली को ऐतिहासिक करार दिया है। मंगलवार को डोर टू डोर जनसंपर्क में कांग्रेस प्रत्याशी खेड़ा ने कहा कि शहर की जनता का जो अभूतपूर्व प्यार व आशीर्वाद उन्हें मिला है, इसके लिए वह हमेशा जनता के ऋणी रहेंगे। जनता ने उम्मीद से कहीं बढ़कर चुनाव प्रचार में उनका अपना आशीर्वाद दिया। यह आशीर्वाद उनकी जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा। मंगलवार की ऐतिहासिक रैली ने सत्ता पक्ष के लोगों की नींद उड़ा दी है। रुद्रपुर की जनता इस चुनाव में बदलाव का मन बना चुकी है। हर वार्ड में परिवर्तन की लहर देखने को मिली है। जनता भाजपा से दस सालों का हिसाब मांग रही है। नगर निगम में भाजपा के दस साल का कार्यकाल निराशाजनक रहा है। भाजपा के दोनों मेयर पूरी तरह नकारा साबित हुए हैं। इसी का नतीजा है कि जनता का रूझान कांग्रेस की तरफ है। स्मार्ट मीटर को लेकर जनता में भाजपा के खिलाफ भारी नाराजगी है। कांग्रेस हर वर्ग का विकास चाहती है। सभी के हित कांग्रेस में ही सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि भाजपा की मानसिकता है लूटो और राज करो की है। जनता अब ये सब नहीं चलने देगी। यह चुनाव रुद्रपुर के भविष्य का चुनाव है। जनता का समर्थन कांग्रेस के साथ है।

# युवाओं के लिए केजरीवाल का बड़ा एलान, अगले 5 साल रोजगार और नौकरियां पैदा करना सबसे बड़ी प्राथमिकता

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली से युवाओं के लिए बड़ा एलान किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरकार बनने के बाद अगले पांच साल में हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता हमारे युवाओं के लिए रोजगार और नौकरी पैदा करना होगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, मेट्रो और सीवर के क्षेत्र में काम जारी रखने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार का इंतजाम भी करेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पास पढ़े-लिखे लोगों की एक बहुत अच्छी टीम है, जो दिल्ली के बच्चों को रोजगार दिलाने के प्लान पर काम कर रही है। कोरोना काल में जब सबकी नौकरियां चली गई थी। उस वक्त हमने कई सारे प्रयास करके 12 लाख युवाओं के रोजगार का इंतजाम किया था। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं पूरी दिल्ली में चुनाव प्रचार के लिए घूम रहा हूं। गली-गली में जा रहा हूं और लोगों से मिल रहा हूं। लोगों की जिंदगी में जो परेशानी आती है, पिछले 10 साल में हमने लोगों की उन परेशानियों को दूर करने की कोशिश की है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और सड़क के क्षेत्र में हमने काफी काम किया। लेकिन एक चीज है जो मेरे दिल को बहुत पीड़ा पहुंचाती है। वह यह है कि हमारे



बच्चे पढ़ लिखकर घर पर बेरोजगार बैठे हैं और रोजगार ढूंढ रहे हैं। इनमें से कुछ बच्चे कई बार गलत संगत में पड़ जाते हैं और उसके बाद अपराध के क्षेत्र में चले जाते हैं, जिससे उन्हें वापस लाना बड़ा मुश्किल हो जाता है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज कई परिवार बेरोजगारी की वजह से सबसे ज्यादा पीड़ित हैं। इसलिए मैंने यह तय किया है कि अगले 5 साल में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, मेट्रो और सीवर के क्षेत्र में तो काम जारी रहेगा ही लेकिन अगले 5 सालों में मेरी पहली प्राथमिकता दिल्ली से बेरोजगारी को दूर करना होगा। अपने बच्चों के लिए रोजगार के इंतजाम करना होगा। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बच्चों को किस तरह रोजगार दिलाया जाए, इसके लिए मेरी पूरी टीम एक प्लान पर काम कर रही है। हमारे पास एक बहुत अच्छी टीम है, जिसमें आतिशी, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, राघव चड्ढा और जस्मीन शाह समेत कई लोग हैं। यह लोग बहुत पढ़े-लिखे समर्पित और देशभक्त लोग हैं। इन सब लोगों को मैंने काम पर लगाया है कि दिल्ली से किस तरह बेरोजगारी दूर को जाए इस पर काम करें। दिल्ली के बच्चों को रोजगार दिलाने के लिए हम पूरी प्लानिंग तैयार कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कोरोना के समय जब सारे बाजार, दुकान और इंडस्ट्री बंद हो गई थी, तब बड़े स्तर पर बेरोजगारी फैल गई थी और सबकी नौकरियां चली गई थी। उस वक्त हमने दिल्ली सरकार के माध्यम से कई सारे प्रयास करके 12 लाख बच्चों के रोजगार का इंतजाम किया था। आज पंजाब में हमारी सरकार है। पंजाब में मात्र दो 2 साल की सरकार के अंदर हम 48000 से ज्यादा लोगों को सरकारी नौकरी दे चुके हैं और 3 लाख से ज्यादा बच्चों के लिए प्राइवेट क्षेत्र में रोजगार का इंतजाम कर चुके हैं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमें रोजगार देना आता है और हमारी नियत भी साफ है। हमारे दिल में आपकी समस्या को लेकर पीड़ा है। इसके ऊपर हम मिलकर काम करेंगे। मैं और मेरी टीम इसे अकेले नहीं कर सकती। दिल्ली के दो करोड़ लोगों के साथ मिलकर जैसे हमने अन्य क्षेत्र में ऐतिहासिक काम किए हैं, मुझे पूरी उम्मीद अगले 5 साल में दिल्ली से बेरोजगारी को दूर कर देंगे। मुझे आपका साथ और आशीर्वाद चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. विपिन कुमार ने भारी उद्योग मंत्री श्री एचडी कुमारस्वामी से की मुलाकात

नई दिल्ली। विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. विपिन कुमार ने आज माननीय भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री (पूर्व मुख्यमंत्री, कर्नाटक) श्री एचडी कुमारस्वामी से उनके कार्यालय में मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों के बीच हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार और अन्य राष्ट्रीय मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। डॉ. विपिन कुमार ने मंत्री जी को परिषद की वर्तमान गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने विशेष रूप से हिंदी को देश और विदेशों में और भी प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की। डॉ. कुमार ने बताया कि विश्व हिंदी परिषद विभिन्न देशों में हिंदी भाषा और संस्कृति के प्रचार के लिए कई कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, और उनकी योजना है कि आने वाले समय में हिंदी को और भी अधिक वैश्विक पहचान दिलाई जाए। मंत्री श्री एचडी कुमारस्वामी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि हिंदी भाषा देश की एकता और अखंडता को सशक्त बनाने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने हिंदी को भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अधिक प्रचलित बनाने के लिए सरकार के समर्थन की बात की और कहा कि उनके मंत्रालय की तरफ से इस दिशा में हर संभव सहयोग दिया जाएगा। यह मुलाकात हिंदी भाषा को वैश्विक मंचों पर और भी प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

### पंडित संतोष मिश्रा जी को विश्व हिन्दू महासंघ का दिल्ली प्रदेश सोशल मीडिया प्रकोष्ठ सह सचिव बनाया गया



नई दिल्ली। विश्व हिन्दू महासंघ, भारत के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्री योगी राजकुमार नाथ चौहान जी द्वारा पंडित संतोष मिश्रा जी को विश्व हिन्दू महासंघ का दिल्ली प्रदेश सोशल मीडिया प्रकोष्ठ सह सचिव बनाया गया। संतोष मिश्रा जी से आशा की जाती है कि अपने पद की गरिमा को बनये रखते हुए विश्व हिन्दू महासंघ के नियमनुसार कार्य करेंगे। अपने पद के अनुसार अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करेंगे। अपने धर्म, हिंदुत्व और हिन्दू समज, हिन्दू संघटनों, गौ रक्षा के प्रति तन मन से समर्पित होकर अपने देश और हिन्दू समाज के लिए, हमेशा हिन्दुओं को एकजुट करने एवं सुरक्षा प्रदान करने में, अपने धर्म का प्रचार - प्रसार करने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान करते रहेंगे।

### यमुना की सफाई को लेकर प्रवेश वर्मा की केजरीवाल को चिट्ठी, पूछे सवाल

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए नई दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार प्रवेश वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को चिट्ठी लिखी है। इस चिट्ठी में उन्होंने यमुना नदी की सफाई को लेकर केजरीवाल से कुछ सवाल पूछे हैं। प्रवेश वर्मा ने अरविंद केजरीवाल को लिखे पत्र में पूछा, वैसे तो आप कभी सच बोलते नहीं, जो जगजाहिर भी है और ना ही सवालों का कोई सच्चा जवाब देते। वैसे कानूनन और अन्ना हजारे जी के अनुसार भी आप जनता के सरकारी नौकर हैं। फिर भी इस महान देश का नागरिक होने के नाते मैं जनता की तरफ से आपसे एक और महत्वपूर्ण सवाल पूछना चाहता हूं, जो ना सिर्फ नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र की जनता (खासकर महिलाएं) बल्कि पूरी दिल्ली की जनता जानना चाहती है। उन्होंने आगे चिट्ठी में दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल से यमुना नदी की सफाई को लेकर तीन सवाल किए। पहला - आपके मुख्यमंत्री कार्यकाल (2015-2024) के दौरान यमुना नदी को साफ करने के लिए दिल्ली सरकार ने अपने खुद के फंड से कितना बजट खर्च दिया? कृपया बजट खर्चे की सही सही जानकारी संपूर्ण विवरण सहित जरूर भेजिए।

### गणतंत्र दिवस परेड की ह्यफुल ड्रेस रिहर्सलह्न के कारण मध्य दिल्ली में यातायात बाधित

नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल के कारण बृहस्पतिवार को मध्य दिल्ली में भारी यातायात देखने को मिला, जिससे यात्रियों को असुविधा हुई। इंडिया गेट और आईटीओ के आसपास सबसे ज्यादा यातायात देखने को मिला। एक यात्री ने बताया कि आईटीओ और आईपी एक्सटेंशन के पास रिंग रोड पर यातायात काफी ज्यादा था। उन्होंने कहा, मैं आईटीओ जा रहा था, तभी मैंने देखा कि रिंग रोड पर वाहनों की भीड़ थी। विकास मार्ग पर भी यातायात काफी ज्यादा था। हमें आईपी एक्सटेंशन मेट्रो स्टेशन के पास यू-टर्न लेना पड़ा। मध्य दिल्ली में कनॉट प्लेस में शिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन के पास भी वाहन धीमी गति से चलते दिखे।

# भाजपा को जंगपुरा में बड़ा झटका, पूर्व पार्षद और 2 बार के सिटी जोन चेयरमैन चौधरी विजयपाल 40 साल बाद भाजपा को छोड़ आप में शामिल

**पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह ने सभी को पटका और टोपी पहनाकर पार्टी में उनका स्वागत किया। इस दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी के लिए बहुत खुशी का दिन है कि हमारी पार्टी की नीतियों और अरविंद केजरीवाल की जनता के प्रति संवेदना और कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की एक बड़ी टीम आज आम आदमी पार्टी में शामिल हो रही है। इसका नेतृत्व जंगपुरा विधानसभा की राजनीति के बड़े चेहरे चौधरी विजयपाल कर रहे हैं। चौधरी विजय पाल भाजपा के पूर्व पार्षद हैं और दो बार सिटी जोन के चेयरमैन रह चुके हैं। वह सराय काले खां गांव के निवासी हैं, लेकिन भाजपा की पूरी राजनीति में एक स्थापित नाम हैं। वहीं भाजपा के युवा चेहरे और जंगपुरा विधानसभा से मंडल उपाध्यक्ष मोहित चौधरी अपने पूरे मंडल की भाजपा टीम के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं।**

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा को बड़ा झटका लगा है। जंगपुरा विधानसभा से भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व पार्षद और 2 बार के सिटी जोन चेयरमैन चौधरी विजय पाल अपनी पूरी टीम के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। चौधरी विजय पाल दो बार सिटी जोन के चेयरमैन भी रह चुके हैं। उनके साथ जंगपुरा से भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मोहित चौधरी भी अपनी पूरी टीम के साथ आप में शामिल हो गए। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह ने सभी को पटका और टोपी पहनाकर पार्टी में उनका स्वागत किया। इस दौरान मनीष सिसोदिया ने कहा कि आज आम आदमी पार्टी के लिए बहुत खुशी का दिन है कि हमारी पार्टी की नीतियों और अरविंद केजरीवाल की जनता के प्रति संवेदना और कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा की एक बड़ी टीम आज आम आदमी पार्टी में शामिल हो रही है। इसका नेतृत्व जंगपुरा विधानसभा की




राजनीति के बड़े चेहरे चौधरी विजयपाल कर रहे हैं। चौधरी विजय पाल भाजपा के पूर्व पार्षद हैं और दो बार सिटी जोन के चेयरमैन रह चुके हैं। वह सराय काले खां गांव के निवासी हैं, लेकिन भाजपा की पूरी राजनीति में एक स्थापित नाम हैं। वहीं भाजपा के युवा चेहरे और जंगपुरा विधानसभा से मंडल उपाध्यक्ष मोहित चौधरी अपने पूरे मंडल की भाजपा टीम के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। मैं आम आदमी पार्टी में सबका स्वागत करता हूं।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि आज पूरी जंगपुरा विधानसभा में भाजपा का एक तरह से सफाया हो गया है। चौधरी विजय पाल के आम आदमी पार्टी में आने के बाद अब वहां भाजपा के कार्यकर्ता, पदाधिकारी और मोहित चौधरी की पूरी टीम मिलकर मनीष सिसोदिया को भारी बहुमत से जिताने के लिए काम करेंगे। जंगपुरा विधानसभा में एक बार फिर आम आदमी पार्टी का परचम लहराएगा। इनके आने से पार्टी को बहुत मजबूती मिली है। इस दौरान चौधरी विजय पाल ने कहा कि मैं मनीष सिसोदिया की कार्यशैली का कायल हूं और उनसे प्रभावित होकर आज मैं आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहा हूं। मैं पार्टी के साथ पूरी ईमानदारी से कार्य करने की शपथ भी लेता हूं। हमने 1982 में सराय काले खां गांव के अंदर भाजपा के लिए काम करने की शुरूआत की थी। लेकिन 8 फरवरी को जब सराय काले खां से वोटों की गिनती होगी तो सबको हैरानी होगी कि भाजपा वहां से उड़ी तो उड़ी कैसे? वहीं, मोहित चौधरी ने कहा कि दिल्ली का शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल पूरे देश और दुनिया में सबसे अच्छा है।

## मालवीय नगर विधानसभा से भाजपा और कांग्रेस के कई नेता आम आदमी पार्टी में शामिल

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में आम आदमी पार्टी का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को मालवीय नगर विधानसभा से भाजपा और कांग्रेस के कई नेता आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। इसमें प्रमुख रूप से यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश गौड़, दिल्ली कांग्रेस के महासचिव रहे आयुब और भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि समेत अन्य लोग शामिल हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह ने पटका और टोपी पहनाकर सभी नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर मौजूद मालवीय नगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने कहा कि पूरी दिल्ली का माहौल अरविंद केजरीवाल की राजनीति के पक्ष में है। इसी सिलसिले में आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की राजनीति से प्रभावित होकर मालवीय वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी रहे और यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राजेश गौड़, नई दिल्ली में दिल्ली कांग्रेस के महासचिव रहे आयुब, यूथ कांग्रेस से वार्ड अध्यक्ष सचिन, कांग्रेस पार्टी से सीनियर वॉलिंटियर रहे रोहित आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। गौतम नगर से भाजपा के रवि, मानवीय नगर के जाने माने व्यक्ति व सामाजिक कार्यकर्ता सतीश नांग्या, आरडब्ल्यू के अध्यक्ष प्रवीण धीर और देवेंद्र चौहान भी आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। इस मौके पर राजेश गौड़ ने कहा कि मैं जन्म से कांग्रेस का था लेकिन मुझे उसकी नीतियों के कारण पार्टी छोड़नी पड़ी। कांग्रेस भाजपा को जिताने का काम कर रही है। आज की तारीख में कांग्रेस, भाजपा की बी टीम बनकर काम कर रही है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण कांग्रेस नेता अजय माकन हैं, वह जिस राज्य में वहां कांग्रेस को हराकर आए। इसके अलावा, अरविंद केजरीवाल की नीतियां गरीबों के लिए हैं। अरविंद केजरीवाल आम आदमी के लिए काम कर रहे हैं। वहीं, भाजपा को छोड़कर आए रवि ने कहा कि मैं 25 साल से भाजपा का सदस्य रहा हूं, लेकिन भाजपा ने आज तक किसी वर्कर की इज्जत नहीं की है। भाजपा के निगम पार्षदों ने एमसीडी को लूटने का काम किया है। मैं आम आदमी पार्टी की नीतियों से प्रभावित इस पार्टी में शामिल हो रहा हूं। सामाजिक कार्यकर्ता सतीश नांग्या ने कहा कि आम आदमी पार्टी काम की राजनीति करती है। ये पार्टी इधर-उधर की बात नहीं करती है। इसलिए मैं समाज सेवा करने के लिए आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहा हूं। वरी को जब सराय काले खां से वोटों की गिनती होगी तो सबको हैरानी होगी कि भाजपा वहां से उड़ी तो उड़ी कैसे? वहीं, मोहित चौधरी ने कहा कि दिल्ली का शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल पूरे देश और दुनिया में सबसे अच्छा है।

# सीएम आतिशी ने नवजीवन कैंप, गोविंदपुरी में की पदयात्रा; मिला जनता का अपार समर्थन

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। विधानसभा चुनावों को लेकर मुख्यमंत्री आतिशी ने गुरुवार को कालकाजी विधानसभा के नवजीवन कैंप में पदयात्रा की। इस दौरान उन्हें स्थानीय जनता का जबरदस्त समर्थन और स्नेह मिला। सीएम आतिशी का स्वागत फूल-मालाओं और जोरदार नारों से किया गया।

पदयात्रा के दौरान महिलाओं ने मुख्यमंत्री आतिशी को घेर लिया और अपनी खुशियां साझा कीं। महिलाओं ने कहा, ₹एक समय था जब हमारे कैंप में किसी भी तरह की सुविधा नहीं थी, लेकिन अरविंद केजरीवाल जी ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को घर तक पहुंचाया। आज हमारे बच्चे बेहतरीन स्कूलों में पढ़ रहे हैं और बीमार होने पर घर के पास ही मोहल्ला क्लिनिक में फ्री इलाज भी होता



है। सीएम आतिशी ने कहा, दिल्ली में अगर किसी नेता ने गरीबों के लिए सच्चे दिल से काम किया है, तो वो अरविंद केजरीवाल जी हैं। अन्य नेता गरीबों को सिर्फ.वोट बैंक की तरह देखते हैं, लेकिन केजरीवाल जी ने उन्हें उनका हक और सम्मान दिलाया है। उन्होंने कहा, ₹फ्री बिजली-पानी, सरकारी स्कूलों को वर्ल्ड क्लास बनाना, मोहल्ला क्लिनिक से घर-घर इलाज पहुंचाना, महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा, बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा - ये सभी काम अरविंद केजरीवाल जी ने करके दिखाए हैं। यही वजह है कि आज दिल्ली की जनता उन पर भरोसा करती है। सीएम आतिशी ने आगे कहा कि महिलाओं के लिए 2100 की सम्मान राशि और बुजुर्गों का प्राइवेट अस्पताल में भी फ्री इलाज कराने जैसे वादे भी जल्द पूरे किए जाएंगे। ₹क्योंकि अरविंद केजरीवाल जी जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं। पदयात्रा के दौरान स्थानीय निवासियों ने कहा, ₹हम कालकाजी में गाली-गलौच करने वाला विधायक नहीं, बल्कि काम करने वाला विधायक चाहते हैं। अरविंद केजरीवाल जी और आम आदमी पार्टी ने यहां के विकास के लिए जो काम किए हैं, वह किसी और पार्टी ने कभी नहीं किए। जनता ने सीएम आतिशी को भरोसा दिलाया कि आने वाले चुनावों में वे एक बार फिर अरविंद केजरीवाल जी को भारी बहुमत से जीत दिलाएंगे।

## सीएम आतिशी ने चुनाव आयोग से गोविंदपुरी एसएचओ और संबंधित अधिकारियों का तुरंत ट्रांसफर करने की मांग की

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी और उनके भतीजों द्वारा आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं और समर्थकों को धमकाने और मारपीट करने के मामले में स्थानीय पुलिस की संदिग्ध भूमिका सामने आई है। इसे लेकर मुख्यमंत्री और कालकाजी से आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी आतिशी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि गोविंदपुरी के एसएचओ और संबंधित अधिकारी शिकायतों की निष्पक्ष जांच करने के बजाय ₹आप₹ कार्यकताओं पर झूठे बयान देने का दबाव बना रहे हैं।

सीएम आतिशी ने चुनाव आयोग से गोविंदपुरी एसएचओ धर्मवीर और जांच अधिकारियों सुशील शर्मा व जय भगवान का तत्काल ट्रांसफर करने की मांग की।

उन्होंने कहा कि इस मामले की जांच ऐसे अधिकारियों द्वारा होनी चाहिए जिनकी कभी दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में पोस्टिंग नहीं हुई हो। उधर, सीएम आतिशी ने एक्स पर भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी और उनके भतीजों की गुंडागर्दी का एक वीडियो जारी कर लिखा कि भाजपा के रमेश बिधूड़ी और उनके गुंडे चुनाव को प्रभावित करने के लिए कालकाजी में डर का माहौल बना रहे हैं। लोगों के साथ गाली-गलौंज और मारपीट की जा रही है। खुद रमेश बिधूड़ी फोन कर लोगों के धमका रहे हैं। भाजपा ने ऐसा माहौल पूरी दिल्ली में बना दिया है। लेकिन अब वक्त आ गया है कि दिल्लीवालों को अपने बच्चों के भविष्य और अपनी दिल्ली को बचाने के लिए साथ खड़ा होना पड़ेगा। दिल्ली के 2 करोड़ लोगों को भाजपा को यह सबक सिखाना पड़ेगा कि वे अपनी दिल्ली को बर्बाद नहीं होने देंगे। दिल्ली की मुख्यमंत्री और कालकाजी विधानसभा से आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी आतिशी ने कालकाजी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को लिखे पत्र में कहा है कि मैंने 21 जनवरी और 22 जनवरी को भाजपा कार्यकताओं द्वारा आप कार्यकताओं को धमकाने के बारे में शिकायत की थी। मुझे 21 जनवरी को की गई शिकायत के बारे में गोविंदपुरी के एसएचओ से एक नोटिस प्राप्त हुआ। हालांकि, मुझे यह जानकारी मिली है कि मेरी शिकायतों की जांच करने के बजाय जिन आप कार्यकताओं को भाजपा कार्यकताओं से धमकियां मिली थीं, अब उनको पुलिस द्वारा बयान देने के बहाने फोन किए जा रहे हैं।

# दिल्ली की आंबेडकर नगर विधानसभा सीट : मुफ्त की रेवड़ी के बजाय बुनियादी सुविधाओं पर लोगों का जोर

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव के लिए चरम पर पहुंचते जा रहे प्रचार के बीच मतदाताओं का एक वर्ग ऐसा भी है जो राजनीतिक दलों के लुभावने वादों से उब चुका है और इस बार मुफ्त की रेवड़ी की बजाय बुनियादी सुविधाओं के आधार पर मतदान करने पर जोर दे रहा है। राजनीतिक दल भले ही 2100 से 2500 रुपये प्रति माह देने का वादा कर महिला मतदाताओं को अपनी ओर करने की कोशिश कर रहे हों लेकिन दिल्ली की आंबेडकर नगर विधानसभा सीट के अंतर्गत आने वाले जवाहर पार्क की निवासी लक्ष्मी का कहना है कि इन लुभावने वादों का कोई मतलब नहीं है जब उन्हें रोजमर्रा के जीवन में भारी जाम, खराब सड़कों, साफ-सफाई जैसी परेशानियों का सामना करना पड़े। उन्होंने कहा, मैं पिछले 10-12 वर्ष से इस इलाके में रह रही हूं लेकिन पिछले कुछ समय से यहां लगने वाला जाम और रेहड़ी-पटरी वालों के सड़कों को घेर लेने से हमारी समस्या काफी बढ़ गई है। लक्ष्मी ने कहा, कोई भी दल यहां की बुनियादी सुविधाओं पर बात ही नहीं कर रहा है। इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या महरौली-बदरपुर रोड पर लगने वाला जाम है। जिस रास्ते से निकलने में 10 से 15 मिनट का समय लगना चाहिए, वहां हम कई घंटों तक जाम में फंसे रहते हैं। अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित दक्षिण दिल्ली की आंबेडकर नगर विधानसभा सीट पर पिछले दो चुनाव से आम आदमी पार्टी (आप) का दबदबा कायम है। इस बार भी पार्टी ने अपने मौजूदा विधायक अजय दत्त पर दांव लगाया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पिछले चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने में नाकाम रहे खुशी राम चुनार पर एक बार फिर भरोसा दिखाया है। कांग्रेस की ओर से जय प्रकाश को टिकट दिया गया है। तीनों प्रमुख दल लुभावने वादों से क्षेत्र की जनता को अपनी ओर करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं लेकिन स्थानीय लोग इस बार मुफ्त की रेवड़ी की जगह यातायात प्रबंधन, भारी जाम, सड़कों की मरम्मत, साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार की मांग कर रहे हैं। खानपुर गांव के निवासी रवि ने भी इलाके के यातायात प्रबंधन तथा रेहड़ी पटरी वालों के कारण जाम की परेशानी की बात कही। उन्होंने कहा, यहां मेट्रो के काम के कारण पहले ही सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है और बाकी जगह रेहड़ी-पटरी वाले घेर लेते हैं। व्यस्त घंटों में यहां सड़क पर इतना भयंकर जाम लग जाता है कि पैदल चलने की जगह तक नहीं रहती। इस समस्या से सभी दल अवगत हैं लेकिन किसी ने भी इसे चुनावी मुद्दा बनाना जरूरी नहीं समझा। यातायात प्रबंधन से जुड़ी परेशानी का सामना इस क्षेत्र के पॉश इलाके सैनिक फार्म के लोगों को भी करना पड़ रहा है। सैनिक फार्म की निवासी आरती का कहना है कि महरौली-बदरपुर रोड पर जाम लगने के बाद अक्सर निकटवर्ती इलाकों के लोग सैनिक फार्म से निकलने की कोशिश करते हैं जिससे यहां भी भारी जाम लग जाता है। उन्होंने कहा, जाम के कारण हमारा ही अपने घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। हमारी राजनीतिक दलों से यही अपील है कि वे मुफ्त सुविधाओं से लोगों के वोट हासिल करने की बजाय बुनियादी सुविधाओं में सुधार करें ताकि जनता उनके काम को देखकर उनके लिए वोट करे। विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने मेट्रो के काम, रेहड़ी-पटरी वालों के जमावड़े, यातायात के खराब प्रबंधन तथा बारिश में जल निकासी की समस्या के अलावा गली-नुक्कड़ पर खुल गईं शराब की दुकानों को भी भारी जाम की वजह बताया। कृष्णा पार्क के निवासी नरेन्द्र ने कहा, ह्यइलाके में सब्जी मंडी के बीच में जब से शराब की दुकान खुल गई है लोगों के लिए वहां से निकलना मुश्किल हो गया है।

**विरोध** दिल्ली चुनाव में भाजपा के पास कोई एजेंडा नहीं है और कांग्रेस का कहीं कोई झंडा नहीं है।

# 'आप' की नीयत साफ, दिल्लीवालों से किए हर वादे पूरे करेंगे केजरीवाल : भगवंत मान

प्रात: किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को दिल्ली के कस्तूरबा नगर, महरौली और छतरपुर विधानसभा में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में विशाल रोड शो और जनसभाएं कीं। इस दौरान भगवंत मान ने कहा कि आप की नीयत साफ है। अरविंद केजरीवाल दिल्लीवालों से किए सारे वादे पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि हम लड़ाई की नहीं, पढ़ाई, बिजली, इलाज, पानी, फ्री बस सेवा, महिलाओं को 2100 रुपए देकर सम्मान देने की बात करते हैं। दिल्ली चुनाव में भाजपा के पास कोई एजेंडा नहीं है और कांग्रेस का कहीं कोई झंडा नहीं है। भाजपा पहले सबके खाते में 15-15 लाख रुपए दे, फिर दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपए महीना देने की बात करे। सीएम भगवंत मान ने आगे कहा कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार ने कई विपरीत परिस्थितियों में भी काम करके दिखाया। यह नीयत की बात होती है। अगर नीयत सच्ची हो तो कोई काम रोक नहीं सकता। जनता साथ हो तो कोई काम बिल्कुल नहीं रोक सकता। लोग इसलिए वोट डालते है कि सरकारें उनके काम करती रहें और उनके दुख-सुख में उनका साथ दें। मैं पूरी दिल्ली में घूम रहा हूं। हम लोग गांव और गलियों से निकलकर आए हुए हैं। इसलिए हमें पता है कि लोगों की दुख तकलीफें क्या हैं? इसलिए उस बंदे को वोट दो जो आपकी दुख-तकलीफ को जानता हो। वरना जो सोने की चम्मच मुंह में लेकर पैदा होते हैं उनको आम लोगों की दुख तकलीफ के बारे में कुछ पता नहीं होता है। सीएम भगवंत मान ने कहा कि दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल



को अपने दिल में बसाया। उनके दिल में भी दिल्ली के लोग रहते हैं। हम राजनीति में कोई पैसा कमाने नहीं आए हैं। हम लड़ाई की बात करने वाले नहीं बच्चों की पढ़ाई की बात करने वाले हैं। हम अस्पतालों, बिजली, पानी, सड़कों, महिलाओं के लिए मुफ्त बस सफर देने और महिलाओं के खाते में हर महीने 2100 रुपए देकर उनका मान सम्मान बढ़ाने की बात करते हैं। भाजपा वाले हमेशा लड़ाई की बात करते हैं। सुबह-शाम कभी केजरीवाल को तो कभी किसी को गालियां देते हैं। इनके पास और कोई एजेंडी नहीं है। कैसी विडंबना है भाजपा का कोई एजेंडा नहीं है, पूरी दिल्ली घूम ली कांग्रेस का कोई झंडा नहीं है और अरविंद केजरीवाल जैसा कोई डंडा नहीं है। अगर कोई काम न करे तो हम फिर डंडे से काम करवाते हैं। हमें जनता के काम करवाने आते हैं। इसलिए 5 फरवरी को आपको झाडू का बटन दबाकर आना है। उसके बाद से जनता की जिम्मेदारी खत्म और अगले पांच साल के लिए हमारी जिम्मेदारी शुरू हो जाएगी। सीएम भगवंत मान ने कहा कि इस झाडू से पहले हम केवल अपना मकान या दुकान साफ करते थे लेकिन अब अरविंद केजरीवाल की अनुवाई में पूरा हिंदुस्तान साफ किया जाएगा। 16 मार्च को पंजाब में हमारी सरकार के तीन साल पूरे हो जाएंगे। इन तीन सालों में 50,000 नौजवानों को सरकारी नौकरी देकर आज आपके सामने खड़ा हूं। किसी को सिफारिश नहीं लगानी पड़ी और किसी को पैसा नहीं देना पड़ा। पंजाब में भी 90 फीसद घरों में बिजली का बिसल जीरो आता है। पंजाब में हमने गारंटी से ज्यादा काम करके दिखाया। एक- दो गारंटियां जो रह गई हैं पहले उसे पूरा करेंगे और तब लोगों में जाएंगे। कई बार लोग पूछते हैं कि आपने दिल्ली और पंजाबी में बीजेपी की आंधी को कैसे रोका। तो मैं बताता हूं इसमें कोई बड़ी बात नहीं है। कमल कीचड़ में खिलता है और झाडू का काम कीचड़ की सफाई करना है। भगवंत मान कहा कि दिल्ली के लोग यही कह रहे हैं कि अपने भाई केजरीवाल को ही लाना है फिर चाहे ये जो मर्जी बोलते रहे। देश के 20 राज्यों में भाजपा की सरकार है लेकिन कहीं मुफ्त बिजली, अच्छे स्कूल या अस्पताल नहीं हैं। गुजरात में तो इनकी 30 साल से सरकार है। इनकी नीयत साफ नहीं है। ये कामों को रोकते हैं। अभी एक महीने तक ये केजरीवाल को गालियां दे रहे थे कि ये फ्री की रेवड़ियां बांटता है। ये महिलाओं को बसों में मुफ्त सफर की सहूलियत देता है, बिजली मुफ्त देता है, बच्चों को मुफ्त में अच्छा पढ़ाता है।

# दिल्ली चुनाव : 'आप' सांसद राघव चड्ढा का भव्य रोड शो, अरविंद केजरीवाल को रिकॉर्ड बहुमत से जिताने की अपील

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को मतदान होना है। उसके पहले तमाम राजनीतिक दल जनता के बीच जाकर समर्थन जुटाने में लगे हैं। इसी कड़ी में आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने गुरुवार को आदर्श नगर विधानसभा में पार्टी प्रत्याशी मुकेश कुमार गोयल के लिए रोड शो कर जनता से आशीर्वाद मांगा। रोड शो में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। आप के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कहा, हमें जिस तरह से लोगों का समर्थन मिल रहा है, वह बताता है कि अरविंद केजरीवाल की सरकार दिल्ली में फिर से भारी बहुमत से बनेगी। हमें लोगों से बहुत प्यार, आशीर्वाद और समर्थन मिल रहा है। आम आदमी पार्टी ने



दिल्ली के लोगों को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर वादे किए हैं। पार्टी ने दिल्ली के युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। दिल्ली के लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पानी प्रदान करने के लिए भी कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बेरोजगारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि अगले 5 साल केजरीवाल सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता रोजगार देना होगी। यदि युवाओं के हाथ में रोजगार आता है, तो देश मजबूत होगा। मुझे लगता है कि आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए रोजगार के वादे बहुत महत्वपूर्ण हैं और दिल्ली के युवा इस वादे को जरूर पसंद करेंगे। हम जो कहते हैं, वह करते हैं, इसलिए हम अपना वादा जरूर पूरा करेंगे। राघव चड्ढा ने कहा, आम आदमी पार्टी दिल्ली के लोगों के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी पार्टी ने दिल्ली के लोगों को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर वादे किए हैं। हम इन वादों को पूरा करने के लिए काम कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों से वादा किया है कि उनकी सरकार दिल्ली को एक स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध शहर बनाएगी। राघव चड्ढा ने यह भी दावा किया, अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि उनकी सरकार दिल्ली के लोगों को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान देगी।

## संक्षिप्त खबरें

### आप ने दिल्ली को बर्बाद किया : खेड़ा

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी की शराब नीति को लेकर गुरुवार को एक बार फिर निशाना साधा है। इस क्रम में कांग्रेस के मीडिया विभाग प्रमुख पवन खेड़ा ने एक ऑडियो जारी किया, जिसे कथित तौर पर आप विधायक शरद चौहान का बताया जा रहा है। पवन खेड़ा ने कहा कि आप ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया। कांग्रेस नेता द्वारा जारी इस ऑडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। खेड़ा ने कहा कि शराब स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और शराब की लत इंसान, उसके परिवार और समाज को बर्बाद कर देती है। खेड़ा ने ऑडियो का हवाला देते हुए दावा किया कि आप के एक विधायक बता रहे हैं कि कैसे उनकी ही पार्टी के शिक्षा मंत्री और शराब मंत्री ने घोटाला किया है। उन्होंने कहा कि यह आवाज नरेला के विधायक शरद चौहान की है। यह किसी से बात करते हुए बता रहे हैं कि जब ये और मनीष सिसोदिया साथ बैठे थे, तब विजय नायर (आप के पूर्व संचार प्रमुख) शराब नीति लेकर आया। तब इन्होंने मनीष सिसोदिया को ऐसा करने से मना किया

### पांच स्मार्टफोन, 32 सिम कार्ड समेत जालसाज गिरफ्तार

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिला साइबर पुलिस ने रिश्तेदार बनकर 1.3 लाख की ठगी करने वाले जालसाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि आरोपी के कब्जे से पांच स्मार्टफोन, 32 सिम कार्ड, आठ एटीएम कार्ड, बैंक चेकबुक व दो पासबुक और आधार कार्ड बरामद हुआ है। आरोपी की पहचान गोपालगंज, बिहार निवासी बब्लू कुमार महतो के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, साल के शुरूआत में साइबर थाने में शिकायतकर्ता अंकित वशिष्ठ ने मामला दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर, 2024 को उनके पिता को एक व्हॉट्सऐप कॉल आई। आरोपी ने खुद को उनका भांजा बताया और कहा कि वह किसी बैंक खाते में पांच छह लाख रुपये भेजने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन कुछ तकनीकि परेशानी के चलते भेज नहीं पा रहे हैं। ऐसे में यदि पीड़ित कुछ रकम उसके बताए बैंक खाते में भेजते हैं तो वह रुपये उन्हें वापस कर देंगे। उसके झांसे में आकर पीड़ित ने 1.3 लाख रुपये आरोपी द्वारा बनाए बैंक खाते में भेज दिया तो आरोपी ने पीड़ित के खाते में रुपये वापस भेजने की फर्जी रसीद पीड़ित को भेज दी। जांच करने पर खाते में कोई रुपये नहीं आए थे। शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी के बैंक खाते की ट्रेल की मदद से उसकी पहचान कर आरोपी को ममूरा, नोएडा, यूपी से गिरफ्तार कर लिया।

### मेरठ रोड पर बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

नई दिल्ली। मेरठ रोड पर आज सुबह बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे मेरठ से दिल्ली जाने वाली लेन पर गुलधर के पास हुई। पुलिस के मुताबिक निवाड़ी के ग्यासपुर निवासी मोनू (36 वर्ष) सुबह पल्सर बाइक पर गाजियाबाद की तरफ जा रहा था। गुलधर के पास मोनू की बाइक में पीछे से तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपित बस चालक मौके से फरार हो गया।

### 23.33 लाख नकद व 356 लीटर अवैध शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली। शाहदरा जिला पुलिस अवैध शराब व नकद की हेराफेरी पर नकेल कस रही है। पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि जिला पुलिस ने गत दो दिनों में 23.33 लाख रुपये नकद बरामद करने के अलावा 356 लीटर अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने दोनों मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार भी किया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, बुधवार रात करीब 7.30 बजे गीता कॉलोनी पुलिस चाचा नेहरू अस्पताल के पास कृष्णा नगर विधानसभा में जांच कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध कार को रोककर जांच करने पर पुलिस को उक्त नकद रकम बरामद हुई। आरोपी कारचालक कृष्णपाल जैन को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार जब्त कर लिया।

### मालवीय नगर में कांग्रेस और भाजपा नेता आप में हुए शामिल

नई दिल्ली। मालवीय नगर विधानसभा से भाजपा और कांग्रेस के कई नेता गुरुवार को आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। इसमें प्रमुख रूप से यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष राकेश गौड़, दिल्ली कांग्रेस के महासचिव रहे आयुब और भाजपा के वरिष्ठ नेता रवि समेत अन्य लोग शामिल हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह ने पटका और टोपी पहनाकर सभी नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर मौजूद मालवीय नगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सोमनाथ भारती ने दावा किया कि पूरी दिल्ली का माहौल अरविंद केजरीवाल की राजनीति के पक्ष में है। इसी सिलसिले में आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की राजनीति से प्रभावित होकर मालवीय नगर वार्ड से कांग्रेस प्रत्याशी रहे ।

# अमित शाह के इशारे पर पुलिस ने मेरी गाड़ी पर हमला करवाया : अरविंद केजरीवाल

**पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को दिल्ली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने उनकी जनसभा में विपक्षी उम्मीदवार के समर्थकों को घुसने दिया और फिर उनकी गाड़ी पर हमला करवा दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर हमला बोलते हुए केजरीवाल ने कहा कि यह सब अमित शाह के इशारे पर हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि अमित शाह ने दिल्ली पुलिस को बीजेपी की निजी आर्मी बना दिया है।**

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को दिल्ली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने उनकी जनसभा में विपक्षी उम्मीदवार के समर्थकों को घुसने दिया और फिर उनकी गाड़ी पर हमला करवा दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर हमला बोलते हुए केजरीवाल ने कहा कि यह सब अमित शाह के इशारे पर हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि अमित शाह ने दिल्ली पुलिस को बीजेपी की निजी आर्मी बना दिया है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "आज हरि नगर में विपक्षी उम्मीदवार के लोगों को पुलिस ने मेरी जनसभा में घुसने दिया और फिर मेरी गाड़ी पर हमला करवाया। यह सब अमित शाह जी के आदेश पर हो रहा है। अमित शाह जी ने दिल्ली पुलिस को बीजेपी की निजी आर्मी बना दिया है। उन्होंने आगे लिखा, "चुनाव आयोग पर बड़े सवाल उठ रहे हैं कि एक राष्ट्रीय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उसके नेताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं और चुनाव आयोग कुछ भी प्रभावी कदम उठाने में असमर्थ है। इससे पहले 18 जनवरी को भी आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर अरविंद केजरीवाल के ऊपर हमला करवाने के आरोप लगाए थे। आम आदमी पार्टी ने कहा था कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा हार के डर से बौखला गई है, यही वजह है कि उसने अपने गुंडों से आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला करवाया है। आम आदमी पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने आधिकारिक हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा था, हार के डर से बौखलाई भाजपा, अपने गुंडों से करवाया अरविंद केजरीवाल पर हमला। भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार करते वक्त अरविंद केजरीवाल पर ईंट-पत्थर से हमला कर उन्हें चोट पहुंचाने की कोशिश की ताकि वह प्रचार ना कर सकें। भाजपा वालों, तुम्हारे इस कायराना हमले से केजरीवाल डरने वाले नहीं हैं, दिल्ली की जनता तुम्हें इसका करारा जवाब देगी।

# दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने हथियार सप्लायर को दबोचा

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दिल्ली-एनसीआर के बदमाशों को अवैध हथियार व कारतूस आपूर्ति करने वाले बदमाश अभि उर्फ विशाल उर्फ कालू को गिरफ्तार किया है। वह ग्रेटर नोएडा का गैंगस्टर सोनू व यमुनापार के हाशिम उर्फ बाबा गिरोहों से जुड़कर उनके लिए भी काम करता है। इसके कब्जे से एक पिस्टल, तीन कट्टा व 12 कारतूस बरामद किए गए हैं।

इसके खिलाफ पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें न्यू उस्मानपुर के एक मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित कर रखा था। इसका पुलिस कस्टडी रिमांड लेकर पुलिस हथियारों के स्रोत आदि के बारे में पता लगा रही है। डीसीपी विक्रम सिंह के मुताबिक अभि, गोपालपुर, तिमारपुर का रहने वाला है। 19 जनवरी को हवलदार मोहित को सूचना मिली कि कई आपराधिक मामलों वांछित बदमाश अभि हाशिम बाबा गिरोह के एक सहयोगी को अवैध हथियारों की खेप पहुंचाने पेपर मार्केट, हेडगेवार रोड, गाजीपुर आने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे वहां से दबोच लिया। उसके बैग की तलाशी लेने पर अवैध हथियार व कारतूस बरामद किए गए। 2017 में उसे पहली बार चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। 2020 में उसने अपने साथियों के साथ गांधी विहार में एक व्यक्ति के साथ मारपीट की। 2021 में चोरी और 2022 में हत्या के प्रयास के मामले में फिर जेल

जिसमें उसे दोबारा जेल जाना पड़ा। 2021 में चोरी और 2022 में हत्या के प्रयास के मामले में फिर जेल पड़ा। जेल में रहने के दौरान वह हाशिम बाबा गिरोह के सदस्यों के संपर्क में आया, जिन्होंने उसे जेल से रिहा होने के बाद अवैध हथियारों की आपूर्ति करने का निर्देश दिया। इसके बाद उसने एनसीआर में गिरोहों को अवैध हथियारों की आपूर्ति शुरू कर दी। पुलिस की पकड़ से बचने के लिए वह फोन का इस्तेमाल करने से बचता था और पूर्व-निर्धारित समय और स्थानों पर हथियार पहुंचाता था।

# हर तरफ बस यही आवाज, इस बार बनेगी भाजपा की सरकार : कैलाश गहलोत



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के नेता कैलाश गहलोत ने गुरुवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि हर तरफ से बस यही आवाज आ रही है कि इस बार भाजपा की सरकार बनेगी। कैलाश गहलोत द्वारका के भरथल गांव में भाजपा के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे थे, जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत के दौरान भाजपा की जीत का दावा किया। इसके साथ ही उन्होंने आप सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता पिछले 10 सालों के कुशासन से त्रस्त हो चुकी है और इसी का नतीजा है कि अब यहां के लोगों ने बदलाव का मन बना लिया है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने इतने सालों तक सत्ता में रहने के बावजूद दिल्ली की जनता के लिए कोई काम नहीं किया। आज तक इन लोगों ने दिल्ली के विकास के लिए कुछ नहीं किया। ऐसी स्थिति में अब यहां के लोगों ने भाजपा को लाने का मन बना लिया है। अब दिल्ली में केंद्र सरकार और एलजी मिलकर काम करेंगे। इसके अलावा, उन्होंने बिजवासन विधानसभा क्षेत्र के मुद्दों को लेकर कहा कि यह बहुत दुख की बात है कि साल 2025 में भी यहां के लोगों के लिए मुद्दे नहीं बदले हैं। आज भी यहां पर पानी, बिजली जैसी मूलभूत समस्याएं चुनाव में मुद्दे बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि 80 फीसद विधानसभा में ट्यूबवेल का पानी दिया जा रहा है और इसका पानी पीने के लायक नहीं होता है। ऐसा करके स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। इसके साथ ही कई विधानसभा में लोग गंदे पानी की समस्या से भी बहुत परेशान हैं। आम आदमी पार्टी की सरकार ने इतने सालों तक सत्ता में रहने के बावजूद अभी तक कोई कदम नहीं उठाया। उन्होंने झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोगों की दुर्दशा पर दुख जताते हुए कहा कि यहां रहने वाले लोगों को बहुत तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां लोग नर्क जैसा जीवन जीने को मजबूर हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बहुत ही शर्म की बात है कि इन लोगों ने वादा किया था कि हम लोग दिल्ली में हर व्यक्ति को पीने का स्वच्छ पानी देंगे। लेकिन, आज भी यहां कई लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। बता दें कि दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान है, जबकि नतीजों की घोषणा 8 फरवरी को होगी। वहीं, कैलाश गहलोत की बात करें, तो उन्होंने हाल ही में आम आदमी पार्टी से अपना नाता तोड़कर भाजपा का दामन थामा है। भाजपा ने उन्हें बिजवासन विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। उधर, आम आदमी पार्टी ने यहां से सुरेंद्र भारद्वाज पर दांव लगाया है।

# दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी किया थीम सॉन्ग

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने गुरुवार को थीम सॉन्ग लॉन्च कर दिया। इसका शीर्षक "हर जरूरत होगी पूरी, दिल्ली में कांग्रेस है जरूरी" रखा गया है। कांग्रेस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, आज दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का थीम सॉन्ग लॉन्च किया गया। हम साथ मिलकर दिल्ली को खुशहाल बनाएंगे, हमने पहले किया था, फिर कर दिखाएंगे। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि यह थीम सॉन्ग पार्टी की सारी गारंटी को दशार्ता है। यह एक उत्साह भी दिखाता है कि कांग्रेस पार्टी जनता के बीच किस उत्साह के साथ पहुंच रही है। लोगों के मन में भी बहुत उत्साह है। थीम सॉन्ग की लॉन्चिंग के मौके पर पवन खेड़ा ने मीडिया से बात करते हुए आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि शराब की लत व्यक्ति, परिवार और समाज को बर्बाद कर देती है, लेकिन शराब के जरिए पैसे कमाने की लत न केवल व्यक्ति और उसके चरित्र को बर्बाद करती है, बल्कि हमने यह भी देखा है कि कैसे केजरीवाल ने हमारी आंखों के सामने इस पूरे शहर को बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा, इस शराब प्रभावित पार्टी ने, जिसे आप सभी आम आदमी पार्टी कहते हैं, हमारी आंखों के सामने अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बुनियादी ढांचे वाले शहर को बर्बाद कर दिया है। हम सभी ने इसे देखा है, हम सभी इस बात के गवाह हैं कि यह शहर और इसका बुनियादी ढांचा कचरे के ढेर में तब्दील हो गया है। पवन खेड़ा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल कहते थे कि उनके पास हर मर्ज की दवा है। हमें दवा तो नहीं दिखी, लेकिन दारू की दलाली जरूर दिखी, जिसमें पूरी सरकार डूबी रही। अरविंद केजरीवाल साफ राजनीति का नारा लगाकर सत्ता में आए थे, लेकिन इनकी असलियत अब आपके सामने है। देश के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि एक मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर घोटाला किया हो।

# अरविंद केजरीवाल की सभा में आप की बागी विधायक ने काटा बवाल, रोकना पड़ा भाषण

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की एक सभा के दौरान गुरुवार को बड़ा हंगामा हो गया। आप की ही एक बागी विधायक ने सभा में घुसकर नारेबाजी कर दी। बवाल ऐसा हुआ कि भाषण दे रहे अरविंद केजरीवाल को कुछ पलों के लिए चुप होना पड़ा। दोनों पक्षों के कार्यकताओं में टकराव की नौबत आ गई। हालांकि, पुलिस ने किसी तरह स्थिति को संभाला। बाद में अरविंद केजरीवाल ने इसको लेकर गृहमंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री गुरुवार शाम हरि नगर में पार्टी उम्मीदवार सुरिंदर सेतिया के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे थे। वह यहां सड़क किनारे एक जगह जनसभा को संबोधित कर रहे थे। तभी वहां अपने समर्थकों के साथ राजकुमारी ढिल्लो पहुंच गईं। गाड़ी की छत पर बैठीं 'आप' विधायक ने माइक लेकर केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। वह 'चोर है-चोर है' चिल्लाने लगीं। उनके समर्थक भी नारेबाजी कर रहे थे।

मंच से भाषण दे रहे अरविंद केजरीवाल चुप हो गए और ढिल्लो के हंगामे को देखने लगे। आम आदमी पार्टी के समर्थकों ने भी नारेबाजी शुरू कर दी। टकराव की नौबत बनने लगी, लेकिन दिल्ली पुलिस के जवानों ने बीच-बचाव करते हुए जल्दी से ढिल्लो के काफिले को वहां से आगे बढ़ा दिया। इसके बाद अरविंद केजरीवाल ने अपने भाषण को जारी रखा। राजकुमारी ढिल्लो आम आदमी पार्टी की मौजूदा विधायक हैं। उन्हें पार्टी ने इस बार भी टिकट दिया था, लेकिन नामांकन से ठीक पहले 'आप' ने यहां उम्मीदवार बदल दिया। इससे ढिल्लो इतनी आहत हुईं कि उन्होंने बगावत कर दी। ढिल्लो ने आरोप लगाया कि पैसे लेकर उनके बदले दूसरे उम्मीदवार को उतारा गया। ढिल्लो ने कहा कि पार्टी ने एक महीने प्रचार कराने के बाद उन्हें धोखा दिया है। उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में कूद पड़ीं।

# रिश्तेदार और अपनी मजबूरी बताकर 1.3 लाख की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी जिला साइबर पुलिस टीम ने पीड़ित का रिश्तेदार और अपनी मजबूरी बताकर 1.3 लाख की ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी बब्लू कुमार महतो है। पुलिस ने इसके पास से 5 स्मार्टफोन, 32 सिम कार्ड बरामद किए है। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। उत्तर-पूर्वी जिला डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार की देखरेख में गठित टीम ने आरोपी के आंकड़ों के विश्लेषण के आधार पर बैंक खाते में कथित लेनदेन का पता लगाया और बबलू कुमार महतो को ममूरा, नोएडा, यूपी से गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया और अन्य मामलों में भी अपनी संलिप्तता का खुलासा किया, 26 नवंबर, 2024 को पीड़ित के व्हॉट्सएप कॉल आई। आरोपी ने खुद को उनका रिश्तेदार बताया और कहा कि वह किसी बैंक खाते में पांच छह लाख रुपये भेजने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन कुछ तकनीकि परेशानी के चलते भेज नहीं पा रहा हूं। आरोपी ने पीड़ित को अपने झांझे में लेकर बताया कि उसने उनके बैंक खाते में 1.3 लाख की राशि भेज दी है। इसके अलावा जालसाज ने पीड़ित के बैंक खाते में भेजी हुई धन राशि की एक जमा रसीद भेजी दी।

# करीब तीन महीने बाद लापता नाबालिग को क्राइम ब्रांच ने ढूंढ़ा, पुलिस पूछताछ ने सबको चौंकाया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम ने समयपुर बादली थाना क्षेत्र से लापता नाबालिग लड़की को दिल्ली के छावनी क्षेत्र से बरामद किया है। बीते वर्ष 30 अक्टूबर को समयपुर बादली पुलिस थाने में नाबालिग की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। क्राइम ब्रांच के उपायुक्त विक्रम सिंह के मुताबिक, टीम ने पीड़िता के माता-पिता और पीड़िता के दोस्तों से मुलाकात की। कई मोबाइल नंबरों की सीडीआर का विश्लेषण किया गया। तकनीकी निगरानी के आधार पर पीड़िता को दिल्ली छावनी क्षेत्र से बरामद किया गया। मामले की जांच से पता चला कि पीड़िता अनपढ़ है। उसके पिता की मृत्यु सात वर्ष पूर्व हो चुकी है और उसकी मां नौकरानी का काम करती है। पीड़िता एक लड़के के संपर्क में आई और उसके बाद वे एक-दूसरे से बात करते रहे।

**समर्थन** सर्वजन लोक शक्ति पार्टी दिल्ली के अंदर कश्यप, निशाद, मल्लाह और केवट समाज के उत्थान के लिए काम करती है।

# सर्वजन लोक शक्ति पार्टी ने दिया आम आदमी पार्टी को समर्थन

प्रात : किरण/एजेंसी



**सिसोदिया ने कहा, आप की नीतियों और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व से प्रभावित होकर, कई भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने हमारे आंदोलन में शामिल होने का फैसला किया है। यह जंगपुरा निर्वाचन क्षेत्र के लिए एक मजबूत टीम बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बता दें, सिसोदिया पटपड़गंज से लगातार तीन चुनावों में विजयी रहे थे, लेकिन उन्होंने 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के रविंदर सिंह नेगी के खिलाफ 3,207 वोटों के मामूली अंतर से जीत हासिल की थी।**

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव में सर्वजन लोक शक्ति पार्टी ने आम आदमी पार्टी को अपना समर्थन दिया है। गुरुवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय सिंह के साथ सर्वजन लोकशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश कश्यप ने इसकी घोषणा की। सर्वजन लोक शक्ति पार्टी दिल्ली के अंदर कश्यप, निशाद, मल्लाह और केवट समाज के उत्थान के लिए काम करती है।

संजय सिंह ने इस समर्थन के लिए आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल की तरफ से ओमप्रकाश कश्यप का आभार जताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में सर्वजन लोक शक्ति पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता हमारे प्रत्याशियों के लिए पूरी दिल्ली में प्रचार करेंगे। वहीं, सर्वजन लोक शक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने कहा कि हमारी पार्टी के सभी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने मिलकर निर्णय लिया है कि इस विधानसभा चुनाव में सर्वजन लोक शक्ति पार्टी का हर कार्यकर्ता 70 की 70 विधानसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को अपना समर्थन देगा और अधिक से अधिक वोट डलवाकर उन्हें जिताने के लिए काम करेगा। राज्यसभा सांसद संजय सिंह के साथ मनीष सिसोदिया ने बीजेपी के नेताओं का स्वागत किया, इनमें भाजपा नेता विजयपाल सिंह, पूर्व पार्षद और सिटी जोन के अध्यक्ष और जंगपुरा से भाजपा के ब्लॉक उपाध्यक्ष मोहित चौधरी शामिल थे। सिसोदिया ने कहा, आप की नीतियों और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व से प्रभावित होकर, कई भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने हमारे आंदोलन में शामिल होने का फैसला किया है। यह जंगपुरा निर्वाचन क्षेत्र के लिए एक मजबूत टीम बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बता दें, सिसोदिया पटपड़गंज से लगातार तीन चुनावों में विजयी रहे थे, लेकिन उन्होंने 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भाजपा के रविंदर सिंह नेगी के खिलाफ 3,207 वोटों के मामूली अंतर से जीत हासिल की थी। 2015 के चुनाव में उन्होंने बीजेपी के विनोद कुमार बिन्नी को 28,761 वोटों से हराया था और 2013 में उन्होंने बीजेपी के नकुल भारद्वाज को 11,476 वोटों के अंतर से हराया था।

वह अब जंगपुरा में करीबी मुकाबले में फंस गए हैं। भाजपा ने तरविंदर सिंह मारवाह को मैदान में उतारा है जबकि कांग्रेस ने पूर्व नगर निगम नेता फरहाद सूरी को उम्मीदवार बनाया है। कथित दिल्ली आबकारी घोटाले में नाम आने के बाद गिरफ्तार होने और जेल भेजे जाने पर उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के लिए उन्हें मजबूर होना पड़ा था। सिसोदिया को आगामी चुनावों में एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। दिल्ली में आप लगातार तीसरी बार बहुमत पाने की कोशिश कर रही है। वहीं भाजपा 26 साल बाद फिर से दिल्ली पर शासन करने के लिए मजबूत प्रयास कर रही है। वहीं कांग्रेस राष्ट्रीय राजधानी में प्रासंगिक बने रहने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। इस कारण दिल्ली का मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

**संक्षिप्त खबरें**

## गुरुग्रामः सोहना के कन्या स्कूल में मनाई गई नेताजी की जयंती

गुरुग्राम। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोहना के प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की जरूरतमंद छात्राओं को सर्दी से बचाव के लिए जर्सी बांटी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की इंचार्ज डाक्टर अंजू फुलिया ने की। कार्यक्रम की शुरूआत जयहिंद तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा भारत माता के नारों के उद्घोष से हुई। कार्यक्रम में गुरनाम सिंह और हरदीप सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कल्याण सिंह भारत प्राध्यापक ने किया। इस अवसर पर शिखा बंसल, रामरति, अशोक कुमार, नरेश कुमार चौखराम, जोगिंदर कलकल, लोकेश दत्त, योगेश कुमार, सुनील कुमार, अमित कुमार आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया और उपस्थित रहे।

## मानव श्रृंखला बनाकर यातायात सुरक्षा के लिए किया जागरुक

प्रात: किरण संवाददाता

बदायूँ। 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है इसके अन्तर्गत गुरुवार को नेताजी सुभाष चन्द्र की जयन्ती के अवसर पर जनपद बदायूँ में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए एक मानव श्रृंखला का निर्माण किया गया तथा मानव श्रृंखला में शामिल होने वाले छात्र छात्राओं के अलावा अन्य लोगों को भी सड़क सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी।ल्लेखनीय है कि सड़क दुर्घटना में 18 से 35 वर्ष की आयु के 51 प्रतिशत से अधिक युवाओं की मृत्यु हो रही है, इसके साथ ही दोपहिया वाहन चालक भी सड़क दुर्घटना में सर्वाधिक मृत्यु का शिकार हो रहे है, ऐसी दशा में छात्र-छात्राओं तथा युवाओं को जागरूक किया जाना नितांत आवश्यक है। इसके दृष्टिगत शासन के निर्देश पर यह आयोजन पूरे प्रदेश में आयोजित किया गया जिसमें जिले के लगभग 20 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अन्य लोग मिलाकर लगभग 3000 लोगों प्रतिभाग किया। कार्यक्रम भामाशाह चौराहा से लेकर दातागंज चुंगी (तिराहा) के बीच आयोजित किया गया, जिसमें भामाशाह चौराहा, इन्दिरा चौक तथा दातागंज तिराहा पर शपथ कार्यक्रम के लिए मंच स्थापित किये गये। भामाशाह चौराहा पर जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव द्वारा, इन्दिरा चौक पर अपर जिलाधिकारी (वि० एवं रा०) वैभव शर्मा तथा दातागंज तिराहा पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार द्वारा शपथ दिलायी गयी।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा० ब्रजेश सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अरूण कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) अमित श्रीवास्तव, नगर मजिस्ट्रेट प्रवर्धन शर्मा, क्षेत्राधिकारी (नगर) शक्ति सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) अम्ब्रीश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) राम वचन, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार एवं अन्य अधिकारीगण तथा इसके अतिरिक्त बस यूनियन अध्यक्ष ओमकार सिंह तथा शिवस्वरूप गुप्ता व्यापार मंडल की ओर से इत्यादि लोग शामिल हुए।

# नेताजी की जयंती पर हुआ स्वच्छता क्रांति कार्यक्रम

### अतिरिक्त निगमायुक्त ने नागरिकों से स्वच्छ, सुंदर, हरित गुरुग्राम बनाने में सहयोग का किया आह्वान

प्रात: किरण संवाददाता



गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा सेंटर फॉर साइट और विभिन्न आरडब्ल्यूए तथा स्कूलों के सहयोग से गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर सेक्टर-14 स्थित नेताजी पार्क में स्वच्छता क्रांति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. बलप्रीत सिंह ने शहर वासियों से स्वच्छ, सुंदर व हरित गुरुग्राम बनाने में सहयोग का आह्वान किया।

कार्यक्रम में डॉ. बलप्रीत सिंह ने नागरिकों की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वच्छता केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए जागरुकता कार्यक्रमों पर अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि हम सभी को यह समझना चाहिए कि प्रदूषण और कचरे की समस्या हमारी खुद की ही बनाई हुई है। हम सभी अपने घर की तरह अपने आसपास के क्षेत्र, गली-मोहल्ले तथा शहर के सार्वजनिक स्थानों की सफाई का भी ध्यान रखें। कचरा इधर-उधर ना फैलाएं, बल्कि यह सुनिश्चित करें कि हमारे यहां से निकलने वाला कचरा सही जगह पर पहुंचे। कचरे को गीले, सूखे व घरेलू हानिकारक श्रेणी में बांटें।

उन्होंने यह भी कहा कि पहले लोग कपड़े के थैले का उपयोग करते थे, लेकिन समय के साथ पॉलीथिन का प्रचलन बढ़ा। अपनी सुविधा के चक्कर में हम पॉलीथिन के उपयोग की ओर बढ़े, जो न सिर्फ प्रदूषण बढ़ाता है बल्कि स्वास्थ्य समस्याओं को भी जन्म देता है। हमें इसे समाप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने पॉलीथिन का उपयोग ना करने का आह्वान भी शहरवासियों से किया। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने नुक्कड़ नाटक, गायन और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया।

कार्यक्रम में निवर्तमान निगम पार्षद अनूप सिंह ने सभी का स्वागत किया और धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व सैनिकों कमांडेंट रोहताश कुमार गुप्ता तथा कर्नल संजय पांडेय को शॉल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों को उनके योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम गुरुग्राम शहर को एक स्वच्छ, स्वस्थ और पर्यावरण मित्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस मौके पर 12 आरडब्ल्यूए, 13 स्कूल, 6 सामाजिक कार्यकर्ता, राजकीय कन्या महाविद्यालय, 10 सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि व विद्यार्थी उपस्थित थे।

# जय विहार बापरोला में गणतंत्र दिवस उत्सव के साथ देशभक्ति की गूंज

### स्कूली बच्चों से पूछे संसद-संविधान और सामान्य ज्ञान के सवाल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



पश्चिमी दिल्ली: चुनावी माहौल के बीच जय विहार बापरोला में गणतंत्र दिवस उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर सामाजिक संस्था पंचकोसी फाउंडेशन ने स्थानीय पूर्व सैनिकों को सम्मानित करते हुए देशप्रेम की भावना को जागरूक किया।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता देश के लिए 10 सवाल आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभाशाली बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया जिसमें मुस्कान प्रथम, प्रत्यूष द्वितीय और आरूषि ने तृतीय पुरस्कार जीते। वहीं ह्यसमानताह्व विषय पर आधारित ड्राइंग प्रतियोगिता में क्रमशः जैनब खातून, महिका सिंह और प्रणीत ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर उनकी प्रतिभा का उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक और समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। संस्था के अध्यक्ष सुशील कुमार देव ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी स्थानीय पांच स्कूलों और कॉलोनी के दर्जनों बच्चों ने इस उत्सव में भाग लिया। सुबह के समय पूर्व सैनिकों और बच्चों ने भारत माता की जयकारों के साथ प्रभातफेरी निकाली, जिसने पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल बना दिया। इस आयोजन में उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों और दर्शकों ने देशभक्ति कार्यक्रम का आनंद लिया और वीर जवानों के बलिदानों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में संस्था के प्रमुख सदस्यों राजेंद्र कुमार, जितेंद्र लाल, सुनील तिवारी, उमाशंकर, विनोद सिंह, प्रदीप आर्य, ओमप्रकाश गिरी, श्रीधर गुप्ता और अंकित पंडित का विशेष योगदान रहा।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कराया खेल कुंभ का आयोजन




प्रात: किरण संवाददाता

- खेलों से जीवन में आता है अनुशासन एवं होता है शारिरिक विकास:अर्पित त्यागी।

स्योहारा। नगर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् मेरठ प्रान्त की स्योहारा इकाई द्वारा खेल कुंभ का आयोजन कराया गया। नगर खेल कुम्भह्व के अंतर्गत आज खो-खो,कबड्डी ,लंबी कूद ,उचि कूद व दौड़ का डीएवी इंटर कालेज स्योहारा में आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसमे मुख्य अतिथि अर्पित त्यागी जिला कार्यकारिणी सदस्य आरएसएस व हैरी गुर्जर, शौर्य रस्तोगी जिला सह संयोजक धामपुर एबीवीपी , सतेंद्र सिंह विभाग संगठन मंत्री बिजनौर प्रबंधक डीएवी स्कूल गजेंद्र प्रजापति जी , शानू शेख नगर अध्यक्ष एबीवीपीज ,नगर मंत्री आरुषि पाल , अंजली वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे ' शानू शेख ने कहा नगर खेल कुम्भ के माध्यम से छात्रों में छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का काम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूरे भारत में कर रहा है जिससे आने वाले समय में ये छात्र देश के लिये मैडल जीतकर पूरी दुनिया मे देश का नाम रोशन करे।मुख्य अतिथि अर्पित त्यागी ने कहा खेलों से मनुष्य के अंदर जीवन में अनुशासन आता है और आपसी प्रेम की भावना बढ़ती है तथा शारीरिक विकास होता है।युवा पीढ़ी को खेलो के प्रति भी रुचि रखनी चाहिए। आगे चलकर युवा खिलाड़ी हमारे देश के लिए सकरात्मक योगदान देंगे।

# गुरुग्रामः डा. संजय कुमार को मिला बेस्ट टीचर व सोशल वर्कर अवार्ड

### फिल्म अभिनेत्री भागयश्री ने दिया अवार्ड



गुरुग्राम। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले डा. संजय कुमार को बेस्ट टीचर एजुकेटर व प्रेरणादायी सोशल वर्कर ऑफ दा ईयर का अवार्ड मिला है। डेरा सच्चा सौदा से जुड़े डा. संजय कुमार को यह अवार्ड फिल्म अभिनेत्री भागयश्री ने दिया। डा. संजय कुमार ने गुरुवार को यह अवार्ड पूज्य गुरूजी संत डा. राम रहीम सिंह जी इंसा को समर्पित किया है।

बिजो बिजनेस अवाड्र्स एंड एक्सपो समारोह में मूलरूप से गांव डलिहारा जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) के रहने वाले (वर्तमान में गुरग्राम में रह रहे) डा. संजय कुमार को इस समारोह में बेस्ट टीचर एजुकेटर व प्रेरणादायी सोशल वर्कर ऑफ दा ईयर के लिए नामित किया गया। युवाओं को बढ़ावा देने, स्टार्टअप बिजनेस को बढ़ावा देने, व्यापार में नए दृष्टिकोण से प्रोत्साहित करने के लिए अलग-अलग देशों से सोशल वर्कर, विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, बिजनेसमैन, फिल्मी हस्तियां मौजूद रहीं। समाजसेवी संस्थाओं, समाजसेवियों को उनकी कार्यकुशलता, दक्षता के अनुसार उन्हें उनकी श्रेणी में उनकी दक्षता के अनुसार अवार्ड से सम्मानित किया गया। डा. संजय कुमार ने कहा कि वे लंबे समय से डेरा सच्चा सौदा से जुड़े हैं। समाजसेवा के क्षेत्र में डेरा सच्चा सौदा सदैव अग्रणी रहता है। पूज्य गुरूजी से सदैव सेवा की ही प्रेरणा मिली है। उनकी प्रेरणा से ही वे सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का काम करते हैं।

# नवागत जिलाधिकारी जसजीत कौर को एमआर पाशा ने दी बधाई

- दिव्यांगों की विभिन्न समस्याओं से कराया अवगत

प्रात: किरण संवाददाता



बिजनौर। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा के नेतृत्व में एसोसिएशन का एक प्रतिनिधि मंडल बृहस्पतिवार को जिला अधिकारी बिजनौर कार्यालय मे पहुंचा और नवागत जिलाधिकारी जसजीत कौर गुलदस्ता देकर बधाई दी।और दिव्यांगों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जिला उद्योग केंद्र खादी व ग्राम उद्योग पर दिव्यांगजन आवेदन करते हैं। तो यह दोनों विभाग दिव्यांग जनों के आवेदन कैंसिल कर देते हैं। उनको बैंकों को नहीं भेजते।अतः आपसे अनुरोध है। कि उनको संबंधित बैंक शाखाओं में भेजें तथा जिला अग्रणी बैंक अधिकारी को भी आदेशित करें कि संबंधित शाखा प्रबंधक दिव्यांग जनों का ऋण स्वीकृत कर उन्हें मुख्यधारा में जोड़ें ताकि दिव्यांगजन अपना रोजगार कर अपना व अपने परिवार का पालन पोषण कर सके। तथा समाज मे मुख्य धारा में शामिल हो सके। जिले के पुलिस थानों में तथा सीओ कार्यालयों जिनमे रैंप नहीं है। दिव्यांगों की सुविधा के लिए रैम्प बनवाए जाएं।योजना में बन रहे आवासों में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी दिव्यांगों का चयन नहीं कर पाते जो पात्र दिव्यांग है उनका ग्रामीण व शहरी आवास में चयन किया जाए।उन्होंने बताया की जिलाधिकारी महोदया ने आश्वासन दिया कि जल्द ही दिव्यांगों की सभी जिला स्तरीय समस्याओं को जिले के सभी आला अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा और समस्याओं का निस्तारण तत्काल कराया जाएगा। इस मौके पर वाइस प्रेसिडेंट मोहम्मद वसीम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मौ0आजम, ब्लाक अध्यक्ष बुढ़नपुर मास्टर शहजाद गोविंदपुर,जिला सचिव इकबाल उस्मानी, ब्लाक अध्यक्ष नहटौर मास्टर जबर सिंह सांगवान, जिला प्रभारी मौहम्मद अफजाल आदि मौजूद रहे।

# नूंहः अवैध निर्माण ढहाने गई टीम पर पथराव, डयूटी मजिस्ट्रेट से हाथापाई

### हमलावर महिलाओं ने जेसीबी के भी शीशे तोड़े पुलिस ने एक महिला को किया गिरफ्तार

नूंह। जिला के खंड पुन्हाना में अवैध कालोनियों में निमार्णों को गिराने गई डीटीपी की टीम पर महिलाओं ने पथराव कर दिया। इस पथराव में जेसीबी मशीन में भी तोडफोड़ की गई। साथ ही मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिलाओं ने हाथापाई की। पुलिस ने इस उपद्रव में एक महिला को गिरफ्तार किया। अवैध निमार्णों की तोडफोड़ के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए जिला नगर योजनाकार बिनेश कुमार ने बताया कि पुन्हाना के डुडौली, ठेक व पटाकपुर में विभाग को काफी समय से अवैध निमार्णों की सूचना मिल रही थी। भूमाफियाओं द्वारा अवैध कॉलोनी काटकर वहां पर निर्माण कराया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस सुरक्षा के बीच वे अवैध निमार्णों को ढहाने के लिए जेसीबी लेकर पहुंचे। गांव पटाकपुर में करीब सात एकड़ जमीन से रास्तों व डीपीसी को तोड़ा गया। इसी तरह से गांव डुडौली क्षेत्र में भी करीब पांच एकड़ जमीन में काटी जा रही कालोनियों में निर्माण तोड़े गए। टीम जब ठेक गांव में निर्माण तोडे पहुंची तो काफी संख्या में महिलाएं जेसीबी के सामने आ गईं। डीटीपी बिनेश कुमार के मुताबिक महिलाओं ने सरकार काम में बाधा डालना शुरू कर दिया। देखते ही देखते कुछ महिलाओं ने जेसीबी मशीन पर पथराव करना शुरू कर दिया। डीटीपी के साथ भी महिलाओं द्वारा बदसलूकी करते हुए हाथापाई की गई। पुलिस ने महिलाओं को तितर-बितर करने का प्रयास किया। डीटीपी के मुताबिक महिलाओं ने उनके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की भी धमकी दी। मौके पर पुलिस ने शबनम नामक महिला को पथराव करते हुए पकड़ा। पुलिस थाना से जांच अधिकारी देवी सिंह ने गुरुवार को जानकारी दी कि शिकायत मिलन पर आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# किशोर लड़कियों व लडकों को दी मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी




गुरुग्राम। ह्यूमन पीपल टू पीपल संगठन ने गुरुवार को सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पचगांव में किशोर लड़कियों और लडकों के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर एक सत्र आयोजित किया। इस सत्र में वाइस प्रिंसिपल पूनम राठी ने चर्चा की कि किशोरों के स्वास्थ्य के लिए मानसिक स्वास्थ्य कितना महत्वपूर्ण है। प्रोजेक्ट लीडर रोकी कुमार ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य के बारे में चर्चा करना कितना आवश्यक है, ताकि इस विषय पर बनी हुई कलंक को तोड़ा जा सके। आदित्य क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य पर कौन से कारक प्रभाव डालते हैं और इनसे कैसे निपटा जा सकता है। इस सत्र का उद्देश्य किशोरों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरुक करना और उन्हें इस विषय पर खुलकर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर, ह्यूमना पीपल टू पीपल संगठन के प्रतिनिधि ने कहा कि हमें लगता है कि मानसिक स्वास्थ्य के बारे में चर्चा करना और किशोरों को इस विषय पर जागरूक करना बहुत जरूरी है। हमें उम्मीद है कि यह सत्र किशोरों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करने में मदद करेगा।

# लाल डोरा में रहने वालों को आपत्ति दर्ज करने का मौका

प्रात: किरण संवाददाता

सोहना। नगर परिषद ने लाल डोरा सीमा क्षेत्र में दावे और आपत्तियां दर्ज करने का एक मौका और दिया है। लाल डोरा में रहने वाले लोग पांच फरवरी तक अपने दावे और आपत्तियां जमा करा सकते हैं। शहर के लाला डोरा में करीब 4500 परिवार आते हैं। राज्य सरकार लाल डोरा सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को मालिकाना हक देना चाहती है। अभी उन्हें जमीन का मालिकाना हक नहीं है। लाल डोरा के अंदर रहने वाले लागों की जमीन की रजिस्ट्री तक नहीं है। अब ऐसे लोग मकान की जमीन को अपने नाम चढ़वा सकेंगे। नगर परिषद ने इससे पहले 26 दिसंबर 2024 से 5 जनवरी 2024 तक का लाल डोरा सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों से दावे-आपत्तियां मांगे थे, लेकिन लोगों ने खास रुचि नहीं दिखाई। केवल चार लोगों ने अपने रिहायशी जमीन के रिकॉर्ड में खामियों को दूर करने के लिए आवेदन किया था। ऑनलाइन कर सकते हैं जांचः प्रदेश सरकार ने शहरी क्षेत्र के लाल डोरा सीमा क्षेत्र को ऑनलाइन पोर्टल पर भी डाल दिया है। आम लोग ऑनलाइन ६६६ॅ.ङ्क्षप्.ल्ल पर जांच कर सकते हैं। ऑनलाइन लाल डोरा के अंदर गलतियों को ठीक करवा सकते हैं। नगर परिषद कार्यालय में आकर भी दावे-आपत्तियां जमा करा सकते हैं। लाल डोरा के अंदर जमीन का मालिकाना हक पाने के लिए लोग रुचि नहीं दिखा रहे। नगर परिषद की तरफ से इसके लिए मुनादी कराके लोगों को जागरूक किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में शादी के अटूट बंधन मे बंधे 54 जोड़े



प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बृहस्पतिवार को शिव इंटर कॉलेज में 54 जोड़ों का सामूहिक विवाह वैदिक मंत्रोच्चार साथ संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ लोकसभा सांसद कंवर सिंह तंवर, विधायक राजीव तरारा, ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी और डीएम निधि गुप्ता वत्स ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विधायक राजीव तरारा ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को बेमिसाल बताया। इस दौरान विकासखंड अधिकारी अरुण कुमार ने बताया की आज कल 80 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न होना था। लेकिन 80 में से 54 जोड़ों का विवाह संपन्न हो गया। इस दौरान सभी अतिथियों ने वैवाहिक जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया और नव विवाहित जोड़ों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस दौरान एसडीएम धनोरा, मुख्य विकास अधिकारी अमरोहा अश्वनी कुमार, मनरेगा पी डी अमरोहा, गजरौला ब्लॉक खंड विकास अधिकारी अरुण कुमार, एडीओ समाज कल्याण आकाश पाल, एडीओ पंचायत राजवीर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी अमरजीत सिंह, ग्राम विकास अधिकारी गौरव चौधरी, ग्राम पंचायत अधिकारी फौजीन्दर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी शिवम वर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी राजपाल सिंह, ग्राम विकास अधिकारी राहुल राणा, पल्लवी चौधरी, अर्चना सैनी व शादी समारोह में आए अतिथि गण मौजूद रहे।

# आजादी के महानायक माँ भारती के वीर सपूत नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस पर

### श्री वेंकटेश्वरा में बोस दा राष्ट्रनायक विषय पर संगोष्ठी एवं राष्ट्र सेवा शपथ समारोह का आयोजन

- नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसा दूरद्रष्टा राष्ट्रनायक एवं ब्रिटिश हुकूमत की जड़ों को हिलाने वाला उनके समकालीन कोई नहीः सुधीर गिरि
- यदि हर भारतवासी नेताजी के आदर्शों पर चलकर राष्ट्र सेवा के यज्ञ में अपने प्रभावी योगदान की आहुति दे तो ये देश जल्द ही दुनिया का सिरमौर होगाः डा. राजीव त्यागी

प्रात: किरण संवाददाता



अमरोहा/गजरौला। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में माँ भारती के वीर सपूत एवं आजादी के रणबांकुरे आजाद हिन्द फौज के संस्थापक नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस पर बोस दा राष्ट्रनायक विषय पर संगोष्ठी एवं राष्ट्र सेवा शपथ कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान, प्रबंधन, प्रशासन, अतिथियों एवं वक्ताओं ने उपस्थित हजारों छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नेताजी के द्वारा देश की आजादी के लिए किये गए संघर्षों पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनके आदर्शों पर चलकर राष्ट्र सेवा की शपथ दिलायी गयी। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के परेड ग्राउंड में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस पर आयोजित बोस दा राष्ट्रनायक विषय पर आयोजित संगोष्ठी एवं राष्ट्र सेवा शपथ समारोह कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवियित्री डा. मधु चतुवेर्दी, कुलपति प्रो. कृष्णकांत दवे आदि ने माँ भारती एवं नेताजी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया। अपने सम्बोधन में समूह अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि नेताजी जैसा दूरद्रष्टा, राष्ट्रभक्त एवं आजादी के लिए सर्वत्र न्यौछावर करने वाले विरले ही होते है, जिन्होंने बिना किसी सहायता के ब्रिटिश हुकूमत को लोहे के चने चबाने के लिए तीन माह के अल्प समय में स्वयं ट्रेनिंग देकर चालीस हजार (40000) पुरुष एवं महिला लड़ाकों की सेना आजाद हिन्द फौज का गठन कर अंग्रेजों के माथे पर पेशानी में बल डालने का काम किया। श्री वेंकटेश्वरा के प्रतिकुलाधिपति एवं अंतरराष्ट्रीय प्रेरक वक्ता डा. राजीव त्यागी ने कहा कि ऐसे महान राष्ट्रभक्त को आज उनकी जयंती पराक्रम दिवस पर यही सच्ची श्रद्धांजली होगी कि हम जातिवाद, क्षेत्रवाद, धर्म, संप्रदाय से ऊपर उठकर कार्यक्षेत्र में शानदार कार्य करते हुए राष्ट्र सेवा में अपना शत प्रतिशत योगदान दें आज उनकी जयंती पर पूरे राष्ट्र के साथ वेंकटेश्वरा परिवार उनको नमन करता है। पराक्रम दिवस पर आयोजित बोस दा राष्ट्रनायक संगोष्ठी एवं राष्ट्र सेवा शपथ समारोह को कुलपति प्रो. कृष्णकान्त दवे, डीन नर्सिंग डा. एना ब्राउन ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. पीयूष पाण्डे, डा. राजेश सिंह, डा. टी.पी.सिंह, डा. दिनेश गौतम, डा. आशुतोष गौतम, डा. ज्योति सिंह, डा. योगेश्वर शर्मा, डा. मंजरी राणा, डा. राजवर्धन सिंह, डा. एस वाल्टर, डा. अनुषा कर्णवाल, प्रतिमा, नीमा, पूजा एरी, डा. स्नेहलता गोस्वामी, सुमंदीप कौर, स्मिता, हरप्रीत, हिमानी चौहान, मेरठ परिसर निदेशक डा. प्रताप एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन नर्सिंग विभाग के डा. मनीष शर्मा ने किया।

# गणतंत्र दिवस पर मंत्री राव नरबीर सिंह गुरुग्राम में फहराएंगे तिरंगा

गुरुग्राम। गुरुग्राम में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय समारोह में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह सेक्टर 38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में मनाया जाएगा। डीसी अजय कुमार ने बताया कि गुरुवार को बताया कि पूर्व की भांति इस बार भी जिला में उपमंडल स्तर पर गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि मानेसर उपमंडल में गणतंत्र दिवस समारोह नखड़ोला में आयोजित किया जाएगा जहां गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। पटौदी उपमंडल में यह समारोह अनाज मंडी में आयोजित किया जाएगा जहां स्थानीय विधायक बिमला चौधरी राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगी। डीसी ने बताया कि सोहना उपमंडल में ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित समारोह में स्थानीय विधायक तेजपाल तंवर मुख्यातिथि होंगे। बादशाहपुर उपमंडल में रेवाड़ी के विधायक राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। यह कार्यक्रम सेक्टर-43 स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। सभी आयोजन स्थल पर देश भक्ति व विभिन्न लोक संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र बिंदु रहेंगे। समारोह में परेड की टुकडिों द्वारा भव्य मार्च पास्ट प्रस्तुत किया जाएगा। डीसी ने बताया कि समारोह में सरकारी विभागों में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों पर आधारित झांकियां भी निकाली जाएंगी। समारोह स्थल व आस-पास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था, बैरिकेडिंग, परेड व सलामी दस्ता, ध्वजारोहण, राष्ट्रगान आदि की व्यवस्था संबंधित विभागों को करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मुख्य अतिथि समारोह स्थल पर पहुंचने से पहले सिविल लाइन्स स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र चढ़ाकर देश की आजादी आंदोलन से लेकर अब तक अपने प्राणों की शहादत देने वाले रणबांकुरों को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

# खनन अधिकारी की मिली भगत से खेत बने सुरंग मुख्यमंत्री को की शिकायत

बदायूं



बदायूं जिले के सभी तहसीलों में खनन अधिकारी बृज प्रसाद की मिलभगत भगत से खेत बना सुरंग ऐसा ही आरोप भाजपा चेयरमैन पूर्व प्रत्याशी प्रदीप गुप्ता फौजी ने खनन अधिकारी पर लगाकर मुख्यमंत्री को ऑनलाइन शिकायत की शिकायत में बताया गया है कि खनन अधिकारी की सांठगांठ से जिले में खनन माफिया सक्रिय है और जमकर खनन कर तालाबों को पाटने में लगे हुए है जिसकी एवज में खनन माफिया ओ से लाखों रुपए रोज की काली कमाई हो रही है चेयरमैन प्रत्याशी ने बताया कि खनन अधिकारी अभी तक खनन माफिया ओ के चलते करोड़ों रुपए की काली कमाई कर चुके है और हरे भरे खेतों को सुरंग का रूप दे चुके हैं सूत्र बताते हैं कि खनन अधिकारी 2500 रुपए लेकर एक टैक्टर व जे सी वी की स्वीकृति प्रदान करते हैं जिसकी आड़ में खनन माफिया पूरे खेत को रातों रात सुरंग बना देते हैं और खनन अधिकारी बृज प्रसाद भी अपने कर्मचारियों के साथ रात में उनकी देखभाल का कार्य करते नजर आते है और जो खनन माफिया उनको घूस टाइम पर नहीं देता है तो उसका टैक्टर सीज कर दिखा दिया जाता है कि खनन अधिकारी खनन माफिया ओ के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं भाजपा प्रत्याशी ने खनन अधिकारी बृज प्रसाद को जिले से हटाने व खनन अधिकारी की आय से अधिक सम्पत्ति की जांच की मांग की है जिससे ये पता चल सके कि खनन अधिकारी किस तरह काली कमाई कर अपनी संपत्ति को रात चौगुनी करने में लगे हुए हैं अब ये तो आने वाला समय ही बताएगा कि भ्रष्टाचार में लगे खनन अधिकारी बृज प्रसाद पर क्या कार्रवाई होती है या फिर सरकार की छवि को ऐसे ही धूमिल करते रहेंगे खनन अधिकारी

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 24 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### मथुरा में आवारा कुत्तों ने तीन साल के बच्चे को मार डाला



मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में आवारा कुत्तों ने घर के बाहर खेल रहे तीन साल के बच्चे को मार डाला। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना कोसीकलां शहर की ईदगाह कॉलोनी की है, जहां बुधवार को घर के बाहर खेलते समय खूंखार आवारा कुत्तों के एक झुंड ने बच्चे को अकेला पाकर घेर लिया और कुछ ही पलों में उसे लहूलुहान कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत यह सूचना बच्चे के परिजनों को दी। वे उसे उपचार के लिए पास के अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लेकिन उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में ही बच्चे की मृत्यु हो गई।

छाता के पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष शर्मा ने बताया कि जानकारी मिली है कि कस्बे के दिल्ली गेट मोहल्ला स्थित ईदगाह कॉलोनी निवासी सोफियान (तीन) बुधवार को अपराह्न तीन बजे के करीब घर के बाहर खेल रहा था, तभी कहीं से लड़ते हुए आए कुछ आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया और उसे घसीटते हुए ले गए तथा बुरी तरह उस पर टूट पड़े।

उन्होंने बताया कि जब गली के ही कुछ बच्चों ने यह दृश्य देखा तो दौड़कर उसके घरवालों को बताया। वे सभी सन्न रह गए। उन लोगों ने भागकर कुत्तों को डंडे से मारकर भगाया, लेकिन तब तक वे बच्चे को बुरी तरह से घायल कर चुके थे। बच्चे के शरीर पर जगह-जगह कुत्तों के दांत एवं पंजों से बने जख्म थे।

परिजन मासूम सोफियान को लेकर एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन जब घायल बच्चे को मथुरा ले जा रहे थे तभी रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजनों के अनुसार, वह तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उन्होंने बताया कि नगर पालिका प्रशासन को इस घटना की जानकारी दे दी गई है।

# महाकुम्भ के दौरान संगम में डुबकी लगाने वालों का आंकड़ा 10 करोड़ के पार

प्रात: किरण संवाददाता

महाकुम्भ नगर। महाकुंभ के अवसर पर मोक्ष की अभिलाषा के साथ देश दुनिया के विभिन्न अंचलों से आकर तीर्थराज प्रयागराज में त्रिवेणी में पवित्र डुबकी लगाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या गुरुवार दोपहर तक दस करोड़ के आंकड़े को पार कर चुकी थी।

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतो, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों के स्नान का यह नया रिकॉर्ड है। महाकुम्भ में प्रतिदिन लाखों की संख्या श्रद्धालु पुण्य स्नान का फल प्राप्त कर रहे हैं। सरकार पहले ही 45 दिन तक चलने वाले महापर्व के दौरान 45 करोड़ श्रद्धालुओं के यहां आने का अनुमान व्यक्त कर चुकी है जिसमें अकेले मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर ही दस करोड़ श्रद्धालुओं के प्रयागराज आगमन के आसार हैं।



गंगा की रेती पर हजारों कदम चलने के बाद त्रिवेणी के पावन जल में डुबकी लगाने वालों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। गुरुवार दोपहर 12 बजे तक 30 लाख लोगों ने त्रिवेणी संगम में स्नान कर लिया। इसमें 10 लाख कल्पवासियों के साथ-साथ देश विदेश से आए श्रद्धालु एवं साधु-संत शामिल रहे। इसके साथ ही महाकुम्भ में 10 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या भी पार कर गई। पूरे महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भक्तों का तांता लगा रहा। देश के विभिन्न प्रान्तो और विश्व के अनेक देशों से आए श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया।

संगम के तटों पर इस समय पूरे देश की विविध संस्कृतियों की झलक देखने को मिल रही है। ऊंच नीच, जात पात, पंथ से ऊपर उठकर लोग संगम स्नान कर एकता के महाकुम्भ के संकल्प को साकार कर रहे हैं।

अब तक के कुल स्नानार्थियों की संख्या का विश्लेषण करें तो 23 जनवरी तक 10 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। सर्वाधिक 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने मकर संक्रांति के अवसर पर अमृत स्नान किया था, जबकि पौष पूर्णिमा के स्नान पर्व पर 1.7 करोड़ से ज्यादा लोगों ने पावन डुबकी लगाई थी। इसके अलावा प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पुण्य स्नान कर रहे हैं।

# महाकुंभ : वाटर एटीएम से बटन दबाते ही मिल रहा फ्री आरओ पानी

प्रात: किरण संवाददाता

महाकुंभ नगर। प्रयागराज में सनातन के महापर्व महाकुंभ का दिव्य भव्य आयोजन चल रहा है। देश भर से करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु महाकुंभ में संगम स्नान करने हर दिन आ रहे हैं। अब तक 10 करोड़ श्रद्धालु संगम में स्नान कर चुके हैं। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में मेला प्रशासन और अलग-अलग विभाग व्यवस्था और सुविधाएं उपलब्ध कराने में प्रयासरत हैं।

इसी क्रम में यूपी जल निगम नगरीय ने श्रद्धालुओं को पीने के लिए आरओ वाटर उपलब्ध करवाने को लेकर 200 वाटर एटीएम लगाए हैं। इन वाटर एटीएम से महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं को पूरी तरह मुफ्त शुद्ध आरओ वाटर उपलब्ध करवाया जा रहा है। महाकुंभ में प्रतिदिन लाखों, करोड़ों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के पीने के लिए शुद्ध आरओ पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके लिए मेला क्षेत्र में 200 वाटर एटीएम लगाए गए हैं। इन वाटर एटीएम से श्रद्धालु पूरी तरह मुफ्त शुद्ध आरओ वाटर पीने के लिए ले सकते हैं। ये वाटर एटीएम पूरे मेला क्षेत्र के अलग-अलग सेक्टर और मंदिरों के पास लगाए गए हैं।

वाटर एटीएम के बारे में बताते हुए उप्र जल निगम नगरीय के अधिशासी अभियंता सतीश कुमार ने बताया कि वाटर एटीएम को लेकर शुरुआत में आ रही सभी तकनीकी समस्याओं को दूर कर दिया गया है। अब श्रद्धालु केवल बटन दबाकर पूरी तरह मुफ्त




आरओ वाटर अपनी बोतलों या बर्तनों में ले सकते हैं।

अधिशासी अभियंता ने बताया कि पहले मेला प्रशासन ने एक रुपए का शुल्क तय किया था। लेकिन, अब आरओ वाटर पूरी तरह मुफ्त है। प्रत्येक वाटर एटीएम पर ऑपरेटर बैठते हैं, जो श्रद्धालुओं के कहने पर बटन दबाते ही शुद्ध जल उपलब्ध करवा रहे हैं। वाटर एटीएम में आने वाली तकनीकी खराबी की सेंसर के माध्यम से निगरानी हो रही है। किसी भी तरह की समस्या आने पर जल निगम के तकनीशियन तत्काल दूर करते हैं। उन्होंने बताया कि वाटर एटीएम से प्रतिदिन 12 से 15 हजार लीटर पानी श्रद्धालुओं को उपलब्ध करवाया जा रहा है। अब तक लाखों लोग इस सुविधा का लाभ ले चुके हैं।

मकर संक्रांति के दिन 14 जनवरी को लगभग 46 हजार लीटर पानी वाटर एटीएम से उपलब्ध करवाया गया था। वहीं, मौनी अमावस्या पर भी पर्याप्त पानी उपलब्ध कराया जाएगा, इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। मौनी अमावस्या पर 10 करोड़ लोगों के आने की संभावना है। ऐसे में किसी को पीने के पानी की कमी नहीं होने दी जाएगी।

# प्रेम प्रसंग की वजह से एक युवक की हत्या कर शव बरेली में फेंका

प्रात: किरण संवाददाता

बरेली। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के बीसलपुर कस्बे के निवासी 28 वर्षीय युवक की कथित तौर पर प्रेम प्रसंग की वजह से गला रेतकर हत्या कर दी गई और उसके गुप्तांगों को क्षत-विक्षत कर दिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

मुजम्मिल का शव बुधवार को बरेली जिले के इज्जतनगर थाना क्षेत्र के बरकापुर में एक नहर के पास बंधा हुआ मिला।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। बरेली के पुलिस क्षेत्राधिकारी (तृतीय) देवेंद्र कुमार ने बताया, बीसलपुर से लापता हुए मुजम्मिल का शव बीसलपुर और इज्जतनगर पुलिस ने संयुक्त अभियान के बाद बरामद कर लिया। बीसलपुर में दर्ज गुमशुदगी की प्राथमिकी को हत्या के मामले में बदल दिया गया है और आगे की जांच बीसलपुर पुलिस करेगी।

इज्जतनगर थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह को बुधवार को बरकापुर गांव में नहर के पास एक शव के बारे में सूचना मिली।

उन्होंने बताया, हमारी टीम ने नहर के पास झाड़ियों से मुजम्मिल





का क्षत-विक्षत शव बरामद किया। पोस्टमार्टम में पुष्टि हुई कि गला रेतकर उसकी हत्या की गई और उसके गुप्तांग भी क्षत-विक्षत थे।

बीसलपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक ने बताया कि शव और वारदात में इस्तेमाल की गई कार बरामद कर ली गई है। उन्होंने बताया, पीलीभीत के रिछौला गांव के दो संदिग्ध अरहान और उसके दोस्त गुड्डू को हिरासत में लिया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि हत्या, संदिग्धों के परिवार की एक महिला के साथ मुजम्मिल के कथित प्रेम प्रसंग के कारण शुरू हुई रंजिश का नतीजा है।

मुजम्मिल के पिता शमसुद्दीन के मुताबिक उनका बेटा एक मोबाइल टावर कंपनी में काम करता था और मंगलवार सुबह घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा।

शमसुद्दीन ने आरोप लगाया, जब हमने उसे कॉल करने की कोशिश की, तो उसका फोन बंद था। हमने बीसलपुर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। मुजम्मिल का कुछ लोगों के साथ झगड़ा था और मुझे संदेह है कि वे ही उसकी हत्या के लिए जिम्मेदार हैं। बीसलपुर पुलिस के निरीक्षक (अपराध ) विनोद कुमार शर्मा ने खुलासा किया, अरहान और गुड्डू ने हत्या की बात कबूल कर ली है। मुजम्मिल का कथित तौर पर अरहान के परिवार की एक महिला से प्रेम प्रसंग था, जिसके कारण पहले भी उनके बीच विवाद हुआ था।

शर्मा ने कहा, बदला लेने के लिए संदिग्धों ने बीसलपुर इलाके में मुजम्मिल की हत्या की, उसके शव को बांधकर कार में बरेली ले गए और वहां फेंक दिया। पुलिस ने कहा कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई और जांच जारी है।

# महाकुंभ 2025 : समाज कल्याण विभाग के पंडाल में दिख रही सामाजिक समरसता की झलक

प्रात: किरण संवाददाता

प्रयागराज। संगम तट पर समाज कल्याण विभाग के पंडाल में आस्था एवं अध्यात्म के साथ सामाजिक समरसता की भी झलक देखने को मिल रही है। समाज कल्याण विभाग ने संगम के तट पर पहली बार पंडाल बनाया है, जिसमें 100 बेड की क्षमता का निराश्रित वरिष्ठ जनों के लिए एक आश्रम स्थापित किया गया है। आश्रम में विभिन्न जनपदों के वृद्धाश्रमों से अब तक 150 वरिष्ठजन पहुंचकर संगम में स्नान कर चुके हैं।

समाज कल्याण विभाग निराश्रित वरिष्ठ जनों के लिए प्रदेश भर में वृद्धाश्रम संचालित करता है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के निर्देश पर वृद्धाश्रमों में रहने वाले वरिष्ठ जनों के लिए महाकुंभ क्षेत्र में 100 बेड की क्षमता का एक आश्रम स्थापित किया गया है। आश्रम में अब तक सिद्धार्थनगर, भदोही, कौशांबी, हरदोई,



सीतापुर और लखनऊ से करीब 150 वरिष्ठ जन महाकुंभ मेले में पहुंचकर संगम में स्नान कर पुण्य लाभ ले चुके हैं। मंत्री असीम अरुण ने बताया कि मेला क्षेत्र में बने आश्रम में वरिष्ठ जनों को निःशुल्क भोजन, रहने की व्यवस्था और आवागमन उपलब्ध कराया जा रहा है। समाज कल्याण विभाग द्वारा स्थापित पंडाल में वरिष्ठ जनों को सुबह योगाभ्यास भी कराया जाता है। समाज कल्याण विभाग के पंडाल में जनजातीय समुदाय की भी झलक देखने को मिल रही है। पंडाल में देशभर के जनजातीय समुदाय द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मनमोहक उत्पाद आने वाले अतिथियों को आकर्षित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में अब तक 10 करोड़ से ज्यादा भक्त पवित्र त्रिवेणी में संगम स्नान कर चुके हैं। मंगलवार तक 9.24 करोड़ भक्त संगम में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि मौनी अमावस्या के दिन ही 10 करोड़ भक्तों के प्रयागराज आने की संभावना है। अब मौनी अमावस्या के स्नान की तैयारी की जा रही है।

# भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ने हाउस टैक्स में अन्य करो की बढोत्तरी पर जताया विरोध, सौंपा ज्ञापन



प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी(मार्क्सवादी) का नगर के भवनों पर हाउस टैक्स में हुई बढ़ोतरी पर नगर पालिका परिषद के प्रांगण में धरना देकर और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर हाउस टैक्स में बढ़ोतरी अन्य करों का विरोध जताया। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के पदाधिकारीयो एवं कार्यकताओं ने पार्टी के शाखा मंत्री इसरार अली एडवोकेट के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद के प्रांगण में धरना देकर प्रदेश के मानीय मुख्यमंत्री के नाम नगर पालिका परिषद के चेयरमैन फैसल वारसी और नगर पालिका के बड़े बाबू देवेन्द्र कुमार को नगर के भवनों पर हुई कई गुना ग्रह कर वृद्धि व अन्य करो के विरोध में ज्ञापन दिया। ज्ञापन में उल्लेखित किया गया थी जिला बिजनौर के कस्बा स्योहारा में 90 प्रतिशत लोग कृषि पर आधारित है इसमें ज्यादातर किसान मजदूर और मेहनतकश आबादी निवास करती है पिछले दो वर्षो से गन्ना किसान की गन्ने की फसल की पैदावार लाल सड़न रोग (गन्ने का कैंसर ) से बहुत कम हो गई है। इसके कारण यहां का किसान पूरी तरह से आर्थिक तंगी से जूझ रहा है इसीलिए यहां के मजदूरों, किसानों, व्यापारियों पर इसका सीधा असर पड़ा है किसान,मजदूरों तथा व्यापारियों पर आर्थिक तंगी की मार पड़ी है। फिर भी उत्तर प्रदेश शासन नई गृहकर प्रणाली लागू कर आम जनता पर बोझ बढ़ा दिया है। इसको लेकर नागरिकों के बीच बेचैनी और असमंजस की स्थिति बनी हुई है इस नई गृहकर प्रणाली को लागू करने पहले आम जनता को विश्वास में नहीं लिया गया है तथा आम जनता पर यह जबरदस्ती थोपा जा रहा है अतः हमारी सरकार से मांगे हैं की नई गृहकर प्रणाली को समाप्त किया जाये तथा पुरानी गृह कर प्रणाली को बहाल किया जाये। इस अवसर पर धरने में इसरार अली एडवोकेट, इंद्र कुमार शर्मा, चौधरी मशकूर अली एडवोकेट ,चौधरी जरीफ अहमद, जाबिर मलिक, फरीद अहमद, कन्हैया कुमार ,राजवीर , मतलूब जलील, कामरेड उस्मान अली, इकराम अहमद, मुंशी अरशद, अनवर अहमद , फरीद अहमद सहित आदि अनेक पदाधिकारी शामिल रहे।

# टोकन हुए कंफर्म, मैसेज प्राप्त होने पर ऑनलाइन करें अंशदान का भुगतान

बदायूँ: 23 जनवरी। उप कृषि निदेशक मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में संचालित प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी0एम0-कुसुम) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष-2024-25 के अन्तर्गत कृषकों द्वारा 23 दिसम्बर 2024 से अब तक जिन कृषकों ने टोकन जनरेट किये है, उन्हें 22 जनवरी 2025 को कन्फर्म कर दिये गये हैं, जिसके मैसेज पूर्व की भांति सम्बन्धित लाभार्थी कृषक के पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर ऑनलाइन प्रेषित किये जायेंगे। उन्होंने जनपद के सभी कृषकों को सूचित किया है कि वह अपने द्वारा की गयी बुकिंग का कन्फर्म होने का मैसेज ऑनलाइन अपने पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर प्राप्त होने के बाद अवशेष कृषक अंश की धनराशि ऑनलाइन पोर्टल से चालन जनरेट कर इण्डियन बैंक की किसी भी शाखा में निर्धारित तिथि तक अवश्य जमा करा दें। किसी भी समस्या एवं जानकारी हेतु कार्यालय उप कृषि निदेशक, बदायूँ में सम्पर्क कर सकते हैं।

# प्रेम प्रसंग की वजह से एक युवक की हत्या कर शव बरेली में फेंका

बरेली। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के बीसलपुर कस्बे के निवासी 28 वर्षीय युवक की कथित तौर पर प्रेम प्रसंग की वजह से गला रेतकर हत्या कर दी गई और उसके गुप्तांगों को क्षत-विक्षत कर दिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मुजम्मिल का शव बुधवार को बरेली जिले के इज्जतनगर थाना क्षेत्र के बरकापुर में एक नहर के पास बंधा हुआ मिला। पुलिस ने बताया कि इस मामले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। बरेली के पुलिस क्षेत्राधिकारी (तृतीय) देवेंद्र कुमार ने बताया, बीसलपुर से लापता हुए मुजम्मिल का शव बीसलपुर और इज्जतनगर पुलिस ने संयुक्त अभियान के बाद बरामद कर लिया। बीसलपुर में दर्ज गुमशुदगी की प्राथमिकी को हत्या के मामले में बदल दिया गया है और आगे की जांच बीसलपुर पुलिस करेगी।

इज्जतनगर थाना प्रभारी विजेंद्र सिंह को बुधवार को बरकापुर गांव में नहर के पास एक शव के बारे में सूचना मिली। उन्होंने बताया, हमारी टीम ने नहर के पास झाड़ियों से मुजम्मिल का क्षत-विक्षत शव बरामद किया। पोस्टमार्टम में पुष्टि हुई कि गला रेतकर उसकी हत्या की गई और उसके गुप्तांग भी क्षत-विक्षत थे। बीसलपुर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक ने बताया कि शव और वारदात में इस्तेमाल की गई कार बरामद कर ली गई है। उन्होंने बताया, पीलीभीत के रिछौला गांव के दो संदिग्ध अरहान और उसके दोस्त गुड्डू को हिरासत में लिया गया है। ऐसा प्रतीत होता है कि हत्या, संदिग्धों के परिवार की एक महिला के साथ मुजम्मिल के कथित प्रेम प्रसंग के कारण शुरू हुई रंजिश का नतीजा है।

मुजम्मिल के पिता शमसुद्दीन के मुताबिक उनका बेटा एक मोबाइल टावर कंपनी में काम करता था और मंगलवार सुबह घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। शमसुद्दीन ने आरोप लगाया, जब हमने उसे कॉल करने की कोशिश की, तो उसका फोन बंद था। हमने बीसलपुर थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। मुजम्मिल का कुछ लोगों के साथ झगड़ा था और मुझे संदेह है कि वे ही उसकी हत्या के लिए जिम्मेदार हैं। बीसलपुर पुलिस के निरीक्षक (अपराध ) विनोद कुमार शर्मा ने खुलासा किया, अरहान और गुड्डू ने हत्या की बात कबूल कर ली है। मुजम्मिल का कथित तौर पर अरहान के परिवार की एक महिला से प्रेम प्रसंग था, जिसके कारण पहले भी उनके बीच विवाद हुआ था। शर्मा ने कहा, बदला लेने के लिए संदिग्धों ने बीसलपुर इलाके में मुजम्मिल की हत्या की, उसके शव को बांधकर कार में बरेली ले गए और वहां फेंक दिया। पुलिस ने कहा कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई और जांच जारी है।

# दो नाबालिग बहनों की गला रेतकर हत्या, माता-पिता पर भी जानलेवा हमला किया

हाथरस। उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक युवक ने कथित तौर पर गला रेत कर अपनी दो चचेरी बहनों की हत्या कर दी और पूरे परिवार को खत्म करने के इरादे से अपने चाचा-चाची पर भी जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि निर्मम हत्या की यह घटना हाथरस के सदर कोतवाली क्षेत्र में आशीर्वाद धाम कॉलोनी में बुधवार और बृहस्पतिवार की दरमियानी रात हुई। अधिकारियों ने बताया कि विकास ने कथित तौर पर अपनी दो चचेरी बहनों सृष्टि (14) और विधि (छह) की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या कर दी, जिसके बाद उसने अपने चाचा छोटे लाल गौतम और चाची वीरांगना उर्फ गौरी पर भी हमला कर दिया। उन्होंने बताया कि हमले में गौतम और गौरी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। संदेह जताया जा रहा है कि संभवतः पारिवारिक विवाद में विकास ने हमला किया, हालांकि पुलिस ने कहा कि हत्या का स्पष्ट कारण पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। मूलरूप से फतेहपुर के निवासी छोटेलाल मीतई स्थित जवाहर स्मारक इंटर कॉलेज में व्याख्याता हैं और इन दिनों अपनी पत्नी तथा बेटियों के साथ आशीर्वाद धाम कॉलोनी में रह रहे थे। पुलिस के अनुसार, पिछले एक साल से लकवाग्रस्त होने के कारण गौतम बिस्तर पर रहते हैं। हाथरस के पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि गौतम का भतीजा विकास अपने एक साथी के संग 22 जनवरी की रात करीब नौ बजे उनके घर आया। उन्होंने कहा, खाना खाने के बाद वे सभी सोने चले गए। रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच विकास और उसके साथी ने धारदार हथियारों से परिवार पर हमला कर दिया, जिसमें गौतम की दोनों बेटियों की मौत हो गई और दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए।।वर फरार हो गए। चीख-पुकार सुनकर अन्य किराएदार और पड़ोसी इकट्ठा हुए तथा पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि दंपति को जिला अस्पताल ले जाया गया और बाद में उन्हें दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सिन्हा ने कहा, गौतम और उनकी पत्नी जीवित हैं लेकिन उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। गौरी के बयान के अनुसार, उनकी बेटियों पर विकास ने हमला किया। प्रासंगिक धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। कॉलोनी के निवासियों ने बताया कि विकास अक्सर गौतम के परिवार से मिलने आता रहता था।

# मदरसे के छात्र ने जिला कुरान प्रतियोगिता में जीता पहला पुरस्कार



प्रात: किरण संवाददाता

बिजनौर/ स्योहारा।मदरसा इशातुल उलूम मक्का मस्जिद फैजुल्लाहपुर स्योहारा के तहफ्फीजुल कुरान विभाग के छात्र मौहम्मद हमजा बिन मौहम्मद बिजनौर कुरान प्रतियोगिता,दारुल उलूम रहीमिया अकबराबाद बिजनौर में भाग लिया। उन्होंने फर्स्ट ग्रुप (पूरा कुरान) में बेहद खूबसूरत अंदाज में तिलावत करते हुए पहला स्थान हासिल किया। अपने शिक्षक, हजरत कारी मौहम्मद नफीस साहब और जिम्मेदार मौलाना अरशद हक्की साहब मुफ्ती फुजैल साहब और अपने मदरसे का नाम रोशन करते हुए, मौहम्मद हमजा ने सभी का दिल जीत लिया। अल्लाह ताला इस बच्चे के मुस्तकबिल को और रोशन करें। दारूल उलूम देवबंद से कारी इकरार साहब सहारनपुर से कारी आकिल साहब व और दूसरे मेहमान ए खुसूसी मुफ्ती अब्दुल रहमान साहब सदर जमीअत उलमा हिन्द उत्तर प्रदेश और मौलाना सय्यद अशहद रशीदी साहब मोहतमीम मदरसा शाही मुरादाबाद और अतराफ के दीगर उलमाकिराम तशरीफ लाए और पोजीशन हासिल करने वाले बच्चों को इनाम से नवाजा। मुफ्ती उवैस अकरम साहब नाइब सदर जमीयत उलमा उत्तर प्रदेश की दुआ से प्रोग्राम पूरा हुआ।

# केजीबीवी की बेटियां रचेंगी इतिहास, 80 छात्राएं करेंगी कदमताल

प्रात: किरण संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में महिला सशक्तीकरण और शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे अभूतपूर्व बदलावों का नतीजा यह है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) की 80 छात्राएं इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड में पहली बार भाग लेंगी। ये छात्राएं लखनऊ के मलिहाबाद, चिनहट और सरोजनी नगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों से चयनित की गई हैं और वे विधान भवन के सामने आयोजित होने वाली परेड में अपने अनुशासन, प्रतिभा और जोश का प्रदर्शन करती हुई नजर आएंगी।

यह पहली बार है जब कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा बन रही हैं। योगी सरकार की यह पहल उन प्रयासों का हिस्सा है, जो महिला सशक्तीकरण और शिक्षा के क्षेत्र में चलाए जा रहे हैं। इन छात्राओं ने पिछले 10 दिनों से लखनऊ पुलिस लाइन में कड़ी मेहनत की है, ताकि



वे परेड में पूरी तरह से तैयार होकर शामिल हो सकें। उनका यह समर्पण और कड़ी मेहनत इस बात का प्रतीक है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

अपर राज्य परियोजना निदेशक एकता सिंह ने कहा कि केजीबीवी की बालिकाओं का गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेना केवल उनके लिए ही ऐतिहासिक क्षण नहीं है, बल्कि यह पूरे प्रदेशवासियों के लिए गर्व का क्षण होगा। विभाग ने हमेशा यह सुनिश्चित किया है कि हर बेटी को शिक्षा का समान अवसर मिले और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया जाए। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की इन छात्राओं की परेड में भागीदारी यह साबित करती है कि सरकार की योजनाओं से बालिकाओं का आत्मविश्वास और उनका प्रदर्शन बढ़ा है। इन 80 छात्राओं की परेड में भागीदारी न केवल उनके विद्यालयों का गौरव बढ़ाएगी, बल्कि वे प्रदेशभर के 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का प्रतिनिधित्व भी करेंगी। यह कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में पढ़ाई कर रही बालिकाओं के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। इन बालिकाओं के अनुशासन, मेहनत और समर्पण ने उन्हें यह अवसर प्रदान किया है। योगी सरकार ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के माध्यम से प्रदेश के वंचित वर्ग की बेटियों को शिक्षा के बेहतर अवसर प्रदान किए हैं, जिससे आज ये बालिकाएं अपने स्कूलों और प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं।

महानिदेशक स्कूल कंव्हान वर्मा ने कहा कि केजीबीवी की इन छात्राओं की परेड में भागीदारी केवल उनके शारीरिक और मानसिक कौशल का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी उत्कृष्टता को भी रेखांकित करती है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों का उद्देश्य वंचित वर्ग की बालिकाओं को शिक्षा और विकास के बेहतर अवसर प्रदान करना है। इन छात्राओं ने इस उद्देश्य को साकार कर दिखाया है।

डिप्टी डायरेक्टर डॉ. मुकेश सिंह ने कहा, बेसिक शिक्षा विभाग ने एक नया इतिहास रचा है। लखनऊ में गणतंत्र दिवस समारोह की परेड रिहर्सल में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राएं विशेष आकर्षण का केंद्र बनीं। उनके अनुशासन, जोश और तैयारी ने सभी को प्रभावित किया। उनके इस प्रयास ने न केवल उनके विद्यालय बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा का काम किया है। यह पल हर उस छात्रा के लिए प्रेरणा बनेगा, जो शिक्षा और मेहनत के जरिए अपने सपनों को पूरा करना चाहती हैं।

बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा, केजीबीवी की इन छात्राओं ने साबित कर दिया है कि अगर शिक्षा और अवसर मिले, तो वंचित वर्ग की बेटियां भी बड़े से बड़े मंच पर अपनी पहचान बना सकती हैं। योगी सरकार की योजनाओं और प्रयासों के कारण आज कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बेटियां न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों में भी अपनी छाप छोड़ रही हैं। इन बालिकाओं ने यह संदेश दिया है कि अब बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी और वे हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं।

# एसटीएफ निरीक्षक सुनील कुमार का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया



मेरठ। उत्तर प्रदेश के शामली में कग्गा गिरोह के साथ मुठभेड़ में जान गंवाने वाले उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के निरीक्षक सुनील कुमार का बृहस्पतिवार को शामली जिले में उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। सुनील, गिरोह के साथ 20 जनवरी देर रात हुई मुठभेड़ के दौरान पेट में दो गोली लगने से घायल हो गए थे। उन्हें हरियाणा के गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी सर्जरी हुई। पुलिस के अनुसार, 36 घंटे बाद अस्पताल में उनकी मौत हो गई। मुठभेड़ में पुलिस ने चार बदमाशों को भी मार गिराया था। बुधवार देर रात उनका पार्थिव शरीर मेरठ लाकर जसवंत राय अस्पताल में रखा गया। बृहपतिवार को पार्थिव शरीर पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर लाया गया जहां ह्यगार्ड ऑफ ऑनरह्व दिया गया। एडीजी मेरठ जोन डीके ठाकुर, एसटीएफ लखनऊ के एसएसपी घुले सुजीत चंद्र भान, डीआईजी कलानिधि नैथानी और एसएसपी डॉ. विपिन ताडा सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने कुमार को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कुमार के बेटे मंजीत ने नम आंखों से पार्थिव शरीर पर फूल चढ़ाते हुए कहा, ह्यह्यपापा, आज कुछ तो बोलो। श्रद्धांजलि के बाद कुमार के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए उनके गांव मसूरी ले जाया गया। हजारों स्थानीय लोग उनके घर से श्मशान घाट तक अंतिम संस्कार में शामिल हुए। परिवार के सदस्यों और राज्य मंत्री दिनेश खटीक, मेरठ के सांसद अरुण गोविल और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी सहित प्रमुख लोगों की उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया गया। इंचौली थाना क्षेत्र के मसूरी गांव के मूल निवासी कुमार, एक सितंबर 1990 को कांस्टेबल के पद पर पुलिस में भर्ती हुए थे। 1997 में कमांडो कोर्स पूरा करने के बाद वह, जनवरी 2009 में एसटीएफ में शामिल हुए, जहां उन्होंने कई हाई-प्रोफाइल अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुमार के भतीजे अजीत सिंह ने बताया कि सुनील अपने कॉलेज के दिनों में कबड्डी खिलाड़ी थे और कई पदक भी जीते। कुमार के बड़े भाई अनिल गांव में खेती करते हैं और दोनों का परिवार एक साथ ही रहता है। परिवार में कुमार की मां अतरकली देवी, पत्नी मुनेश देवी और दो विवाहित बच्चे मंजीत काकरान और नेहा चौधरी हैं। रिश्तेदारों ने बताया कि कुमार का स्वभाव बेहद मिलनसार था और मुठभेड़ से एक सप्ताह पहले ही वह अपने परिवार से मिलने आये थे। परिजनों के अनुसार उनकी सेवानिवृत्ति में करीब आठ साल का समय था। कुमार को पुलिस पदक सहित कई सम्मान प्राप्त हुए। अपने कार्यकाल में उन्होंने बड़े-बड़े अपराधियों को मुठभेड़ में मार गिराया। उन्होंने कई अभियानों का नेतृत्व किया और सफलता दिलाई।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 24 जनवरी,2025



## संक्षिप्त खबरें

### सड़क हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा

नोएडा,। सेक्टर-24 क्षेत्र में दो सप्ताह पहले सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। युवक की मां ने सेक्टर-24 थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। सेक्टर-73 स्थित महादेव अपार्टमेंट निवासी रेखा रानी ने पुलिस को बताया कि उन्हें 11 जनवरी की शाम जिला अस्पताल से सूचना मिली कि उनका 28 वर्षीय बेटा राजीव कुमार सड़क हादसे में घायल हो गया है। वह अस्पताल पहुंचीं तो राजीव तड़प रहा था। उन्होंने फौरन ही उसे अस्पताल में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। पिछले कई दिन से उसका इलाज चल रहा था, लेकिन राजीव ने दम तोड़ दिया। सूचना करने पर पता चला कि वह सेक्टर-24 क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल हुआ था। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### चार लोगों ने घर में घुसकर ग्रामीण को पीटा

नोएडा,। चौड़ा गांव में सोमवार को चार आरोपियों ने एक घर पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने गाली-गलौज कर विरोध करने पर पीड़ित को घर में घुसकर पीटा। उसको बचाने आईं महिलाओं के साथ भी मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौड़ा गांव निवासी राकेश यादव ने पुलिस को बताया कि वह 20 जनवरी को अपने घर पर थे, तभी गांव निवासी अशोक, अजय, पवन और अंकित आए। वे बिना किसी कारण उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर उनकी भाभी रिंकू, राधा और प्रमीता देवी आईं। आरोप है कि आरोपियों ने महिलाओं के साथ भी मारपीट की। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। सेक्टर-24 थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि पीड़ित की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### भक्तों को 108 श्रीरामचरितमानस भेंट की

ग्रेटर नोएडा,। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष होने पर श्रीरामचरितमानस प्रसार ट्रस्ट ने गुलमोहर सोसाइटी के मंदिर में अखंड पाठ किया। राम भक्तों को 108 श्रीरामचरितमानस भेंट की। श्रीराम के आदर्शों से अवगत कराया। अध्यक्ष डॉ. सुनील मिश्रा ने बताया कि श्रीरामचरितमानस विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए श्रीरामचरितमानस मंडली ने ट्रस्ट गठित किया। यह समूह 2007 से अब तक 2600 घरों में श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ और सुंदरकांड पाठ कर चुका है। इस अभियान को राष्ट्रव्यापी बनाने का प्रयास हो रहा है। इस वर्ष में देशभर में 11000 ग्रंथ भेंट करने का संकल्प लिया गया है। इस अवसर पर जितेंद्र शुक्ला, मनोज सिंह, शशांक, राजीव तिवारी आदि उपस्थित रहे।

### अस्पतालों में आधार कार्ड बनाने में दिक्कत

नोएडा,। स्वास्थ्य केंद्रों में पांच साल से कम उम्र के बच्चों का आधार कार्ड बनाने में दिक्कत आ रही है। ऐप और अन्य तकनीकी कारणों से स्वास्थ्य केंद्रों में आधार कार्ड नहीं बन रहे। इसके लिए लखनऊ से तकनीकी टीम बुलाई गई है। यह टीम दो-तीन दिनों में लखनऊ से आएगी। इसके बाद दोबारा सभी कर्मचारियों को आधार कार्ड बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ऐप की तकनीकी बारीकियां बताई जाएंगी। गौरतलब है कि वर्तमान में छह सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर पांच साल से कम उम्र के बच्चों आधार कार्ड बनाने की शुरूआत हुई है। भविष्य में सभी बड़े निजी और सरकारी अस्पतालों में यह सुविधा उपलब्ध होगी।

### सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन पराक्रम दिवस के रूप में मनाया

ग्रेटर नोएडा,। सूरजपुर साइट-सी स्थित सोसाइटियों में रहने वाले लोगों ने गुरुवार को सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन पराक्रम दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम का आयोजन नेता सुभाष चंद्र बोस पार्क में किया गया। इस दौरान लोगों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। वेदिका फाउंडेशन की अध्यक्ष डॉ.सपना आर्य ने कहा कि देश सेवा में किए गए सुभाष चंद्र बोस के कार्यों से हमें प्रेरणा लेना चाहिए। भूतपूर्व सैनिक रमेश चंद्र शर्मा ने उनके जीवन परिचय और ओजस्वी विचारों को सबके सामने रखा। शिवालिक होम निवासी ओमदत्त शर्मा ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस भारत ही नहीं, पूरे विश्व के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं। प्रधानमंत्री ने नेताजी के जन्मदिन को पराक्रम दिवस घोषित करके एक बड़ा कार्य किया है। इससे आने वाली पीढ़ियों में उनके विचारों को सींचने में सहयोग मिलेगा। इस मौके पर मुकेश शर्मा, रमेश शर्मा, सीपी बंसल,कालिका प्रसाद उपाध्याय, विपिन तेवतिया, प्रवीण गोस्वामी, राहुल शर्मा, अजय कुमार, संजय जयसवाल आदि उपस्थित रहे।

# लेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की वैठक आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता




अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की वैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे सभी कार्यक्रमों की एक-एक करके बिंदुवार समीक्षा की और खराब प्रगति वाले कार्यक्रमों में सुधार करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये । जिलाधिकारी ने सभी पीएचसी में ओपीडी बढ़ाने के निर्देश दिया। कहा कि सी एम डैश बोर्ड मे जो नए विंदु जोड़े जा रहे हैं उनमें कोई लापरवाही न हो रैंक नहीं गिरनी चाहिए यह सुनिश्चित हो।जननी सुरक्षा योजना के तहत संस्थागत प्रसव सरकारी अस्पतालों में ही हो प्राइवेट में न हों।जिलाधिकारी ने कहा कि झोला छाप के यंहा प्रसव न होते मिले झोलाछाप के यंहा यदि डिलीवरी हुई और कोई लाइन ऑर्डर की दिक्कत हुई किसी के जान गई तो टडक्ढ की खैर नहीं होगी। कहा कि टडक्ढ की जानकारी में झोला छाप जो कार्य कर रहे हैं तो उनको बन्द कराया जाए । जिलाधिकारी ने कहा कि जननी सुरक्षा योजना के तहत आशाओं और लाभार्थियों का भुगतान प्राथमिकता से कराया जाय लंबित न रहे। बी सीजी का टीका व विटामिन ड में प्रगति ठीक करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिया । कहा कि नए जन्म लेने वाले बच्चों के घर घर जाकर आशा अवश्य निरीक्षण कर लें कोई लक्षण दिखता है तो समुचित इलाज कराया जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि जो आशा काम नहीं कर रही हैं उनके कारण जिले की प्रगति गिर रही हो उन आशा को हटाया जाए उनके स्थान पर दूसरी चयन किया जाए जो काम करें। जिलाधिकारी ने कहा कि डुलिस्ट के अनुसार गर्भपूर्व सभी महिलाओं की जांच हो रही या नहीं सभी ड्ढ से एक एक करके जानकारी ली और खतरे के लक्षण वाली महिलाओं को चिन्हित कर आयरन की गोली खिलवाये जाने के निर्देश दिये। सभी ड्ढ खून की कमी वाली उच्च जोखिम की महिलाओं पर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये बोला कोई लापरवाही न हो।अनीमिया मुक्त भारत अभियान की समीक्षा में रहरा में प्रगति ठीक नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त कर बेसिक और आईसीडीएस के सभी बच्चों को अनीमिया की गोली खिलवाये जाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिक से अधिक बच्चे जो कुपोषित हैं उनका चिन्हाकन कर ठफ्ठ में भर्ती कराया जाए। पुरुष नसबंदी में कैम्प लगाकर कार्य किया जाय।जिलाधिकारी ने ठउऊ स्क्रीनिंग रिपोर्ट पर नाराजगी व्यक्त की बोला ँड्ढ की समीक्षा किया जाए जो काम नहीं कर रहे हैँड्ढ उनकी रिपोर्ट कार्यवाही के लिए तैयार करें। जिलाधिकारी ने कहा कि आयुष्मान कार्ड सभी 70 प्लस के बनाने के लिये कैम्प लगाएं अभियान चलाकर सभी 70 प्लस वालों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाये यह सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने 100 दिन के चलाये जाने वाले टीवी अभियान को सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिये। प्रतिदिन कितनी जांच की गई कितने मरीज आये कितने इसका प्रतिदिन डाटा अपलोड किया जाए । जिलाधिकारी ने कहा कि टीकाकरण की प्रगति सुधारी जाए हसनपुर रहरा विशेष ध्यान दें जो निर्धारित है समय है बच्चों को आवश्यक टीके समय से लग जाए ध्यान दें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन कार्यक्रमो में प्रगति ठीक नहीं है अगली वैठक तक प्रगति अवश्य हो जाय यह सुनिश्चित करें किसी भी स्थिति में स्वास्थ्य कार्यक्रमो में लापरवाही न हो जनपद की रैंकिग खराब हुई तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जाने वाले कार्यक्रमो की एक एक करके जानकारी ली और सभी कार्यक्रमो में अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए । इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य अधिकारी डॉक्टर और ड्ढ मौजूद रहे।

# ससुराल पक्ष पर मारपीट करने का आरोप



प्रात: किरण, संवाददाता

नोएडा,। पति से विवाद के बाद अलग होकर सेक्टर-11 में तीन नाबालिग बेटियों के साथ रह रही महिला ने पति समेत चार लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर थाना सेक्टर-24 पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-11 निवासी यमुना देवी गर्ग ने पुलिस को बताया कि उनका पति से विवाद चल रहा है। इसके चलते वह पति से अलग रह रही हैं। उनके साथ तीन नाबालिग बेटियां भी रह रही हैं। किसी तरह वह बेटियों का भरण-पोषण कर रही हैं। पति से चल रहे विवाद की सुनवाई कोर्ट में चल रही है। आरोप है कि 12 जनवरी की सुबह 9.15 बजे पति राजेश कुमार, ससुर रमेश चंद्र, जेठ राजकुमार और ननद अनीता देवी अचानक उनके घर पर आ गए। आरोपियों ने उनके बाल पकड़कर गाली-गलौज और मारपीट की। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। यही नहीं आरोपियों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी।

# फरीदाबाद : ट्रैक्टर ने मारी स्कूटी को टक्कर, दो युवकों की मौत



प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। फरीदाबाद में गुरुवार को एक दर्दनाक सडक हादसे में दो नवयुवकों की मौत हो गई। एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान एसजीएम नगर के पटेल चौक निवासी जीशान उर्फ टुकटुक और शिवम के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के शवों को नागरिक अस्पताल में पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय जीशान उर्फ टुकटुक और शिवम फरीदाबाद में एक नंबर मार्केट में कपड़े की दुकान में काम करते थे और किसी काम से निकले थे। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोडकर मौके से फरार हो गया। जांच में पता चला कि स्कूटी गुरुग्राम से रजिस्टर्ड थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सडक पर डिवाइडर होता तो यह दुर्घटना टल सकती थी। उन्होंने पूर्व विधायिका सीमा त्रिखा पर सडक का काम पूरा न करवाने का आरोप लगाया। साथ ही, लोगों ने पियूष महिंद्रा मॉल द्वारा सडक पर अवैध अतिक्रमण का भी मुद्दा उठाया, जिस पर प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं इस मामले में तीन नंबर चौकी इंचार्ज सोमपाल ने बताया कि जैसे ही उन्हें इस घटना की जानकारी मिली तुरंत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए फरीदाबाद के बादशाह खान से अस्पताल में भिजवा दिया मौके से ट्रैक्टर और स्कूटी को कब्जे में ले लिया गया है। वहीं दूसरी ओर मृतकों के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है और पोस्टमॉर्टम की आगे कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# फरीदाबाद : नशा तस्करी मामले में 19 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। नशा तस्करी मामले में 19 वर्ष से फरार चल रहे आरोपी को गुरुवार को अपराध शाखा बदरपुर बॉर्डर की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी राकेश उर्फ रिंकू गांव टुण्डला मण्डी अम्बाला का रहने वाला है। वर्ष 2006 में वह अपने साथी रणजीत और लखवीर के साथ एक गाडी में चुरा डोडा पोस्त लेकर फरीदाबाद होते हुए अंबाला जा रहा था। फरीदाबाद पुलिस टीम ने नवलू कॉलोनी त्र.ञ्ज रोड पर गाड़ी को रुकवाया तो 2 आरोपी लखवीर और राकेश ञ्च रिंकू मौका से भाग गए, एक आरोपी



रणजीत को गाडी सहित काबू किया गया। मौके पर गाड़ी से 200 किलो चुरा डोडा पोस्त बरामद हुआ। जिस पर थाना शहर बल्लबगढ़ में मामला दर्ज किया गया। मामले में आगे कार्रवाई करते हुए भागे हुए एक आरोपी आरोपी लखवीर को भी वर्ष 2006 में ही गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी राकेश उर्फ रिंकू (38) अपनी गिरफ्तारी से बचता हुआ फरार चल रहा था तथा स्थान बदलकर रह रहा था। आरोपी को वर्ष 2007 में पुलिस पीओ घोषित किया गया था। जिसको अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों के माध्यम से प्राप्त सूचना के आधार पर अम्बाला से गिरफ्तार किया है। आरोपी आरोपी ऑटो चलाने का काम करता है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# महंत के खिलाफ शिकायत दी




प्रात: किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा,। अयोध्या के महंत द्वारा सपा के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सपा अधिवक्ता सभा ने इस मामले में सूरजपुर कोतवाली पहुंचकर महंत के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने की मांग कर लिखित शिकायत दी। दरअसल, अयोध्या स्थित हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इस विवादित टिप्पणी के बाद समाजवादी पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियों में रोष है। सपा अधिवक्ता सभा के राष्ट्रीय सचिव मनोज भाटी एडवोकेट (बोड़ाकी) ने कहा कि महंत राजू दास का रवैया समाजवादियों के प्रति गलत रहा है। इस बार उन्होंने सारी हदें पार कर दी हैं। अधिवक्ता सभा के पदाधिकारियों ने उन पर कार्रवाई की मांग को लेकर लिखित शिकायत कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार को दी। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अमित यादव, जिला अध्यक्ष विनीत कुमार यादव एडवोकेट, अमित राणा, बलराज भाटी लड़पुरा, सुनील नागर दुजाना, सुनील नागर इमलिया, रिंकू यादव आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# यापार परिवर्तन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन




नोएडा,। एमिटी विश्वविद्यालय में गुरुवार को व्यापार परिवर्तन विषय पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों को व्यापार में परिवर्तन के जरिये स्थायी उद्यमिता और मूल्य सृजन के लिए परिवर्तनकारी रणनीतियों की जानकारी दी गई। इसके लिए दो दिवसीय सम्मेलन में कम्प्यूटेशनल टेक्स्ट विश्लेषण पर कार्यशाला हुई। सम्मेलन का शुभारंभ सीआईआई आईटीसी सेंटर के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर शिखर जैन ने किया। सम्मेलन का शुभारंभ करते हुए सीआईआई आईटीसी सेंटर के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर शिखर जैन ने कहा कि इस सम्मेलन के तीन प्रमुख हिस्से है जो व्यापार परिवर्तन, स्थायी उद्यमिता और मूल्य सृजन है। जब भारत ने जी 20 की अध्यक्षता की तो हमने विश्व में प्रमुखता से अपने पक्ष को रखा। आज भारत के कार्यो का प्रभाव विश्व पर पड रहा है। जब हम स्थायीत्व की बात करते है तो विश्व हमसे चुनौतियों के समाधान की अपेक्षा कर रहा है। श्री जैन ने कहा कि आपको दावोद सीइओ सम्मेलन के दौरान प्रदान किये गये ग्लोबल रिस्क परसेप्शन को समझना चाहिए। वर्तमान समय में व्यापार परिवर्तन तीन बेहद महत्वपूर्ण स्तंभ है जिसमें जलवायु रणनीती, जैवविविधता प्रभाव और चक्रीय अर्थव्यवस्था शामिल है। हमारी पीढ़ी बहुत अधिक सैद्धांतिक आधारित थी जबकी आपकी पीढ़ी प्रयोगिक हैं। आज के उद्यमी जोखिम की बजाय चुनौतियों को चुनकर उनका समाधान ढूढंते है। एमिटी ग्रुप वाइस चांसलर डॉ. गुरिंदर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि जब हम व्यापार करते है तो हमें प्रकृति और स्थायी व्यापार के संदर्भ में भी विचार करना चाहिए। जब अमेरिका के प्रेसीडेंट कोई घोषणा करते है तो उसका असर भारत के स्टॉक एक्सचेज पर होता है यह उस व्यक्ति और उसके पद का प्रभाव है। हर व्यक्ति उद्यमी नही बन सकता इसलिए अपने अदंर नेतृत्वता, प्रबंधन आदि गुण विकसित करें। एमिटी इस प्रकार के सम्मेलनो से आपको विशेषज्ञों से मिलने और भविष्य के व्यापार की रूपरेखा को समझने का अवसर प्रदान करता है।

# फरीदाबाद के गांव में जमीन की चकबंदी पर रोक, हाईकोर्ट में 24 को सुनवाई

प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। फरीदाबाद में बाबा रामदेव के एकड़ जमीन खरीदने को लेकर बवाल मचा हुआ है। गुरुवार को ग्रामीणों की याचिका पर हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए गांव की जमीन की चकबंदी पर रोक लगा दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकार बाबा रामदेव को फायदा पहुंचा रहा है। मामला कोट गांव की 538 एकड़ जमीन का है। पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने 20 जनवरी को हरियाणा सरकार द्वारा गांव कोट में कराई जा रही चकबंदी को रोकने का आदेश दिया और सीबीआई को नोटिस दिया है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 24 जनवरी को होनी है। लोगों ने कहा कि टुकड़ो में की जाने वाली चकबंदी से उनको कोई फायदा नही है। पूरे गांव की जमीन की एक साथ चकबंदी हो तो उनको इसका लाभ मिलेगा। कोट गांव के पास कुल 3 हजार 100 एकड़ जमीन है। जिसमें से 2 हजार 700 एकड़ में पहाड़ है। पहाड़ जमीन गैर मुमकिन है, जिसे खरीदा-बेचा नहीं जा सकता। 200 एकड़



जमीन गांव में रहने वाले मालिकों के पास है। इसके अलावा केवल 191 एकड़ खेती योग्य जमीन पूरे गांव के पास है। इसमें से सौ एकड़ जमीन पतजंलि के पास है। सूत्र बताते है कि गांव कोट में बाबा रामदेव ने ट्रस्ट पतंजलि के नाम से 538 एकड़ जमीन खरीद रखी है। कोट गांव के साथ मांगर, बंधवाड़ी इलाके में बाबा ने करीब 1000 एकड़ जमीन खरीदी थी। वर्ष 2011 के बाद ये जमीन खरीद गई थी। इस जमीन पर पतंजलि पीठ एक बड़ा शैक्षणिक संस्थान या फिर स्वास्थ्य सेवा सुविधा केंद्र बनाना चाहता था। इस जमीन को अलग-अलग कंपनियों के नाम और अलग-अलग मालिकों द्वारा खरीदा गया। ग्रामीणों ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारियों के द्वारा बाबा रामदेव को फायदा पहुंचाने के लिए टुकड़ो में चकबंदी की जा रही थी। क्योंकि बाबा की यह जमीन अलग अलग जह टुकडों में है। जिसकी कीमत भी अलग-अलग है। बाबा इस जमीन को एक साथ करना चाहता है। जिसके लिए हरियाणा सरकार खुद अधिकारियों के साथ मिलकर यहां टुकड़ों में चकबंदी करा रही थी। सूत्रों के मुताबिक, गांव कोट में 538 एकड़ जमीन को अलग-अलग लोगों के नाम से खरीदा गया। लेकिन सभी का पता एक ही निकला। जिसके बाद से ग्रामीणों में रोष है और उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाए। साल 2024 में गांव के ब्रह्म सिंह सहित कुछ अन्य ग्रामीणों ने इस मामले को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। जिसके बाद मामले की सुनवाई शुरू हुई। इस मामले की सुनवाई अब 24 जनवरी को होगी। अब सभी ग्रामीणों की नजर कोर्ट के फैसले पर है। ग्रामीण चाहते हैं कि सारी जमीन की एक साथ चकबंदी की जाए। ताकि को कोई नुकसान ना हो।

# साइबर अपराध के लिए चीनी नागरिकों को बैंक खाता उपलब्ध करवाने के आरोप में तीन लोग गिरफ्तार



प्रात: किरण, संवाददाता

नोएडा,। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने साइबर अपराध के लिए चीनी नागरिकों को बैंक खाते उपलब्ध कराने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि सूरजपुर थाना क्षेत्र के गोल चक्कर के पास से गुजरात के वडोदरा के निवासी नवरत्न सिंह खुराल, उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर निवासी तनवीर और महाराष्ट्र के जलगांव निवासी साकिब शेख को गिरफ्तार किया गया है और इनके पांच साथी फरार हैं। उत्तर प्रदेश एसटीएफ की नोएडा इकाई के पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा ने बताया, पूछताछ के दौरान आरोपियों ने भारतीय नागरिकों से साइबर धोखाधड़ी के लिए चीनी नागरिकों को बैंक खाता उपलब्ध कराने की बात कबूल की है। उन्होंने कहा,ये लोग खाते की समस्त जानकारी चीनी नागरिकों को देते थे। चीनी नागरिक विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के नियमों से बचने के लिए क्रिप्टोकरंसी तथा हवाला के जरिए इन खातों में पैसों का लेन-देन करते थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से एक लैपटॉप, आठ मोबाइल फोन, एक पासपोर्ट, पांच आधार कार्ड, चार सिम कार्ड, पांच चेक बुक, 22 डेबिट/ क्रेडिट कार्ड, भारतीय तथा नेपाली मुद्रा और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

# फरीदाबाद : रिश्वत केस में हेड कांस्टेबल निलंबित



प्रात: किरण, संवाददाता

फरीदाबाद,। लड़ाई-झगड़े के मामले में कच्ची जमानत दिलाने के लिए रिश्वत मांगने वाले आरोपी हेड कांस्टेबल को निलंबित कर दिया गया है। फरीदाबाद के डबुआ थाने में तैनात हेड कांस्टेबल अनिल कुमार को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) टीम ने सोमवार को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ लिया था। पुलिस कमिश्नर सत्येंद्र कुमार गुप्ता ने आरोपी हेड कॉन्स्टेबल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार कैथल के रहने वाले हेड कांस्टेबल अनिल कुमार पिछले साल नवंबर से डबुआ थाने में कार्यरत थे। नेहरू कॉलोनी निवासी धर्मेंद्र ने एंटी करप्शन ब्यूरो को शिकायत दी कि अनिल कुमार ने उसके भतीजे के खिलाफ दर्ज एक लड़ाई-झगड़े के मामले में कच्ची जमानत दिलाने के लिए बीस हजार रुपये की मांग की थी। बातचीत के बाद यह राशि सात हजार रुपये तय हुई, जिसमें से दो हजार रुपये पहले ही दे दिए गए थे। शिकायत के बाद एसीबी टीम ने जाल बिछाया और सोमवार शाम को बाकी पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते समय हेड कॉन्स्टेबल को थाने के बाहर से एंटी करप्शन ने गिरफ्तार कर लिया। टीम ने रिश्वत की राशि भी बरामद कर ली। पुलिस कमिश्नर ने भी इस संबंध में कड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बदसलूकी का विरोध करने पर पड़ोसी को पीटा



प्रात: किरण, संवाददाता

ग्रेटर नोएडा,। जेवर क्षेत्र के रावतिया मोहल्ले में शराब पीकर गाली-गलौज करने का विरोध करने पर पड़ोसी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसकी पत्नी ने नौ नामजद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। जेवर पुलिस के मुताबिक रावतिया मोहल्ले में वीरपाल सिंह अपने परिवार के साथ रहते हैं। वीरपाल की पत्नी सीमा ने पुलिस से शिकायत कि उसके पड़ोस में रहने वाले पंकज, कुलदीप और हिमांशु मंगलवार की रात अपने साथियों के साथ घर की छत पर बैठकर शराब पी रहे थे। सीमा का आरोप है कि उनका आरोपियों से पुराना मुकदमा चल रहा है। आरोपी नशे में कहने लगे मुकदमा वापस कर लो नहीं तो जान से हाथ धोना पड़ेगा। सीमा के पति वीरपाल ने इसका विरोध किया तो आरोपी एकजुट हो गए और मारपीट करने लगे। आरोपियों ने वीरपाल और उनके परिवार के साथ मारपीट की। वीरपाल को लाठी-डंडे से इतना पीटा कि वह बुरी तरह घायल हो गए। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इसके बाद आरोपी धमकी देकर भाग गए। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि इस मामले में पंकज, कुलदीप, हिमांशु, रचित, विवेक, कुन्नू, रेखा, शालिनी, पप्पू और पांच अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### फरीदाबाद : लूट की कोशिश करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद,। लूट की कोशिश करने वाले दो आरोपियों को अपराध शाखा एवीटीएस फरीदाबाद की टीम ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि अपराध शाखा की टीम को अपने गुप्त सूत्रों से सूचना मिली की दो नौजवान लडके बिना नम्बर की मोटरसाईकिल व अवैध हथियार लेकर आने जाने वाले वाहन चालकों को लूटने की फिराक में खड़े है, प्राप्त सूचना पर तुरंत कार्रवाही करते हुए अपराध शाखा की टीम ने मोहम्मद राशिद और मोहम्मद मुफीद वासी गांव बादली पुन्हाना जिला-नुहूं को मुम्बई हाईवे फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से मौका पर एक लोहा सरिया, देशी कट्टा व जिंदा कारतूस तथा चोरी की हुई मोटरसाईकिल को बरामद किया गया।

# महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । घरेलू सराफा बाजार आज सोने के भाव में जोरदार तेजी नजर आ रही है। सोना आज 750 रुपये से लेकर 860 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। हालांकि चांदी की कीमत में आज लगातार दूसरे दिन कोई बदलावन नहीं हुआ है। सोने की कीमत में उछाल आने के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 82,090 रुपये से लेकर 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 75,250 रुपये से लेकर 75,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में कोई बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सराफा बाजार में ये चमकीली धातु आज भी 96,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 75,400 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 82,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 82,140 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 75,300 रुपये प्रति



10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 82,090 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 75,250 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 82,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 75,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 82,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 75,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है।

इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 82,090 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 75,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर ही बिक रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### सोना का वायदा भाव 73 रुपये की गिरावट के साथ 79,491 रुपये प्रति 10 ग्राम

नई दिल्ली, । कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सटोरियों के अपने सौदों के आकार घटाने से वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 73 रुपये की गिरावट के साथ 79,491 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में फरवरी माह में आपूर्ति वाले सोने के अनुबंध का भाव 73 रुपये यानी 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,491 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसमें 8,582 लॉट का कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के कारण सोना वायदा कीमतों में गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोने की कीमत 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,753.29 डॉलर प्रति औंस हो गई।

### जापान का निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर, व्यापार घाटा 5300 अरब येन

तोक्यो, । जापान ने 2024 में रिकॉर्ड उच्च निर्यात दर्ज किया और वार्षिक व्यापार घाटे में सालाना आधार पर 44 प्रतिशत की कमी आई। वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, व्यापार घाटा (निर्यात व आयात के बीच का अंतर) कुल 5300 अरब येन (34 अरब डॉलर) रहा। ऊर्जा की बढ़ती लागत और दुनिया भर में बढ़ती मुद्रास्फीति से आयात में भारी वृद्धि हुई। विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का निर्यात कुल 107900 अरब येन (691 अरब डॉलर) रहा। जापान में लगातार चार वर्षों से व्यापार घाटा दर्ज किया जा रहा है। हालांकि 2024 का 5300 अरब येन का घाटा, 2023 के 9500 अरब येन से काफी कम रहा। इस बीच, कुछ कंपनियों ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के संभावित शुल्क लगाने की आशंका में अपना निर्यात बढ़ा दिया है।

### भारत के घरेलू मार्गों पर एयर ट्रैफिक 2024 में 6 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, । भारत के घरेलू मार्गों पर एयर पैसेंजर ट्रैफिक 2024 में 6.12 प्रतिशत बढ़कर 16.13 करोड़ हो गया है, जो कि पिछले साल 15.2 करोड़ था। यह जानकारी नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा दी गई। भारत की कमर्शियल एयरलाइंस में दिसंबर 2024 में 1.49 करोड़ से अधिक यात्रियों ने उड़ान भरी थी। यह पिछले साल के दिसंबर 2023 के आंकड़े 1.38 करोड़ से 8.19 प्रतिशत अधिक है। दिसंबर में इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी 64.4 प्रतिशत थी। वहीं, एयर इंडिया की हिस्सेदारी 26.4 प्रतिशत थी। इसके अलावा, अकासा एयर और स्पाइसजेट की हिस्सेदारी क्रमशः 4.6 प्रतिशत और 3.3 प्रतिशत थी। डीजीसीए डेटा के मुताबिक, घरेलू एयर पैसेंजर ट्रैफिक में इंडिगो की हिस्सेदारी 2023 में 60.5 प्रतिशत से बढ़कर 2024 में 61.9 प्रतिशत हो गई, एयरलाइन में वर्ष के दौरान 9.99 करोड़ घरेलू यात्रियों ने उड़ान भरी। इसी अवधि में स्पाइसजेट की बाजार हिस्सेदारी 5.5 प्रतिशत से घटकर 3.7 प्रतिशत रह गई। बजट एयरलाइन में 2024 में 60 लाख हवाई यात्रियों ने उड़ान भरी। दिसंबर में ऑन-टाइम परफॉरमेंस (ओटीपी) के आंकड़े बताते हैं कि इंडिगो का ओटीपी सबसे अधिक 73.4 प्रतिशत था, उसके बाद एयर इंडिया (67.6 प्रतिशत), अकासा एयर (62.7 प्रतिशत), स्पाइसजेट (61.5 प्रतिशत) और एलायंस एयर (55.6 प्रतिशत) का स्थान था।

### लैंडमार्क इमीग्रेशन की स्टॉक मार्केट में फीकी एंट्री, लिस्टिंग के बाद अपर सर्किट पर पहुंचे शेयर

नई दिल्ली, । कंसल्टेंसी सर्विस देने वाली कंपनी लैंडमार्क इमीग्रेशन कंसल्टेंट्स के शेयर ने आज मामूली बढ़त के साथ स्टॉक मार्केट में एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 72 रुपये के भाव पर जारी हुए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर 4.17 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 75 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद खरीदारों ने इसमें रुचि दिखाई, जिससे थोड़ी ही देर में ये शेयर 78.75 के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। लैंडमार्क इमीग्रेशन का 40.32 करोड़ रुपये का आईपीओ 16 से 20 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 72.84 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 35.58 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

# शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले




प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की मिली-जुली शुरूआत हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव के कारण शेयर बाजार की चाल में गिरावट भी आई, लेकिन पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे शेयर बाजार की चाल ने रफ्तार पकड़ ली। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.27 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। घंटेभर का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से विप्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर 4.19 प्रतिशत से लेकर 1.72 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर हिंदुस्तान यूनिलीवर, बीपीसीएल, नेस्ले, अपोलो हॉस्पिटल और डॉक्टर रेड्डीज लेबोरेट्रीज के शेयर 1.28 प्रतिशत से लेकर 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,338 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,628 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 710 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 17 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 13 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 9.53 अंक की सांकेतिक तेजी के साथ 76,414.52 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बनने के कारण थोड़ी देर में ही ये सूचकांक लाल निशान में 76,202.12 अंक तक गिर गया। हालांकि इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 205.35 अंक की मजबूती के साथ 76,610.34 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 27.05 अंक की कमजोरी के साथ 23,128.30 अंक के स्तर पर कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली के दबाव में ये सूचकांक 23,090.65 अंक तक लुढ़क गया। हालांकि शुरूआती 15 मिनट के कारोबार के बाद ही खरीदारी शुरू हो जाने के कारण इस सूचकांक में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 62.80 अंक की बढ़त के साथ 23,218.15 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 566.63 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की मजबूती के साथ 76,404.99 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 130.70 अंक यानी 0.57 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,155.35 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

## सीसीपीए ने आईफोन के प्रदर्शन संबंधी मुद्दों पर एप्पल को जारी किया है नोटिसः जोशी



प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने गुरुवार को कहा कि उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने आईओएस 18+ सॉफ्टवेयर अपडेट के बाद आईफोन के साथ कथित प्रदर्शन समस्याओं के संबंध में एप्पल इंक को नोटिस जारी किया है। जोशी ने एक्स पोस्ट् में कहा, उपभोक्ता शिकायतों की जांच करने के बाद विभाग ने सीसीपीए के माध्यम से एप्पल को नोटिस जारी कर मामले पर जवाब मांगा है। इस नोटिस में सॉफ्टवेयर अपडेट के साथ कथित तकनीकी समस्याओं के बारे में एप्पबल से स्पष्टीकरण मांगा गया है। उल्ले खनीय है कि आईओएस 18+ सॉफ्टवेयर अपडेट के बाद एप्पणल के प्रदर्शन संबंधी मुद्दों के बारे में राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर शिकायतें प्राप्त हुई हैं। यह नोटिस भारत में प्रौद्योगिकी दिग्गज के संचालन की नवीनतम विनियामक जांच को दशार्ता है, जो स्मार्टफोन निमार्ताओं के लिए एक प्रमुख विकास बाजार है।

## वॉलमार्ट ने भारत स्थित तीन स्टार्टअप के साथ शुरूआती रणनीतिक कार्यक्रमों की घोषणा की




प्रात : किरण/एजेंसी

वाशिंगटन, । खुदरा क्षेत्र की प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनी वॉलमार्ट ने अपनी अमेरिकी आपूर्ति श्रृंखला तथा सोर्सिंग परिचालन के लिए समाधान प्रदान करने के वास्ते भारत स्थित तीन स्टार्टअप के साथ शुरूआती स्तर के रणनीतिक कार्यक्रमों की घोषणा की है। वॉलमार्ट के उपाध्यक्ष (सोर्सिंग इनोवेशन एंड सप्लाई एश्योरेंस) काइल कार्लाइल ने कहा, प्रौद्योगिकी नवाचार ही वह चीज है जो वैश्विक स्तर पर मजबूत आपूर्ति श्रृंखला को आगे बढ़ाने के लिए वास्तविक दुनिया के समाधानों को प्रेरित करती है। वैश्विक नवप्रवर्तकों के साथ सहयोग कर हम अधिक मजबूत आपूर्ति तंत्र का निर्माण करने के लिए नए विचारों पर गौर कर रहे हैं। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस शुरूआती कार्यक्रमों के लिए तीन स्टार्टअप पुणे स्थित केबीकोल्स साइंसेज, चेन्नई स्थित ग्रीनपॉड लैब्स और बेंगलुरु स्थित क्रॉपिन का चुना गया है। इन कंपनियों ने पिछले साल वॉलमार्ट ग्रोथ समिट में हिस्सा लिया था। इसमें कहा गया, प्रत्येक कंपनी के समाधान से वॉलमार्ट की आपूर्ति श्रृंखलाओं में बड़े पैमाने पर नवाचार को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी।

## स्टॉक मार्केट में स्टैलियन इंडिया की जोरदार एंट्री, लिस्टिंग के बाद शेयर पर लगा अपर सर्किट

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । रेफ्रिजेरेंट और इंडस्ट्रियल गैस का प्रोडक्शन करने वाली कंपनी स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड ने आज शेयरों की लिस्टिंग के जरिए स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 90 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई और एनएसई पर 33.33 प्रतिशत प्रीमियम के साथ इसकी लिस्टिंग 120 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के तुरंत बाद खरीदारों ने इसे हाथों हाथ लिया, जिससे थोड़ी देर में ही ये शेयर उछल कर 125.99 रुपये के अपर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह कंपनी के आईपीओ निवेशकों को पहले दिन ही 39.99 प्रतिशत का फायदा हो गया। स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स लिमिटेड का 160.73 करोड़ रुपये का आईपीओ 16 से 20 जनवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से जोरदार रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 188.32 गुना सब्सक्राइब हो गया था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 172.93 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 422.35 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 96.81 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इस आईपीओ के तहत 160.73 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए हैं। इसके अलावा 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 43,02,656 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के तहत बेचे गए हैं। आईपीओ के जरिए जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने, कंपनी की सेमीकंडक्टर एंड स्पेशलिटी गैस डीबल्किंग फैसिलिटी की कैपिटल एक्सपेंडिचर को पूरा करने और आम कॉर्पोरेट उद्देश्यों में करेगी। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत मामूली उतार चढ़ाव के साथ लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी को 21.11 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2022-23 में गिर कर 9.75 करोड़ के स्तर पर आ गया। इसके बाद 2023-24 में कंपनी का शुद्ध लाभ बढ़ कर 14.79 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी का राजस्व 12 प्रतिशत वार्षिक से अधिक की चक्रवृद्धि दर से बढ़कर 263.23 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली छमाही यानी अप्रैल से सितंबर 2024 के बीच कंपनी को 16.57 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस तरह इस अवधि में कंपनी 141.53 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हासिल कर चुकी है।

## ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत, एशियाई बाजारों में भी तेजी का रुख

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली, । ग्लोबल मार्केट से आज लगातार तीसरे दिन पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान भी तेजी बनी रही। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार पिछले सत्र के दौरान लगातार मजबूती के साथ कारोबार करने के बाद आखिरी वक्त में हुई बिकवाली के कारण मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में भी आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। टेक शेरों में हुई खरीदारी के कारण वॉल स्ट्रीट में पिछले सत्र के दौरान तेजी का माहौल बना रहा। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.61 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,086.36 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 258.76 अंक यानी 1.31 प्रतिशत उछल कर 20,015.54 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। नैस्डेक 26 दिसंबर के बाद पहली बार 20 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल हुआ है। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज फिलहाल 0.02 प्रतिशत की मामूली तेजी के साथ 44,166.75 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार मजबूती बनी रही। हालांकि आखिरी दौर में हुई मुनाफा वसूली की वजह से एफटीएसई इंडेक्स लाल निशान में गिर कर बंद हुआ। ये सूचकांक पूरे दिन के कारोबार के बाद 0.04 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 8,545.13 अंक के स्तर पर बंद हुआ दूसरी ओर, सीएसी इंडेक्स ने 0.85 प्रतिशत की छलांग लगा कर 7,837.40 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 212.27 अंक यानी 1 प्रतिशत की मजबूती के साथ 21,254.27 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में आज आमतौर पर तेजी का रुख बना हुआ है। एशिया के 9 बाजारों में से 6 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। ताइवान स्टॉक एक्सचेंज में छुट्टी होने की वजह से ताइवान वेटेड इंडेक्स में आज कोई कारोबार नहीं हो रहा है। अभी तक के कारोबार में कोस्पी इंडेक्स 0.63 प्रतिशत टूट कर 2,530.95 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,357.75 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 0.32 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,249 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 312.95 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की बढ़त के साथ 39,959.20 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। शंघाई कंपोजिट इंडेक्स में आज जोरदार तेजी नजर आ रही है। फिलहाल ये सूचकांक 1.01 प्रतिशत उछल कर 3,246.51 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.85 प्रतिशत की बढ़त के साथ 3,813.37 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा हैंग सेंग इंडेक्स 0.24 प्रतिशत की मजबूती के साथ 19,826 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स से 0.67 प्रतिशत की तेजी के साथ 7,306.08 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## रुपए में कमजोरी से अन्य देशों की मुद्राओं में भी बढ़ सकता है दबावः रघुराम राजन




प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । आर्थिक मुद्दों पर अपनी भविष्यवाणी याद दिलाते हुए भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने डावोस में अमेरिकी डॉलर के तेजी से मुकाबले में भारतीय रुपए की मौजूदा स्थिति पर संदेह जताया। उनके अनुसार रुपए में कमजोरी आ सकती है और इससे अन्य देशों की मुद्राओं में भी दबाव बढ़ सकता है। राजन ने बताया कि अमेरिकी डॉलर का इस्तेमाल उत्तराधिकारी मुद्रा के रूप में हो रहा है, जिसके कारण वैशिष्ट्य वाले देशों में चिंता बढ़ गई है। उनका मानना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर में वृद्धि से उत्तराधिकारी मुद्रा के प्रयोग में अस्थिरता आ सकती है, जो कि उभरते देशों के लिए भी खतरा पैदा कर सकता है। विश्व अर्थव्यवस्था के संस्थानों द्वारा राजन की भविष्यवाणी पर ध्यान दिया जा रहा है और अमेरिकी डॉलर के स्थिरता पर सवाल उठ रहे हैं। राजन ने कहा कि सेंट्रल बैंक को सावधानी बरतने की आवश्यकता है और अमेरिकी डॉलर के इस्तेमाल की प्रवृत्ति को लेकर चिंता की जा रही है। वर्तमान में भारतीय रुपया अभी तक अन्य मुद्राओं के मुकाबले अधिक मूल्यवान है, लेकिन निगरानी रखने की आवश्यकता है क्योंकि आने वाले समय में मुद्रा बाजार में उलझन आ सकती है।

## भारतीय कंपनियों ने अप्रैल-दिसंबर 2024 में किया 32 लाख करोड़ रुपये का निवेश : एसबीआई रिपोर्ट

प्रात : किरण/एजेंसी

मुंबई, । भारतीय कंपनियों ने चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से दिसंबर की अवधि में 32 लाख करोड़ रुपये के निवेश का ऐलान किया है। यह पिछले साल के समान अवधि के आंकड़े 23 लाख करोड़ रुपये से 39 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च 2024 तक 13.63 लाख करोड़ रुपये का वर्क-इन-प्रोग्रेस है, जो दिखाता है कि आने वाले वर्षों में तेज विकास देखने को मिलेगा। रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 23 में सरकारी निवेश जीडीपी के 4.1 प्रतिशत पर पहुंच गया था, जो कि वित्त वर्ष 12 के बाद सबसे अधिक है। वहीं, निजी सेक्टर का निवेश जीडीपी का 11.9 प्रतिशत रहा है और यह वित्त वर्ष 16 के बाद सबसे अधिक है। इस साल फरवरी के अंत में आने वाले वित्त वर्ष 24 के प्राथमिक डेटा में निजी सेक्टर का निवेश की जीडीपी का 12.5 प्रतिशत हो सकता है। बाह्य वाणिज्यिक उधार (ईसीबी) भारतीय कंपनियों की फंडिंग का मुख्य सोर्स है। सितंबर 2024 तक 190.4 अरब डॉलर के ईसीबी बकाया थे। इसमें पिछली तिमाही के मुकाबले वृद्धि देखने को मिली है। इसमें नॉन-रुपी और नॉन-एफडीआई घटकों की हिस्सेदारी 155 अरब डॉलर थी। इसे हेजिंग के जरिए अधिक स्थिरता मिलती है। इन उधारों में निजी कंपनियों की हिस्सेदारी 63 प्रतिशत (97.58 अरब डॉलर) है। इसमें से 74 प्रतिशत एक्सपोजर हेज है। वहीं, सरकारी कंपनियों की इसमें हिस्सेदारी 37 प्रतिशत (55.5 अरब डॉलर) है। सितंबर 2024 तक कुल ईसीबी का दो-तिहाई हिस्सा हेज किया जा चुका है, जो दो साल पहले 55 प्रतिशत था। अनहेज्ड हिस्से में से कुछ सरकारी गारंटी द्वारा समर्थित हैं, जबकि अन्य नेचुरल हेज से लाभान्वित होते हैं, जहां उधारकर्ता विदेशी मुद्रा में कमाते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि सितंबर 2024 तक नेचुरल हेज अनहेज्ड ईसीबी का लगभग 1.5 प्रतिशत था।

## स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स का शेयर 33 प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ सूचीबद्ध

प्रात : किरण/एजेंसी




नई दिल्ली, । स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स का शेयर अपने निर्गम मूल्य 90 रुपये से 33 प्रतिशत उछाल के साथ बृहस्पतिवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई तथा एनएसई पर शेयर की शुरूआत 120 रुपये पर हुई, जो निर्गम मूल्य से 33.33 प्रतिशत की बढ़त दशार्ता है। कंपनी का बाजार मूल्यांकन बीएसई पर 999.42 करोड़ रुपये और एनएसई पर 999.50 करोड़ रुपये रहा। कंपनी के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन गत सोमवार को 188.38 गुना अभिदान मिला था। रेफ्रिजरेंट्स आपूर्तिकर्ता स्टैलियन इंडिया फ्लोरोकेमिकल्स का 199.45 करोड़ रुपये का आईपीओ 1.78 करोड़ नए शेयर और 43.02 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन था। इसके लिए 85-90 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया गया था।

# रोहित, जायसवाल, पंत और गिल रणजी ट्रॉफी में वापसी पर सिंगल डिजिट स्कोर पर आउट

प्रात: किरण,/ एजेसी

नई दिल्ली,। रणजी ट्रॉफी के छठे राउंड में भारतीय टेस्ट टीम के स्टार खिलाड़ी कप्तान रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत और शुभमन गिल के अपने-अपने राज्य की टीमों में शामिल होने के कारण उत्सुकता बढ़ गई थी।

रणजी ट्रॉफी में खेलने वाली स्टार चौकड़ी का आगमन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अपनी नई नीति के तहत अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में भाग लेना अनिवार्य करने के बाद हुआ।

लेकिन प्रतियोगिता के दूसरे चरण के पहले दिन, ये चारों सिंगल डिजिट स्कोर पर आउट हो गए।

मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में एमसीए शरद पवार क्रिकेट अकादमी मैदान पर, रोहित की दस साल बाद रणजी ट्रॉफी में बहुप्रतीक्षित वापसी अल्पकालिक रही, जो सिर्फ 19 गेंदों पर ही खत्म हो गई।

क्योंकि उन्हें जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज उमर नजीर ने सिर्फ तीन रन पर आउट कर दिया।

नजीर ने अनुशासन और सटीकता के साथ गेंदबाजी करते हुए रोहित को लगातार मेडन से परेशान किया और फिर ऑफ साइड से बाहर की लेंथ डिलीवरी की, जिससे रोहित का मुख्य किनारा निकल गया और वह पुल करने गए और एक्स्ट्रा कवर पर कैच आउट हो गए।

इस आउट होने से रोहित का लाल गेंद वाले क्रिकेट में खराब दौर जारी रहा, क्योंकि उन्होंने



भारत के लिए 2024/25 टेस्ट सीजन में केवल 10.93 का औसत बनाया है।

दूसरी ओर, जायसवाल चार रन बनाकर औकीब नबी का शिकार बने, जिन्होंने सुबह के झटकों का पूरा फायदा उठाया और बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को तेज गेंद पर पगबाधा आउट कर दिया।

बेंगलुरु में पंजाब के लिए ओपनिंग करते हुए गिल आठ गेंदों पर चार रन बनाकर आउट हो गए, जब कर्नाटक के तेज गेंदबाज अभिलाष शेट्टी ने उन्हें कैच आउट किया, जिससे मेहमान टीम एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सिर्फ 55 रन पर आउट हो गई।

राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम ग्राउंड सी में दिसंबर 2017 के बाद से अपना पहला रणजी ट्रॉफी मैच खेलते हुए पंत क्रीज पर बहुत कम समय तक टिके रहे।

क्योंकि उन्होंने सौराष्ट्र के खिलाफ दिल्ली के लिए 10 गेंदों पर सिर्फ एक रन बनाया।

धर्मेंद्रसिंह जडेजा की गेंद पर स्वीप करने के प्रयास में पंत का संतुलन बिगड़ गया। और वे डीप स्क्वायर लेग पर कैच आउट हो गए।

हालांकि गेंदबाजी में कुछ उत्साह देखने को मिला, क्योंकि रवींद्र जडेजा ने 17.4 ओवर में 66 रन देकर 5 विकेट चटकाए, जिससे सौराष्ट्र ने दिल्ली को 188 रन पर समेट दिया।

रोहित, जायसवाल, पंत और गिल की चौकड़ी के पास अपनी-अपनी टीमों की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करते हुए खुद को साबित करने का मौका होगा।

# भारत ने इंग्लैंड को सात विकेट से हराया

प्रात: किरण,/ एजेसी



कोलकाता,। वरुण चक्रवर्ती (तीन विकेट), हार्दिक पांड्या, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल (दो-दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद अभिषेक शर्मा की (79) रनों की आतिशी अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने बुधवार को पहले टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड को सात विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। इंग्लैंड के132 रनों के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत की संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिए (41) जोड़े। पांचवें ओवर में जोफ्रा आर्चर ने संजू सैमसन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। संजू सैमसन ने 20 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (26) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव (शून्य) को भी जोफ्रा आर्चर ने इसी ओवर में आउट कर इंग्लैंड को दूसरी सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये तिलक वर्मा ने अभिषेक शर्मा के साथ पारी को संभाला। हालांकि अभिषेक ने अपनी लय बरकरार रखी और तेजी के साथ रन बनाते रहे। जीत की ओर बढ़ रही भारतीय टीम को आदिल रशीद ने 12वें ओवर में अभिषेक शर्मा को आउटकर तीसरा झटका दिया। अभिषेक शर्मा ने आतिशी बल्लेबाजी करते हुए 34 गेंदों में पांच चौके और आठ छक्कों की मदद से (79)रन बनाये। तिलक वर्मा (19) और हार्दिक पंड्या (तीन) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 12.5 ओवर में तीन विकेट पर 133 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर ने दो विकेट लिये। आदिल रशीद को एक विकेट मिला। इससे पहले आज यहां भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय गेंदबाज कप्तान की उम्मीदों पर खरे उतरे और उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया। हालांकि इस दौरान इंग्लैंड टीम के कप्तान जॉस बटलर ने कुछ आकर्षक शॉट लगाये। उन्होंने अपनी इस पारी में 44 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए (68) रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इंग्लैंड की शुरूआत खराब रही और उसने 17 रन पर अपने दो विकेट गवां दिये। फिल सॉल्ट (शून्य) और बेन डकेट (चार) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान जॉस बटलर ने हैरी ब्रूक के साथ पारी को संभलाने का प्रयास किया। आठवें ओवर में वरूण चक्रवर्ती ने हैरी ब्रूक (17) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद तो भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे इंग्लैंड के अधिकतर बल्लेबाजों ने हथियार डाल दिये। जोफ्रा आर्चर (12) रन बनाकर आउट हुये। इंग्लैंड की पूरी टीम निर्धारित 20 ओवरों में 132 के स्कोर पर सिमट गई। भारत की ओर से वरुण चक्रवर्ती ने 23 रन देकर तीन विकेट लिये। हार्दिक पांड्या, अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल को दो-दो विकेट मिले।

## पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी में आक्रामक क्रिकेट खेलने पर ध्यान देना चाहिए: राशिद लतीफ




इस्लामाबाद,। पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर राशिद लतीफ ने अपनी टीम से अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में आक्रामक क्रिकेट खेलने पर ध्यान देने का आग्रह किया है। पाकिस्तान 28 साल के अंतराल के बाद अपना पहला आईसीसी इवेंट आयोजित कर रहा है, आखिरी बार 1996 विश्व कप में मेजबानी की थी। हालांकि, आठ टीमों की प्रतियोगिता में पाकिस्तान सहित केवल सात टीमें ही देश में खेलेंगी, क्योंकि भारत अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा। पाकिस्तान 2017 के संस्करण के फाइनल में भारत को हराने के बाद गत चैंपियन के रूप में इस बड़े टूनार्मेंट में प्रवेश करेगा। लतीफ को लगता है कि घरेलू टीम को अपनी तैयारियों पर ध्यान देना चाहिए और इस बारे में नहीं सोचना चाहिए कि भारत टूनार्मेंट के लिए पाकिस्तान नहीं जाएगा। राशिद ने पाकिस्तान इंग्लिश डेली डॉन से कहा, क्रिकेट के दीवाने देश के लिए यह रोमांचक समय है। दुनिया की शीर्ष टीमें इस मेगा इवेंट में भाग लेंगी। उन्होंने कहा,मैं पाकिस्तान सरकार और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रयासों की सराहना करता हूं, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ मिलकर लगातार पैरवी की, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि पाकिस्तान को इस टूनार्मेंट की मेजबानी का अवसर मिले। भारत अपने मैच यूएई में खेलेगा, और यह उनका काम है; पाकिस्तान को केवल आक्रामक क्रिकेट खेलने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ह्व लतीफ ने पाकिस्तान की स्पिन क्षमता पर भरोसा जताया, जो उन्हें घरेलू परिस्थितियों में आगे रखेगी। उन्होंने कहा,मुझे विश्वास है कि हमारे खिलाड़ी घरेलू परिस्थितियों में खेलने के अवसर का लाभ उठाएंगे। हमारे पास मिस्ट्री बॉलर अबरार अहमद, सूफियान मुकीम और फैसल अकरम जैसे बेहतरीन स्पिनर हैं। इसके अलावा, सलमान अली आगा एक मूल्यवान संपत्ति हैं। इस बीच, पूर्व क्रिकेटर ने पाकिस्तान की सलामी जोड़ी के बारे में अपनी चिंता भी साझा की, क्योंकि सैम अयूब केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान टखने में लगी चोट से उबर रहे हैं। उन्होंने कहा,मैं सैम अयूब की चोट को लेकर चिंतित हूं, और अब्दुल्ला शफीक के भी फॉर्म में न होने के कारण हम थोड़ी दुविधा में हैं ह्व उन्होंने यह भी बताया कि हाल के वर्षों में पाकिस्तान ने अब्दुल्ला, इमाम-उल-हक, फखर जमान और शान मसूद सहित कई ओपनिंग संयोजनों के साथ प्रयोग किया है। उन्होंने कहा,जबकि ये सभी खिलाड़ी प्रतिभाशाली हैं, सही संयोजन ढूंढना एक चुनौती हो सकती है। मुझे यकीन नहीं है कि चयनकर्ता क्या सोच रहे हैं, लेकिन शायद वे फखर और शान मसूद को ओपनिंग जोड़ी के रूप में चुनेंगे। हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा। लतीफ ने भारत को एक मजबूत टीम करार दिया, लेकिन इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को पाकिस्तान के लिए मजबूत प्रतिद्वंद्वी बताया। उन्होंने कहा, भारत एक मजबूत टीम है, लेकिन मेरा मानना है कि ये चार टीमें बड़ी चुनौती पेश कर सकती हैं। पाकिस्तान 19 फरवरी को कराची में टूनार्मेंट के पहले मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा, जबकि चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत के साथ बहुप्रतीक्षित मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होगा।

## इरफान ने शमी की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी में देरी को सही ठहराया

प्रात: किरण,/ एजेसी



कोलकाता,। पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि भारतीय टीम के थिंक टैंक ने लंबे समय तक चोट के कारण बाहर रहने के बाद मोहम्मद शमी की अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी में देरी करके यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उन्हें मैदान में नहीं उतारकर सही फैसला किया। भारतीय टीम के साथ अभ्यास सत्र और बंगाल की तरफ से घरेलू क्रिकेट में अपनी फिटनेस साबित करने के बावजूद शमी को बुधवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मैच के लिए भारत की अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया था। इरफान ने कहा कि शमी अपने शरीर का ईमानदारी से आकलन करने के लिए काफी अनुभवी हैं उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा,ह्यह्य जब आप बेहद अनुभवी हो और भारत के चोटी के 10 गेंदबाजों में शामिल हो तो आप अपने शरीर की सीमाओं को अच्छी तरह से समझते हैं। इरफान ने कहा,शमी ने हमेशा अपनी स्थिति के बारे में टीम प्रबंधन को पूरी ईमानदारी से अवगत कराया तथा यह फैसला आपसी सहमति से लिया गया। जब आप लगातार शीर्ष स्तर पर खेल रहे हों तो चोट से उबरने में थोड़ा समय लगता है। मेरा मानना है की टीम प्रबंधन सही समय पर उचित फैसला करेगा। इरफान ने चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में तेज गेंदबाजी बैकअप की कमी पर भी चिंता व्यक्त की। उनका मानना है कि जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को लेकर अनिश्चितता होने के कारण मोहम्मद सिराज को टीम में लिया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा, ह्यह्यआपको तेज गेंदबाजी में बैकअप की जरूरत पड़ेगी। सिराज अच्छा विकल्प हो सकता था। दुबई में चार स्पिनर के साथ खेलना व्यावहारिक नहीं होगा। बुमराह और शमी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं और उनके लिए आते ही अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं होगा। इरफान ने कहा,सिराज जैसा गेंदबाज इस कमी को पूरा कर सकता था। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि जिन खिलाड़ियों को चुना गया है वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हमें उनका समर्थन करना चाहिए।

## अर्शदीप भारत के लिए सबसे ज्यादा टी-20 विकेट लेने वाले गेंदबाज बने



प्रात: किरण,/ एजेसी

कोलकाता,। कोलकाता के ईडन गार्डन में अर्शदीप ने अपनी जादुई गेंदबाजी का जलवा दिखाते हुए बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 मुकाबले में फिल सॉल्ट के बाद बेन डकेट का विकेट लेते ही वह टी20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने गेंदबाज बन गए हैं। अर्शदीप यह उपलब्धि सबसे तेज (60 पारियां) हासिल करने वाले गेंदबाज भी हैं। उनके बाद 69 पारियों में 89 विकेट लेकर जसप्रीत बुमराह खड़े हैं। हार्दिक पांड्या के भी मैच शुरू होने तक 89 विकेट थे लेकिन यह विकेट उन्हें 110 पारियों में मिले हैं। उम्मीद है कि इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी20 मैचों की सीरीज के दौरान ही अर्शदीप भारत के लिए 100 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन जाए।

### टी20 में सबसे ज्यादा विकेट (भारत)

97 विकेट : अर्शदीप सिंह
96 विकेट : युजी चहल
90 विकेट : भुवनेश्वर कुमार
89 विकेट : जसप्रीत बुमराह
89 विकेट : हार्दिक पांड्या

अर्शदीप सिंह 2024 के बाद से टी20ई में तेज गेंदबाजों में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, उन्होंने 18 पारियों में 10.8 की स्ट्राइक रेट से 36 विकेट लिए। यही नहीं, बीते दिनों खत्म हुई विजय हजारे ट्रॉफी में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था। उन्होंने कुछेक पारियों में बल्ले से रन तो बनाए ही साथ ही साथ सर्वाधिक 20 विकेट लिए। इसी प्रदर्शन के कारण अर्शदीप को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया में चुना गया था।

### भारत के लिए पहले ओवर में सर्वाधिक टी20 विकेट

18 : भुवनेश्वर कुमार
7 : अर्शदीप सिंह
4 : रवि अश्विन
3 : आशीष नेहरा, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, हार्दिक पंड्या

## धोनी ने दोस्त कुणाल की नई कार पर दिया ऑटोग्राफ, आनंद महिंद्रा हुए अभिभूत

रांची,। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी फुर्सत पाते ही अपने दोस्तों के साथ अक्सर मस्ती करते दिख जाते हैं। उनके दोस्त पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी नई महिंद्रा थार खरीदकर इसकी खुशी साझा करने धोनी के फार्म हाउस जा पहुंचे। धोनी ने उनकी नई कार की सीट पर ऑटोग्राफ देकर मौके को और खास बना दिया। कुणाल ने इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की, तो यह वायरल हो गई। धोनी के इस अनोखे अंदाज पर महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा भी खुद को प्रतिक्रिया देने से रोक नहीं पाए। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ह्लएक कार अक्सर वह ह्यकैनवासह्ल होती है, जिस पर हम दुनिया घूमने और जीवन को खोजने की अपनी आकांक्षाएं चित्रित करते हैं और यह थार रॉक्स उस शख्स के हस्ताक्षर से सज गई, जो आर्ट ऑफ लिविंग में निपुण है ह्व धोनी का फैंस और दोस्तों के साथ ऐसा जुड़ाव कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी वह कई बार अपने प्रशंसकों और करीबियों की गाड़ियों पर ऑटोग्राफ देकर चर्चा में आ चुके हैं। एक बार उन्होंने बीएमडब्ल्यू 740 आई सीरीज पर अपने फैन के कहने पर हस्ताक्षर किए थे। इतना ही नहीं, एक अन्य मौके पर उन्होंने एक बाइक पर ऑटोग्राफ देने से पहले उसे अपनी टी-शर्ट से साफ किया और फिर उस पर हस्ताक्षर किए थे।

## आईएलटी20 सीजन 3: ऑस्ट्रेलिया के स्पिनर एडम जम्पा शारजाह वारियर्स से जुड़े

प्रात: किरण,/ एजेसी



शारजाह,। शारजाह वारियर्स को ऑस्ट्रेलियाई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर एडम जम्पा के साथ अनुबंध की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है, जो आईएलटी20 सीजन 3 के शेष भाग के लिए श्रीलंकाई विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस की जगह लेंगे। जम्पा, जिन्होंने आईएलटी20 के शुरूआती सीजन में एक छोटी अवधि के लिए खेला था, ने अपने करियर में करीब 400 टी20 मैच खेले हैं। ऑस्ट्रेलियाई की इकॉनमी रेट आठ रन प्रति ओवर से कम है और उन्होंने 95 टी20आई में 117 विकेट और 291 टी20 में 355 विकेट लिए हैं। उन्होंने टी20 क्रिकेट में चार बार पांच विकेट भी लिए हैं। दिग्गज शेन वार्न से प्रेरित 32 वर्षीय जम्पा टी20आई में 100 विकेट लेने वाले पहले ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज भी हैं और वर्तमान में अपनी राष्ट्रीय टीम के सबसे सफल गेंदबाज हैं। 2021 में ऑस्ट्रेलिया की टी20 विश्व कप जीत में भी उनकी अहम भूमिका रही थी, 7 मैचों में 5.81 की इकॉनमी से 13 विकेट लेकर वे विकेट चार्ट में दूसरे स्थान पर रहे और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5-19 रहा, जो पूरे टूनार्मेंट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन भी था। शारजाह वॉरियर्स टीम में, जम्पा गेंदबाजी इकाई में आदिल राशिद, हरमीत सिंह, मोहम्मद जवादुल्लाह, कप्तान टिम साउदी और एडम मिल्ने जैसे अन्य खिलाड़ियों के साथ शामिल होंगे। जम्पा ने कहा,मैं यूएई लौटकर और आईएलटी20 के सीजन 3 के लिए शारजाह वॉरियर्स में शामिल होकर बहुत खुश हूं। वॉरियर्स टूनार्मेंट की सर्वश्रेष्ठ फ्रेंचाइजी में से एक है और मैं आदिल राशिद, टिम साउदी और जेपी डुमिनी जैसे खिलाड़ियों के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे विश्वास है कि, हम एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और टूनार्मेंट के दूसरे भाग में अपने प्रशंसकों के लिए कुछ शानदार प्रदर्शन करेंगे।

## लक्ष्य सेन इंडोनेशिया मास्टर्स से बाहर



जकार्ता,। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन का अंतरराष्ट्रीय सर्किट में संघर्ष जारी है और वह बृहस्पतिवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जापान के केंटा निशिमोटो से हारकर बाहर हो गए। भारत के 10वीं रैंकिंग के खिलाड़ी लक्ष्य को निशिमोटो से 16-21 21-12 21-23 से पराजय मिली। इससे पहले ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी को भी दूसरे दौर में हार का मुंह देखना पड़ा। इस भारतीय जोड़ी को बढ़त बनाने के बावजूद मलेशिया के पांग रोन हू और सु यिन चेंग की जोड़ी से 21-18 15-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सेन ने मैच में खराब शुरूआत की और पहला गेम गंवा बैठे। उन्होंने दूसरा गेम जीत कर अच्छी वापसी की लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम में कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

## भारत में स्पिन खेलना बड़ी चुनौती, हमें इससे निपटने का तरीका ढूंढना होगा: बटलर

प्रात: किरण,/ एजेसी

कोलकाता। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में भारत के खिलाफ सात विकेट से मिली करारी हार के बाद कहा।

कि भारतीय परिस्थितियों में स्पिनरों को खेलना चुनौती बनी रहेगी।

और उनके बल्लेबाजों को पांच मैच की श्रृंखला में वापसी करने के लिए इससे निपटने का तरीका ढूंढना होगा।

इंग्लैंड की टीम बुधवार को यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए वरुण चक्रवर्ती,अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई की स्पिन तिकड़ी के सामने 132 रन आउट हो गई।

भारत ने केवल 12.5 ओवर में लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला में शुरूआती बढ़त बनाई।



बटलर ने यहां ईडन गार्डन्स में मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, हम उस तरह का खेल नहीं खेल पाए जैसा कि खेलना चाहते थे।

उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की।

उन्होंने कहा,हमारे कुछ बल्लेबाज पहली बार उनके कुछ गेंदबाजों का सामना कर रहे थे।

उनके प्रदर्शन पर गौर करना अच्छा होगा।

हर कोई अच्छा खेलना चाहता है। और उन पर दबाव बनाना चाहता है।

हम बड़ा स्कोर बनाना चाहते हैं जिसका हम बचाव कर सकें।

इंग्लैंड के कप्तान ने स्वीकार किया कि स्पिन भारत में लगातार चुनौती बनी रहेगी।

और उन्होंने अपनी टीम से इससे निपटने के लिए व्यक्तिगत रणनीति तैयार करने का अनुरोध किया।

बटलर ने कहा,हमारे पास वास्तव में अच्छे खिलाड़ी हैं।

और हम जानते हैं।

कि भारत के खिलाफ उन्हें स्पिन का काफी सामना करना पड़ेगा।

हमारा मानना है।

कि हमें प्रत्येक मैच में कम से कम तीन स्पिनर का सामना करना पड़ेगा।

हमें उन पर दबाव बनाने के लिए अपनी व्यक्तिगत रणनीति के साथ खेलना होगा।

हार के बावजूद बटलर ने कहा कि इंग्लैंड क्रिकेट के अपने आक्रामक ब्रांड से नहीं हटेगा जो 2015 से उनकी पहचान रही है।

उन्होंने कहा,टी20 क्रिकेट में हम हमेशा आक्रामक खेल खेलने का प्रयास करते हैं।

ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है। कि 2015 के बाद से हमारा सीमित ओवरों की क्रिकेट में खेलने का यही तरीका रहा है।

और हम वास्तव में कभी इससे पीछे नहीं हटे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### फूप्रो ने किफायती प्रोस्थेटिक्स के साथ शार्क टैंक इंडिया 4 में सबका ध्यान खींचा

**मुंबई, एजेंसी।** फूप्रो के संस्थापक निमिश मेहरा और साइरिल जो बेबी अपने नवाचारों से प्रोस्थेटिक्स की दुनिया में बड़ा बदलाव ला रहे हैं। उनकी सस्ती और शानदार तकनीकों ने अब तक 15,000 से ज्यादा दिव्यांगों की जिंदगी बदल दी है। फूप्रो के 20 इनोवेटिव प्रोडक्ट्स, जिनमें 5 पेटेंटेड डिज़ाइनें शामिल हैं, इस बदलाव की मिसाल हैं। अब ये जोड़ी अपने अनोखे आइडिया के साथ शार्क टैंक इंडिया सीजन 4 में लोगों का दिल जीतने के लिए तैयार है।फूप्रो जिंदगी में बदलाव लाने के लिए इंसानी कहानियों का संयोजन अत्याधुनिक तकनीक के साथ करता है। अपने पिच के दौरान उन्होंने अंशुल की कहानी साझा की, जो एक राष्ट्रीय स्तर के पर्वतारोही हैं। दुर्घटना में अपना पैर खोने के बाद, फूप्रो की प्रोस्थेटिक लेग की मदद से अंशुल ने फिर से चलना सीखा और अपने जुनून को नया जीवन दिया। संस्थापक निमिश, जो एक अंतरराष्ट्रीय रेस कार डिजाइनर हैं, ने अपने कॉलेज प्रोजेक्ट को एक ऐसे मिशन में बदल दिया, जो घायल सैनिकों से प्रेरणा लेकर आधुनिक प्रोस्थेटिक्स बनाने पर केंद्रित है। अपने जूनियर साइरिल के साथ मिलकर उन्होंने फूप्रो बनाया, जहां इनोवेशन और इंसानियत का अनोखा संगम देखने को मिलता है।

### सोनी लिव के 'बड़ा नाम करेंगे' में दमदार अभिनय के लिए साथ आए जमील खान और दीपिका अमीन

**मुंबई, एजेंसी।** राजश्री प्रोडक्शंस का दिल छूने वाला शो बड़ा नाम करेंगे जल्द ही सोनी लिव पर प्रसारित होने वाला है। यह सीरीज़ 7 फरवरी से शुरू हो रही है और इसकी कहानी रतलाम और उज्जैन की खूबसूरत पृष्ठभूमि पर आधारित है। बड़ा नाम करेंगे एक ऐसी कहानी है जो प्यार, परिवार और हमारे जीवन के खास रिश्तों को सजीव करती है।यह शो दर्शकों को एक भावनात्मक और प्रेरणादायक यात्रा पर ले जाएगा, जिसमें दिल को छूने वाले पलों के साथ-साथ हास्य और सच्चाई से जुड़े घटनाक्रम होंगे। यह सीरीज़ पारिवारिक रिश्तों और संबंधों को एक नई दृष्टि से पेश करती है, जो दर्शकों को याद दिलाएगी कि प्यार में कितनी ताकत होती है। बड़ा नाम करेंगे हमें यह भी सिखाता है कि परिवार के रिश्ते हमारी ज़िंदगी में कितने अहम होते हैं और अपने दिल की बात सुनना कितनी बड़ी शक्ति है। यह शो निश्चित रूप से हर उम्र के दर्शकों को जोड़ने और प्रेरित करने वाला है। यह शो केवल ऋषभ (ऋतिक घनशानी) और सुरभि (आयशा कादुस्कर) की प्रेम कहानी नहीं है, बल्कि गुप्ता परिवार के प्यार और जटिल रिश्तों को भी खूबसूरती से पेश करता है।

### बादाम पोषण से भरपूर होते हैं: रितिका समद्दर

**मुंबई, एजेंसी।** हर साल 23 जनवरी को नेशनल आमंड डे मनाया जाता है, जो बादाम खाने के फायदों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का दिन है। हम में से अधिकांश ने बचपन में अपनी माँ और दादी से सुना होगा कि बादाम खाना सेहत के लिए फायदेमंद होता है, और यह बात अब वैज्ञानिक रूप से भी साबित हो चुकी है। 200 से अधिक वैज्ञानिक अध्ययनों ने यह पुष्टि की है कि बादाम पोषण से भरपूर होते हैं और हमारी संपूर्ण सेहत को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। कैलिफोर्निया बादाम, जो पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। इस खास मौके पर रितिका समद्दर, क्षेत्रीय प्रमुख- डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर - नई दिल्ली ने बताया कि रोजाना के आहार में बादाम को शामिल करने के कुछ अनजान लेकिन महत्वपूर्ण फायदे हैं। आइए, इस बहुमूल्य जानकारी पर एक नज़र डालें और सेहत के लिए बादाम के लाभों को समझें। कैलिफोर्निया बादाम में 15 जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जैसे मैग्नीशियम, प्रोटीन, रिबोफ्लेविन, जिंक, फाइबर और सेहतमंद फैट्स। ये पोषक तत्व संपूर्ण तंदुरुस्ती में योगदान देते हैं।

## बीड सरपंच हत्या मामला

# आरोपी वाल्मिक कराड अस्पताल में कराए गए भर्ती, पेट में दर्द की शिकायत



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के बीड जिलें के मस्साजोग में सरपंच संतोष देशमुख की हत्या मामले ने पूरे राज्यभर की राजनीति को गर्म कर रखा है। आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति अपने चरम पर है। इसी बीच हत्या मामले में आरोपी धनंजय मुंडे के करीबी वाल्मिक कराड के पेट में दर्द की शिकायत पर को उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि वाल्मिक कराड को सरपंच देशमुख हत्या मामले बुधवार को कराड की एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

### अस्पताल के अधिकारी ने दी जानकारी

मामले में जानकारी देते हुए अस्पताल के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बीड की जेल में ले जाए जाने के बाद कराड ने पेट दर्द की शिकायत की। जेल प्रशासन ने बीड सिविल अस्पताल के चिकित्सा अधिकारियों को कल रात इस बारे में एक पत्र लिखा। इसके बाद डॉक्टरों की एक टीम ने जेल में उनकी जांच की और दवाइयां दीं। लेकिन, दर्द कम न होने पर कराड को बुधवार रात करीब 10.30 बजे सिविल अस्पताल लाया गया।

### सेमी आईसीयू वार्ड में भर्ती है कराड

अस्पताल के अधिकारी ने आगे बताया कि वाल्मिक कराड को सेमी आईसीयू वार्ड में रखा गया है। अधिकारी ने कहा कि गुरुवार को बाद में उनके स्वास्थ्य की समीक्षा की जाएगी। सर्जन उनकी जांच कर रहे हैं और आज उनके कुछ टेस्ट किए जाएंगे। इससे पहले बुधवार को एक अधिकारी ने बताया था कि कराड को खांसी, जुकाम और बुखार था और सुबह उन्हें जांच के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन उनके महत्वपूर्ण पैरामीटर स्थिर थे।

### पुलिस अधिकारी ने दी जानकारी

साथ ही इस मामले में पुलिस अधिकारी ने बताया कि कराड के वकीलों द्वारा किए गए आवेदन के जवाब में अदालत ने उन्हें जेल में रहते हुए सीपीएपी मशीन का उपयोग करने की अनुमति दी, जो स्लीप एपनिया के इलाज में मदद करती है।

### देशमुख के भाई ने की जमानत नहीं देने की अपील

वहीं मृतक संतोष देशमुख के भाई धनंजय ने बुधवार को अदालत से अपील की थी कि हिरासत में भेजे जाने के बाद भी आरोपियों को जमानत नहीं देने की मांग की थी। साथ ही देशमुख ने पुलिस प्रशासन पर आरोपी के साथ मिलीभगत का आरोप भी लगायाय्

गौरतलब है कि मध्य महाराष्ट्र के बीड जिले के मासजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का 9 दिसंबर को अपहरण कर लिया गया, उन्हें प्रताड़ित किया गया और उनकी हत्या कर दी गई। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि देशमुख ने एक ऊर्जा कंपनी को निशाना बनाकर जबरन वसूली के प्रयास का विरोध करने की कोशिश की थी।

### बेलगावी में बच्चा बेचने वाले रैकेट का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**बेलगावी, एजेंसी।** बेलगावी जिले में बच्चों की तस्करी के मामले बढ़ते जा रहे हैं. पिछले तीन महीनों में बाल तस्करी के तीन मामले सामने आए. अब हुक्केरी पुलिस ने 7 साल के बच्चे को बेचने के आरोप में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में हुक्केरी तालुक के सदाशिव शिवबसप्पा मगदुम (लड़के का सौतेला पिता), लक्ष्मी गोलाबामवी, संगीता विष्णु सावंत, अनसूया गिरिमल्लप्पा दोड्डामनी शामिल हैं. पुलिस ने लड़के को बाल कल्याण बोर्ड को सौंप दिया है. लक्ष्मी गोलाबामवी मैरिज ब्रोकर के रूप में काम करती थी. उसने चार महीने पहले उसी गांव के सदाशिव मगदुम्मा और हावेरी जिले के बथनाला गांव की संगीता की शादी करवायी थी.

दोनों की यह दूसरी शादी थी. संगीता को पहले से ही सात साल का एक बेटा है. लक्ष्मी ने झांसा देकर संगीता से दोस्ती की और उसे यह कहकर विश्वास दिलाया कि वह उसके बच्चे की देखभाल करेगी. संगीता की नई-नई शादी हुई थी. वह भी उसकी बातों में आ गई. बाद में लक्ष्मी ने कोल्हापुर की अपनी सहेलियों संगीता सावंत और हलियाला की अनुसूया दोड्डामनी के साथ मिलकर सात साल के लड़के को बेच दिया.

उन्होंने लड़के को बेलगावी की दिल शान नामक महिला को चार लाख रुपये में बेच दिया. इस दौरान आरोपियों ने उन्हें विश्वास दिलाया कि लड़के का कोई पिता या माता नहीं है. लड़के को खरीदने वाले दिलशान ने आरोपियों से आग्रह किया कि वे थाने में इस बारे में लिखित जवाब दे।

### नई वंदे भारत ट्रेन लॉन्च के लिए तैयार, 4 घंटे में पूरा होगा उदयपुर से अहमदाबाद का सफर

**हैदराबाद, एजेंसी।** इंडियन रेलवे जल्द नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू करने जा रहा है. अहमदाबाद और उदयपुर को जोड़ने वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस लॉन्च के लिए तैयार है. यह नई सेवा अहमदाबाद-हिम्मतनगर-उदयपुर रूट पर चलेगी. रेल लाइन पर सफल विद्युतीकरण के बाद जनवरी के अंत या फरवरी तक इसके चालू होने की उम्मीद है. वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा शुरू होने के बाद यात्री इस रूट तेज और अधिक आरामदायक सफर का अनुभव कर सकेंगे.




मीडिया रिपोर्ट के मुताकि, नई वंदे भारत ट्रेन मंगलवार को छोड़कर हफ्ते में छह दिन चलेगी. यह राजस्थान के उदयपुर से सुबह 6: 10 बजे शुरू होगी और सुबह 10: 25 बजे गुजरात के अहमदाबाद पहुंचेगी, जिसमें हिम्मतनगर में दो मिनट का स्टॉप होगा. इसी तरह वापसी में यह ट्रेन अहमदाबाद से शाम 5: 45 बजे रवाना होगी और रात 10 बजे उदयपुर पहुंचेगा. अहमदाबाद में इस ट्रेन का संचानल असरवा रेलवे स्टेशन से होगा.

**वंदे भारत एक्सप्रेस में आठ एसी चेयर कार कोच:** रिपोर्ट के मुताबिक, नए डिजाइन वाली इस वंदे भारत एक्सप्रेस में आठ एसी चेयर कार कोच होंगे, जिससे यात्रियों को प्रीमियम अनुभव मिलेगा. अहमदाबाद और उदयपुर के बीच यात्रा का समय लगभग चार घंटे होगा, जबकि सड़क मार्ग से यह यात्रा पांच घंटे में पूरी होती है. यह ट्रेन सेवा मेवाड़ क्षेत्र के यात्रियों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद होगी, क्योंकि यह ट्रेन अहमदाबाद के एयरपोर्ट तक सुविधाजनक पहुंच भी प्रदान करती है।

# दक्षिण अफ्रीका से हजारों श्रद्धालुओं के महाकुम्भ में शामिल होने की उम्मीद

**प्रयागराज, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुम्भ में दक्षिण अफ्रीका से हजारों श्रद्धालुओं के जाने की उम्मीद है। जोहानिस्बर्ग में भारत के महावाणिज्यदूत महेश कुमार ने बुधवार शाम कहा, ''13 जनवरी को महाकुम्भ की शुरुआत के बाद से कुछ ही दिनों में उन लोगों के लिए सौ से ज्यादा वीजा जारी किए जा चुके हैं जो इसमें शामिल होने के इच्छुक हैं और कई लोगों ने इसमें शामिल होने के लिए अपने प्रवासी भारतीय नागरिकता (ओसीआई) कार्ड का इस्तेमाल किया है।''

कुमार 'महाकुंभ 2025- वेयर स्पिरिचुएलिटी मीट्स टेक्निकल इनोवेशन' नामक संगोष्ठी की मेजबानी कर रहे थे, जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने इस आयोजन के इतिहास और आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। कुमार ने कहा, ''ट्रैवल एजेंट विशेष पैकेज भी तैयार कर रहे हैं, जिससे महाकुम्भ में लोगों की संख्या में और इजाफा होने की उम्मीद है।'' उन्होंने कहा, ''महाकुम्भ में शामिल होने के इच्छुक लोगों के मन में बहुत सारे प्रश्न हैं और इसी को देखते हुए यह संगोष्ठी आयोजित की गई है।''



दक्षिण अफ्रीका में पर्यावरण कार्यकर्ता एवं 'सेव सॉइल मूवमेंट' के नेता त्सेके नकादिमेंग महाकुम्भ में जाएंगे। उन्होंने कहा, ''इस तरह का अगला महाकुम्भ साल 2169 में होगा। यह जानने के लिए कि यह वास्तव में है क्या, आपको वहां जाना ही चाहिए..।'' दक्षिण अफ्रीका के रामकृष्ण केंद्र के स्वामी विप्रानंद महाराज ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में किसी भी ऐसे व्यक्ति के लिए कुम्भ की कल्पना करना मुश्किल है जिसने इस तरह के आयोजन का अनुभव नहीं किया है।

# मैंने बाइडेन की तरह अपने लोगों को माफी नहीं दी

### राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प का पहला इंटरव्यू

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रम्प ने दूसरी बार अमेरिका का राष्ट्रपति बनने के बाद बुधवार को पहला इंटरव्यू दिया। ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज को दिए इंटरव्यू में बाइडेन सरकार पर कई तंज किए। उन्होंने कहा कि मैंने अपने लोगों को बाइडेन की तरफ राष्ट्रपति रहते माफी नहीं दी। ट्रम्प ने कहा कि जब मैं पहली बार राष्ट्रपति था तो मेरे कार्यकाल के अंतिम दिनों में मुझसे से भी पूछा गया था कि क्या मैं खुद को और अपने लोगों को माफी देना चाहूंगा?

ट्रम्प ने कहा- तब मैंने कहा कि मैं किसी को माफ नहीं करूंगा, हमने कुछ भी गलत नहीं किया। हमारे लोगों ने कई तकलीफें झेली, वे बहादुर देशभक्त हैं। दरअसल जो बाइडेन ने राष्ट्रपति रहते अपने बेटे हंटर, भाई जेम्स और उनकी पत्नी सारा, भाई फ्रांसिस, बहन वेलेरी और उनके पति जॉन ओवेन्स को माफी दे दी थी। बाइडेन का कहना था कि सिर्फ उन्हें परेशान करने के लिए उनके परिवार को निशाना बनाया जा रहा है।



ट्रम्प से जब पूछा गया कि उन्हें राष्ट्रपति ऑफिस में वापस लौटकर कैसा लग रहा है। इस पर उन्होंने कहा यहां बहुत काम बाकी था। अगर मैं 2020 में दोबारा राष्ट्रपति बन जाता तो बहुत सारा काम तब ही खत्म हो जाता। ट्रम्प ने आगे कहा अगर मैं 2020 में भी राष्ट्रपति बनता तो हमारे देश में महंगाई नहीं होती, अफगानिस्तान जैसा संकट नहीं होता, 7 अक्टूबर को इजराइल जैसी घटना नहीं होती और यूक्रेन में युद्ध नहीं होता।

**हमें अमेरिका की बहुत सी परेशानियों का हल ढूंढना है:** राष्ट्रपति ट्रम्प ने अमेरिकी संसद में अपनी रिपब्लिकन पार्टी का हवाला देते हुए कहा कि हमें अमेरिका की बहुत सारी परेशानियां का हल ढूंढना है और इनका हल ढूंढा भी जा सकता है। इसके लिए बस समय, मेहनत और पैसे की जरूरत होगी।

उन्होंने कहा- अगर हम यह चुनाव हार गए होते तो हमारा देश हमेशा के लिए खो गया होता। अब हम अपना देश वापस पा सकते हैं। ट्रम्प ने कहा हमें उन शहरों को दी जाने वाली धनराशि में कटौती करनी पड़ेगी जो अप्रवासियों को डिपोर्ट करने के कानून को लागू करने में हमारी सरकार की मदद नहीं कर रहे हैं। मुझे सच में ऐसा करना पड़ सकता है। कभी-कभी यही एकमात्र तरीका होता है जो हम कर सकते हैं।

# 308 अवैध प्रवासी गिरफ्तार: इन पर हत्या, रेप, किडनैपिंग के आरोप

### न्यूयॉर्क से 4 बांग्लादेशी भी पकड़े गए

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पदभार संभालने के पहले दिन (मंगलवार) इमीग्रेशन एंड कस्टम इन्फोर्समेंट ने 308 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किया है। द न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक सीमा सुरक्षा अधिकारी टॉम होमन ने यह खुलासा किया है। ये गिरफ्तारियां देश के हर हिस्से से हुई हैं। इन अवैध प्रवासियों में से ज्यादातर अपराधी हैं। इनमें से कुछ पर अपहरण, हत्या और बलात्कार के आरोप हैं। होमन ने बुधवार को कहा कि इमीग्रेशन अधिकारियों ने उन अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया है जो देश के लिए खतरा पैदा करते हैं। इनकी आबादी 7 लाख से ज्यादा है। बांग्ला अखबार प्रथोम अलो की रिपोर्ट के मुताबिक पहले दिन पकड़े गए लोगों में 4 बांग्लादेशी नागरिक हैं। इन्हें न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन बरो फुल्टन इलाके से गिरफ्तार किया गया है। अवैध प्रवासियों को पकड़ने के लिए देशभर में छापेमारी जारी रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के कई राज्यों में छापेमारी जारी है और बड़े पैमाने पर अप्रवासियों से पूछताछ की जा रही है। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के कुछ ही दिन बाद ट्रम्प ने इमिग्रेशन और कस्टम एनफोर्समेंट के पूर्व प्रमुख टॉम होमन को 'बॉर्डर जार(सीमा सुरक्षा अधिकारी)' नियुक्त किया था। होमन ने पिछले सप्ताह ऐलान किया था कि ट्रम्प के शपथ ग्रहण के अगले दिन वे देशभर में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू करेंगे और हिना दस्तावेज वाले अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार करेंगे। सोमवार को शपथ लेने के बाद ट्रम्प ने कई एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर दस्तखत किए।

# कैलिफोर्निया में फिर से भड़की आग: 10 हजार एकड़ इलाका जला

## 50 हजार लोगों को घर छोड़ने का आदेश

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में पिछले कई हफ्तों से लगी आग एक बार फिर भड़क गई है। इस बार लॉस एंजिलिस के उत्तरी इलाके ह्यूजेस में आग लगी है। बुधवार को लगी आग से करीब 10 हजार एकड़ इलाका जल गया है। आग की वजह 50 हजार लोगों को घर छोड़ने को कहा गया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, कास्टिक झील के पास लगी इस आग को बुझाने के लिए 4 हजार फायर फाइटर्स को तैनात किया गया है। यहां 48 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही हैं। सीएनएन के मुताबिक, आग इतनी तेजी से फैल रही है कि इससे हर 3 सेकेंड में एक फुटबॉल मैदान के बराबर इलाका जल रहा है। सैटेलाइट डेटा के मुताबिक स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 10: 45 बजे कास्टिक झील के पास हॉटस्पॉट का पता चला था। इससे पहले लॉस एंजिलिस के आसपास के दक्षिणी जंगलों में 7 जनवरी को आग लगी थी। इसमें 25 लोगों की जान चली गई थी।

**कैलिफोर्निया में पिछले 50 साल में 78 से ज्यादा बार लगी आग:** कैलिफोर्निया में कई सालों से सूखे के हालात हैं। इलाके में नमी की कमी है। इसके अलावा यह राज्य अमेरिका के दूसरे इलाकों की तुलना में काफी गर्म है। यही वजह है कि यहां पर गर्मी के मौसम में अक्सर जंगलों में आग लग जाती है। यह सिलसिला बारिश का मौसम आने तक जारी रहता है। हालांकि, बीते कुछ सालों से हर मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। पिछले 50 सालों में कैलिफोर्निया के जंगलों में 78 से ज्यादा बार आग लग चुकी है। कैलिफोर्निया में जंगलों के पास रिहायशी इलाके बढ़े हैं। ऐसे में आग लगने पर नुकसान ज्यादा होता है। 1933 में लॉस एंजिलिस के ग्रिफिथ पार्क में लगी आग कैलिफोर्निया की सबसे बड़ी आग थी। इसने करीब 83 हजार एकड़ के इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था। करीब 3 लाख लोगों को अपना घर छोड़कर दूसरे शहरों जाना पड़ा था।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ह्यूजेस फायर नामक यह आग बुधवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10: 30 बजे लॉस एंजिल्स शहर से लगभग 80 किमी उत्तर-पश्चिम में कास्टेइक झील के पास लेक ह्यूजेस रोड के क्षेत्र में लगी. ये आग बड़ी तेजी से फैली और डेढ़ घंटे से भी कम समय में इस क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया. मोटे सूखे पेड़ों से ईंधन मिलने तथा सांता एना की तेज हवा के कारण जंगली आग तेजी से फैली.





**इलाका खाली करने की अपील:** कास्टेइक झील क्षेत्र और निकटवर्ती दूरदराज के घाटी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को निकालने के आदेश जारी कर दिए गए. लॉस एंजिल्स काउंटी शेरिफ विभाग के रॉबर्ट जेन्सन ने आग से प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले सभी लोगों से तुरंत जगह खाली करने को कहा है.

उन्होंने कहा कि हमने पैलिसेड्स और ईटन की आग में लोगों द्वारा आदेशों का पालन न करने के कारण हुई तबाही देखी है. उन्होंने कहा, यदि आपको निकासी का आदेश दिया गया है, तो कृपया बाहर निकल जाएं. पुलिस को पड़ोस में घूमते हुए देखा गया जो आग फैलने के कारण लोगों को वहां से निकल जाने के लिए कह रही थी. फुटेज में हेलीकॉप्टरों और विमानों को आग पर पानी और आग बुझाने वाले पदार्थ गिराते हुए दिखाया गया. बेड़े में दो सुपर स्कूपर्स शामिल है जो सैकड़ों गैलन (लीटर) पानी ले जा सकते हैं. लॉस एंजिल्स काउंटी अग्निशमन विभाग और एंजिल्स नेशनल फॉरेस्ट के अग्निशमन दल भी आग से लड़ने के लिए जमीन पर काम कर रहे थे. आग का सटीक कारण स्पष्ट नहीं है, लेकिन यह लाल झंडा स्थितियों के दौरान शुरू हुआ जब तेज हवा और कम आर्द्रता के कारण आग तेजी से फैलती है.

**पहले लगी आग में हुई 28 लोगों की मौत:** इससे पहले लॉस एंजिल्स में लगी आग में 28 लोगों की मौत हो गई थी. ये आग पैलिसेड्स और ईटन में लगी थी. काफी संख्या में लोगों का घर खाली कराना पड़ा और हजारों इमारतें नष्ट हो गई. इस आग में भारी तबाही मची. इसके चलते कई निवासियों को नए घर ढूंढने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है. दो सप्ताह से अधिक समय तक चले व्यापक अग्निशामक प्रयासों के बाद अब काफी हद तक आग पर काबू पा लिया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा। ) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129